सूर्योदय 5:21 सूर्यास्त 7:16

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.6 न्यू | 24.2 अधि |
| धर्मशाला | 26 न्यू | 28 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,551.63 |
| निफ्टी | 24,826.20 |
| सोना | 98,500 |
| चांदी | 99,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



नर्सों की भर्ती में कोरोना वारियर्स को प्राथमिकता देगी सरकार: सीएम

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 28 मई 2025 | 15 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 149, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### अमृतसर : विस्फोट में संदिग्ध आतंकवादी की मौत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब के अमृतसर में मजीठा रोड बाईपास पर मंगलवार को खाली पड़े एक इलाके से विस्फोटक सामग्री निकालते समय हुए विस्फोट में एक संदिग्ध खालिस्तानी आतंकवादी की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुआ यह विस्फोट इतना जोरदार था कि व्यक्ति के दोनों हाथ उड़ गए। बॉर्डर रेंज के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सतिंदर सिंह ने कहा कि उस व्यक्ति का बब्बर खालसा अंतरराष्ट्रीय (बीकेआई) जैसे किसी आतंकवादी संगठन से संबंध होने का संदेह है। (अनत ज्ञान)

### पंचकूला में एक ही परिवार के 7 लोगों ने दी जान



**एजेंसी, पंचकूला।** हरियाणा के पंचकूला के सेक्टर-27 में सोमवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। कर्ज के बोझ तले दबे एक ही परिवार के सात लोगों ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मरने वालों में दो दंपती, तीन मासूम बच्चे और एक बुजुर्ग सदस्य शामिल हैं। कार से पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट में कारोबारी ने कर्ज से परेशान होकर खुदकुशी की बात लिखी है। सूत्रों के मुताबिक सुसाइड नोट में यह भी लिखा है कि मैं नहीं चाहता कि मेरे बाद मेरे बच्चों को परेशान किया जाए। (अनत ज्ञान)

### योगी सरकार शादी में दुल्हन को गिफ्ट में देगी सिंदूरदानी

**एजेंसी, उत्तर प्रदेश।** उत्तर प्रदेश सरकार ने महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में एक अनोखी पहल की शुरुआत की है। अब से राज्य सरकार शादी पर दुल्हन को 'सिंदूरदानी' गिफ्ट में देगी और यह योजना 'ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत लागू की जा रही है। सिंदूरदानी केवल एक शृंगार सामग्री नहीं है, यह नारी गरिमा, वैवाहिक जीवन और भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। (अनत ज्ञान)

### जून से सितंबर तक 106 प्रतिशत बारिश संभव

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश में इस बार मानसून सीजन (जून से सितंबर) में सामान्य से ज्यादा बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा यह 106 प्रतिशत रह सकती है। पिछले महीने इसे 105 प्रतिशत बताया गया था। वहीं, जून महीने में भी बारिश सामान्य से ज्यादा होगी। मौसम विभाग ने मंगलवार को बताया कि देश में जून के महीने में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है, जो 108 प्रतिशत हो सकती है। यानी इस दौरान 87 सेमी से ज्यादा बारिश का अनुमान है। इसे लॉन्ग पीरियड एवरेज कहा जाता है। (अनत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- पुलिस की अनुशासनहीनता का खेल, चिंता का विषय — पेज 2
- शिक्षा बोर्ड में हंगामा करने पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज — पेज 4
- बिलासपुर जिले के 18 सरकारी स्कूलों में डिजिटल लाइब्रेरी शुरू — पेज 6
- जान जोखिम में डाल एनएच को पार कर अस्पताल जाना मजबूरी — पेज 9
- नशीले कैप्सूल रखने के मामले में दो लोगों को 10 और 5 साल की कैद — पेज 12


# विमल नेगी केस दिल्ली ट्रांसफर सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

## हिमाचल हाईकोर्ट ने दिए थे आदेश, डीएसपी की अगुवाई में बनाई 3 सदस्यीय टीम

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत का मामला अब दिल्ली में सीबीआई के पास पहुंच गया है, एक ऐसी कहानी जो 'न्याय की धीमी प्रक्रिया' और 'पुलिस जांच पर अविश्वास' को दर्शाती है। 10 मार्च को लापता होने के बाद 18 मार्च को शव मिलने और फिर परिजनों के आंदोलन के बाद 19 मार्च को एफआईआर दर्ज होने तक, यह मामला लगातार सवालों के घेरे में रहा।

अब सीबीआई ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएनएस) की धारा 108 और 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज की है, जो आत्महत्या के लिए उकसाने और सामूहिक इरादे से अपराध को दर्शाती है। अहम तथ्य यह है कि सीबीआई ने यह एफआईआर दिल्ली में दर्ज की है।



गौरतलब पहलू यह है कि परिजनों का स्थानीय पुलिस जांच पर भरोसा न होना और किरण नेगी का हिमाचल हाईकोर्ट में याचिका दायर करना, यह साफ दिखाता है कि ये लोग अब सरकारी जांच एजेंसियों की पारदर्शिता पर सवाल उठा रहे हैं। हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई की 3 सदस्यीय टीम, जिसमें हिमाचल कैडर के अधिकारी शामिल नहीं होंगे, इस मामले की जांच करेगी। यह कदम दर्शाता है, कि कैसे निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए बाहरी एजेंसियों की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

### सरकारी एजेंसी से अब अधिक पारदर्शिता की उम्मीद

**यह** मामला अब केवल एक व्यक्तिगत घटना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह इस बात का भी संकेत है कि आम नागरिक किस तरह से सरकारी एजेंसियों से अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही की उम्मीद कर रहे हैं।

### कथित उत्पीड़न की जांच का सच आएगा सामने

**सीबीआई** जांच से न केवल विमल नेगी की मौत का सच सामने आने की उम्मीद है, बल्कि यह भी पता चलेगा कि क्या सरकारी महकमों में उच्च पदस्थ अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कथित उत्पीड़न की जांच में शुरुआती स्तर पर कहीं कोई चूक हुई थी।

### बाहरी जांच पर कई सवाल

**यह** मामला इस बात पर भी बहस छेड़ सकता है कि क्या भविष्य में ऐसे संवेदनशील मामलों की जांच में बाहरी निगरानी एक अनिवार्य आवश्यकता बन जानी चाहिए। ताकि जनता का विश्वास बना रहे।

### विमल नेगी मामले में तकरार पर गिरी गाज!

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने डीजीपी और एसएसपी को किया निलंबित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग में शीर्ष स्तर पर चल रहा विवाद अब गहरा गया है। शिमला के एसएसपी संजीव गांधी और डीजीपी अतुल वर्मा के बीच विमल नेगी मौत मामले को लेकर चल रही तकरार सार्वजनिक होने और एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाने के बाद सरकार ने दोनों अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आदेश पर इन दोनों को उनके शीर्ष पदों से तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही दोनों के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच बिठा दी गई है। यह घटनाक्रम राज्य और देश के पुलिस महकमे में चर्चा का विषय बन गया है।

इस पूरे विवाद की जड़ हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के महाप्रबंधक और मुख्य अभियंता विमल नेगी की मौत का मामला है। नेगी 10 मार्च को लापता हो गए थे और 18 मार्च को उनका शव मिला था। उनकी पत्नी किरण नेगी ने आरोप लगाया था कि उनके वरिष्ठ अधिकारी उन्हें पिछले छह महीने से परेशान कर रहे थे। इस मामले ने हिमाचल की राजनीति में भी भूचाल ला दिया था।

**एसएसपी गांधी के आरोप:** एसएसपी संजीव गांधी ने इस मामले की जांच की थी और उनका दावा है कि उन्होंने पूरी निष्पक्षता से जांच की। हालांकि, उन्होंने डीजीपी अतुल वर्मा पर आरोप लगाया कि उन्होंने हाईकोर्ट में एक गैर-जिम्मेदाराना और कोर्ट को गुमराह करने वाला हलफनामा दायर किया। गांधी ने यह भी दावा किया था कि डीजीपी और उनके कर्मचारी एक पत्र को लीक करने में शामिल थे और उन्होंने अपने चहेतों को बचाने व जांच को दूसरी दिशा में मोड़ने के लिए यह हलफनामा दायर किया।

**डीजीपी वर्मा की सिफारिश और पलटवार:** दूसरी ओर, डीजीपी अतुल वर्मा ने एसपी संजीव गांधी के खिलाफ निराधार और अनुचित आरोप लगाने के कारण उनके निलंबन की सिफारिश की थी। डीजीपी ने गृह विभाग को लिखे पत्र में कहा कि एसपी का आचरण सेवा नियमों के खिलाफ है और कोई भी अधिकारी सार्वजनिक मंच से सरकार की आलोचना नहीं कर सकता।

# छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज का प्राचार्य निलंबित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिले में स्थित हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला के निदेशक कम प्राचार्य डॉ. हिमांशु मौंगा को छात्रा से छेड़छाड़ के आरोपों के चलते निलंबित कर दिया गया है। तकनीकी शिक्षा विभाग ने उन्हें तत्काल प्रभाव से सुंदरनगर स्थित तकनीकी शिक्षा निदेशालय में अटैच कर दिया है और इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं।

बता दें कि 21 मई को कॉलेज परिसर में छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया, जिसके बाद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और डॉ. मौंगा को हिरासत में लिया। प्रारंभिक पूछताछ के बाद उन्हें नोटिस देकर रिहा कर दिया गया। इस दौरान पीड़िता के अलावा कई अन्य छात्राओं ने भी प्राचार्य पर अशोभनीय व्यवहार के आरोप लगाए, जिससे मामला और गंभीर हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तकनीकी शिक्षा विभाग ने एक जांच कमेटी गठित की, जिसमें महिला सदस्यों को भी शामिल किया गया। कमेटी ने कॉलेज स्टाफ और विद्यार्थियों के बयान दर्ज किए और अंततः अपनी रिपोर्ट विभागीय निदेशक को सौंपी।

**प्राचार्य को सुंदरनगर निदेशालय में किया अटैच**

यह रिपोर्ट आगे शिक्षा विभाग के सचिव को भेजी गई, जिसके आधार पर प्राचार्य डॉ. मौंगा के निलंबन के आदेश जारी किए गए। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि छात्राओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। ऐसे मामलों में सरकार कोई समझौता नहीं करेगी। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि मामले की विभागीय जांच अभी जारी है और दोष सिद्ध होने पर आगे की कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# सुधीर शर्मा ने एसएसपी शिमला के खिलाफ स्पीकर को लिखा पत्र

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के राजधानी शिमला के एसएसपी संजीव गांधी द्वारा की गई प्रेस वार्ता को लेकर धर्मशाला से बीजेपी विधायक सुधीर शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को पत्र लिखा है। इस पत्र में शिमला के सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस संजीव कुमार गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस लाने की मांग की गई है।



सुधीर शर्मा ने अपने पत्र में लिखा कि यह उनके विधायी कार्यों के निर्वहन में अनुचित हस्तक्षेप है। यह विधानसभा के अधिकार और पवित्रता को कमजोर करता है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी द्वारा की गई ऐसी टिप्पणी न केवल उनके पद के लिए अशोभनीय है, बल्कि विशेषाधिकार का सीधा उल्लंघन और विधायिका की अवमानना भी है। विशेषाधिकार हनन का यह नोटिस शनिवार को संजीव कुमार गांधी की ओर से की गई प्रेस वार्ता के दौरान सुधीर शर्मा का नाम लिए जाने को लेकर है। गांधी ने अपनी प्रेसवार्ता के दौरान कहा था कि सुधीर शर्मा राज्यसभा चुनाव के दौरान हुए प्रकरण के मास्टरमाइंड हैं। इसके खिलाफ अब सुधीर शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा है और विशेषाधिकार हनन का नोटिस जारी करने का आग्रह किया है। (अनत ज्ञान)

# हाईकोर्ट ने बैरा स्यूल प्रोजेक्ट को अपने नियंत्रण में लेने की अवधि बढ़ाई

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा 180 मेगावाट बैरा स्यूल हाइड्रो पावर परियोजना को अपने नियंत्रण में लेने के कदम पर लगाई रोक 4 सप्ताह के लिए बढ़ा दी है। न्यायाधीश अजय मोहन गोयल ने एनएचपीसी की याचिका की सुनवाई के पश्चात यह आदेश जारी किए। इस मामले में हाईकोर्ट ने 22 अप्रैल को एनएचपीसी को अंतरिम राहत प्रदान करते हुए राज्य सरकार के मंत्रिमंडल के फैसले पर अमल करने पर रोक लगाई थी।

राज्य और केंद्र सरकार को जवाब देने के लिए 4 सप्ताह का समय भी दिया गया था। दोनों सरकारें अपना जवाब दायर नहीं कर सकी, इसलिए कोर्ट ने अंतरिम राहत का समय बढ़ाने के आदेश जारी किए। इस परियोजना का संचालन वर्तमान में राष्ट्रीय जलविद्युत निगम (एनएचपीसी) द्वारा किया जा रहा है।

# हिमाचल बोर्ड परीक्षा में गड़बड़ी पर शिक्षा मंत्री ने दिए जांच के आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में हुई बड़ी चूक पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कड़ा रुख अपनाया है। अंग्रेजी विषय की उत्तर कुंजी में हुई गलती के कारण हजारों छात्रों को भुगतना पड़ा था।



**दोषियों पर गिरेगी गाज, 4,722 छात्रों को मिलेगी राहत**

अब मंत्री ने इस पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं और साफ कहा है कि दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होगी। यह फैसला उन 4,722 छात्रों के लिए राहत लेकर आया है, जो बोर्ड की गलती से फेल हो गए थे और अब संशोधित परिणाम के बाद उनके चेहरे पर मुस्कान लौट आई है। हालांकि, इस संशोधन से कई मेधावी छात्रों की मेरिट रैंकिंग पर भी असर पड़ा है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में डिजिटलाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। किन्नौर, शिमला, सिरमौर जिलों में टीजीटी मेडिकल, नॉन-मेडिकल के पद सालों से रिक्त पड़े थे। उन्हें बैजवाइज आधार पर भरा है। 3100 पद सीधी भर्ती के चयन आयोग के पास अभी लंबित हैं।

मंत्री ने कहा कि विभाग के युक्तिकरण की प्रक्रिया भी शुरू की गई थी, लेकिन इसमें कई त्रुटियां भी रहीं। इसलिए जून में प्रस्तावित बैठक में युक्तिकरण नीति पर नए सिरे से फैसला लिया जाएगा, ताकि शिक्षकों को भी राहत मिले।

# श्याम भगत और तिवारी डीजीपी की रेस में

**अनत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल के होम डिपार्टमेंट ने नए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के लिए 3 आईपीएस का पैनल तैयार कर दिया है। सूत्रों की मानें तो पैनल में श्याम भगत नेगी, अशोक तिवारी और राकेश अग्रवाल का नाम है। इस पैनल को सरकार की मंजूरी के लिए भेज दिया गया है। अब सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू को नए डीजीपी को लेकर अंतिम फैसला लेना है।

इस बीच 1996 बैच की सतवंत अटवाल को भी डीजीपी का एडिशनल चार्ज सौंपने की चर्चाएं हैं। सतवंत अटवाल पहले भी 15 दिनों तक डीजीपी का एडिशनल चार्ज संभाल चुकी हैं। सूत्रों का कहना है कि यदि पैनल में शामिल तीन नाम पर सहमति नहीं बन पाई तो कुछ समय तक अटवाल को डीजीपी का अतिरिक्त कार्यभार दिया जा सकता है। उन्होंने सेंटर डेपुटेशन पर जाने को भी आवेदन कर दिया था। सूत्रों का यह भी कहना है कि सुक्खू सरकार ने उन्हें कुछ अच्छी जिम्मेदारी की बात कहकर रोक दिया है।

**इन पर सहमति नहीं बनी तो अटवाल को एडिशनल चार्ज**



पैनल में शामिल तीनों आईपीएस में से हिमाचल में अभी 1993 बैच के अशोक तिवारी ही है। साल 1990 बैच के आईपीएस श्याम भगत नेगी और 1994 बैच के राकेश अग्रवाल अभी सेंटर डेपुटेशन पर है। सूत्र बताते हैं कि सेंटर डेपुटेशन पर चल रहे श्याम भगत नेगी और राकेश अग्रवाल ने हिमाचल लौटने की विलिंग (इच्छा) दे दी है। मगर दोनों अधिकारी एक ही सूरत में हिमाचल आएंगे, यदि उन्हें डीजीपी बनाया जाता है।

प्रदेश में कुछ दिन पहले तक अशोक तिवारी का नाम नए डीजीपी के लिए खूब चर्चा में रहा। मगर अब श्याम भगत नेगी का नाम पैनल में आने के बाद उनके डीजीपी बनने की संभावनाएं सबसे ज्यादा हो गई हैं। वह मूल रूप से हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले के रहने वाले हैं। सीनियोरिटी में भी नेगी तीसरे नंबर पर हैं। श्याम भगत नेगी से सीनियर तपन कुमार डेका और एसआर ओझा है। डेका 30 जून (एक्सटेंशन पर है) और एसआर ओझा चार दिन बाद यानी 31 मई को रिटायर हो रहे हैं।

# देश में कोरोना से 11 की मौत, 1047 एक्टिव केस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एक बार फिर से कोरोना ने देश में अपने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं, तो लोगों का डर बढ़ता जा रहा है, क्योंकि देश में अब कोरोना के कुल 1047 एक्टिव केस हो चुके हैं, जिसमें 11 मरीजों की मौत भी हो चुकी है।



सरकार व स्वास्थ्य विभाग कोरोना से निपटने के लिए लोगों को लगातार सावधानियां बरतने की सलाह दे रहे हैं, ताकि स्थिति को गंभीर होने से पहले ही उसे कंट्रोल किया जा सके। राज्यों की बात करें तो कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य केरल है, जिसमें 430 एक्टिव केस हैं, उसके बाद महाराष्ट्र में 208, दिल्ली में 104 और गुजरात में 83 एक्टिव केस हैं। कर्नाटक में कुल 80 कोविड 19 के एक्टिव केस हैं, जिनमें से 73 अकेले बेंगलुरु में ही हैं। वहीं, कोविड से 11 मौत दर्ज की गई हैं और इनमें से 9 मौतें पिछले हफ्ते में ही हुई हैं, जो स्थिति की गंभीर होने का संकेत हो सकता है। वहीं कोविड के कारण हो रही मौतें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में हुई हैं, क्योंकि कोविड की सबसे ज्यादा मौत 5 महाराष्ट्र में ही हुई हैं। (अनत ज्ञान)

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को विदेशों से मिल रहा मजबूत समर्थन : अनुराग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर आतंकवाद पर भारतीय सेना की कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करने के उद्देश्य से भारत की ओर से विदेश यात्रा पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के ग्रुप-7 सांसदों के साथ कतर की राजधानी दोहा में आंतरिक मामलों के राज्य मंत्री महामहिम शेख अब्दुलअजीज बिन फैसल बिन मोहम्मद अल थानी से मुलाकात कर व प्रवासी भारतीयों के सम्मेलन को संबोधित कर पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद पर भारत की कार्रवाई से अवगत कराया।



कतर में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए अनुराग ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत ने सख्त रुख अपनाया है और ऑपरेशन सिंदूर इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को विदेशों में भी मजबूत समर्थन मिल रहा है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न राज्यों, राजनीतिक दलों और भाषाओं के लोग शामिल हैं, लेकिन सभी एकजुट होकर वैश्विक मंच पर यह संदेश दे रहे हैं कि भारत आतंकवाद को कभी सहन नहीं करेगा और हर हमले का करारा जवाब देगा।

# सांबा में पोस्ट का नाम 'सिंदूर' रखने का प्रस्ताव

**एजेंसी, जम्मू**

'ऑपरेशन सिंदूर' पर बीएसएफ के आईजी जम्मू शशांक आनंद ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान बीएसएफ की महिला कर्मियों ने अग्रिम ड्यूटी चौकियों पर लड़ाई लड़ी। हमारी बहादुर महिला कर्मियों, सहायक कमांडेंट नेहा भंडारी ने एक अग्रिम चौकी की कमान संभाली, कांस्टेबल मंजीत कौर, कांस्टेबल मलकीत कौर, कांस्टेबल ज्योति और अन्य ने इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ अग्रिम चौकियों पर लड़ाई लड़ी।

पाकिस्तान की ओर से बीएसएफ चौकियों पर ड्रोन हमले और गोलाबारी में हमने बीएसएफ के सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज, कांस्टेबल दीपक कुमार और भारतीय सेना के नायक सुनील कुमार को खो दिया। हम अपनी दो पोस्ट का नाम अपने खोए हुए कर्मियों के नाम पर और एक पोस्ट का नाम 'सिंदूर' रखने का प्रस्ताव भेज रहे हैं। बीएसएफ के आईजी जम्मू शशांक आनंद ने कहा कि आतंकियों को आगे करके पाकिस्तानी सेना घुसपैठ कराना चाहती थी। 40 से 50 आतंकी घुसपैठ की कोशिश में थे। उन्होंने बताया कि फॉरवर्ड पोस्ट को नुकसान पहुंचाने की साजिश थी। बीएसएफ की फॉरवर्ड पोस्ट पर फायरिंग का माकूल जवाब दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर का प्रहार पाकिस्तान भूल नहीं पाएगा। बीएसएफ के आईजी ने कहा कि बीएसएफ ने ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई का नया वीडियो जारी किया है।

**अफसर बोले-सांबा पोस्ट पर महिला सैनिकों ने पाक हमले का डटकर किया मुकाबला**

आईजी आनंद ने कहा कि हमें आतंकवादियों के अपने लॉन्चपैड्स और शिविरों में लौटने और एलओसी और आईबी पर संभावित घुसपैठ के बारे में कई इनपुट मिल रहे हैं। (अनत ज्ञान)

**योजना**

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद एनएचएआई बना रहा प्रारूप

# हिमाचल में नेशनल हाईवे और फोरलेन किनारे बनेंगे फुटपाथ




**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश में निर्माणाधीन फोरलेन में पैदल यात्रियों की सुगमता के लिए अब प्रमुख शहरों, उपनगरों और कस्बों में फुटपाथ निर्माण अनिवार्य हो गया है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने इसका प्रारूप बनाना शुरू कर दिया है। इसके तहत कालका-शिमला हाईवे के परवाणू-कैथलीघाट फोरलेन, पिंजौर-बद्दी-नालागढ़, शिमला-मटौर, चंडीगढ़-मनाली और पांवटा साहिब-शिलाई- गुम्मा जैसे अन्य नेशनल हाईवे में फोरलेन निर्माण के साथ पैदल यात्रियों की सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। इन उपायों के साथ सड़क सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार करना और पैदल यात्री बुनियादी ढांचे की कमी के कारण होने वाली जान-माल की हानि को रोकना है।

**पैदल चलने वालों को फुटपाथ का उपयोग करने का अधिकार**

### सुप्रीम कोर्ट ने जारी किए हैं निर्देश

**हाल** ही में सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे पैदल चलने वालों के लिए उचित फुटपाथ सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश तैयार करें और इसे उनका संवैधानिक अधिकार बताया। शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड के गठन के लिए केंद्र को छह महीने का समय दिया और स्पष्ट किया कि अब और समय नहीं दिया जाएगा। शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड के गठन के लिए केंद्र को छह महीने का समय दिया और स्पष्ट किया कि अब और समय नहीं दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की है कि फुटपाथों के अभाव में पैदल चलने वालों को सड़कों पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे वे जोखिम और दुर्घटनाओं के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं। नागरिकों के लिए उचित फुटपाथ होना आवश्यक है। वे ऐसे होने चाहिए कि वे विकलांग व्यक्तियों के लिए सुलभ हो और अतिक्रमण हटाना अनिवार्य है। इस अदालत ने माना है कि पैदल चलने वालों को फुटपाथ का उपयोग करने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत है।

### बद्दी-नालागढ़ में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं

**सुप्रीम** कोर्ट के निर्णय के बाद पैदल यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए एनएचएआई जल्द ही राष्ट्रीय राजमार्गों के आबादी वाले हिस्सों के किनारे पैदल पथ बनाएगा। इस कड़ी में पिंजौर-बद्दी-नालागढ़ फोरलेन के किनारे पैदल यात्री पथ सड़क सुरक्षा के लिए फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा। हाल के वर्षों में बद्दी, नालागढ़ में सड़क में पैदल चलते लोगों की मौते हो चुकी है। एनएच -5 का परवाणू-कैथलीघाट खंड में भी फुटपाथ बनाने योजना बनाई रही है। यह 61 किलोमीटर लंबा मार्ग जाबली से होते कैथलीघाट जैसे प्रमुख बस्तियों से होकर गुजरता है।

### क्या कहते हैं एनएचएआई परियोजना निदेशक

**एनएचएआई** शिमला के परियोजना निदेशक आनंद दहिया ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप पैदल चलने वालों के लिए पथ बनाने के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान करने के लिए सर्वेक्षण किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पैदल चलने वालों की सुरक्षा एक प्राथमिकता है और इन पदों के लिए जगह की पहचान उन पहाड़ी क्षेत्रों में भी की जाएगी, जहां जमीन की उपलब्धता एक चुनौती है।

# न्यूज ब्रीफ

## तीन छात्र योगा ओलंपियाड के लिए चयनित



आरके चौधरी, अनंत ज्ञान, रंगस। राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोलसप्पड़ के तीन स्टूडेंट्स का चयन राज्य स्तरीय योगा ओलंपियाड के लिए हुआ है। प्रिंसिपल रतन जरियाल ने बताया कि स्कूल के तीन स्टूडेंट्स आशिक,आदर्श व वंशिका का चयन 29 मई को राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल (बाल) नादौन में होने वाले राज्य स्तरीय योगा ओलंपियाड के लिए हुआ है। जरियाल ने बताया कि डिडवीं टिक्कर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुई अंडर-17 जिला स्तरीय योगा ओलंपियाड में आशिका राणा और राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल घलूं में हुई जिला स्तरीय योगा ओलंपियाड अंडर-14 में आदर्श व वंशिका का चयन हुआ है। जरियाल ने इस उपलब्धि के लिए योगा टीचर अजय शर्मा, डीपी ललिता ठाकुर और स्टूडेंट्स को बधाई दी है। मंगलवार को प्रार्थना सभा में इन स्टूडेंट्स को सम्मानित भी किया गया।

## सभा हर पंचायत में लगाएगी योग शिविर : नवीन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। सर्वजन कल्याण सभा के अध्यक्ष नवीन शर्मा ने कहा कि योग करने से हमारा शरीर रोग मुक्त रहता है। उन्होंने कहा कि समाज को रोग मुक्त करने के लिए सर्वजन कल्याण सभा हमीरपुर की हर पंचायत में योग शिविरों का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि सभा द्वारा हमीरपुर की दो पंचायतों जंगल रोपा और डिडवीं टिक्कर और वार्ड नंबर 10 में योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है और इन शिविरों में लोग बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। नवीन शर्मा ने कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योगा को विश्व स्तरीय पहचान दिलाई है।

## भरेड़ी स्कूल में हुआ एनएसएस कैंप का आगाज

अनंत ज्ञान, भोरंज। भोरंज के तहत साईं विजन पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी में एनएसएस इकाई का सात दिवसिय कैंप 27 मई से 2 जून का धूमधाम से शुरू किया गया। इस मौके पर कैप्टन राजेंद्र सिंह चैयरमैन बीडीसी भोरंज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया। उनके साथ जगदेव सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे। एनएसएस इकाई की प्रोगाम ऑफिसर मीरा देवी ने बताया कि इस कैंप में 33 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। बच्चों के रहने, सोने की व्यवस्था स्कूल द्वारा की गई है। इन सात दिनों में स्वयंसेवक स्कूल के खेल मैदान में तैयार करेंगे। प्रधानाचार्य पूजा शर्मा, चेयरमैन वीरेंद्र चौधरी ने भी बच्चों को एनएसएस के बारे में बताया। स्वयंसेवियों ने कैंप को सफल करने की बात कही।

## डीएवी के शौर्य ने चैस चैंपियनशिप में जीता गोल्ड



अनंत ज्ञान, नादौन। डीएवी स्कूल भड़ोली के शौर्य ने दूसरी न्यू दिल्ली इंटरनेशनल फिडे रेटेड रैपिड और ब्लिट्ज चैस चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने बताया कि सारा फाउंडेशन द्वारा यह दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन खयाराज स्टेडियम में किया गया। इसमें 600 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। हमारे विद्यालय के छात्रा शौर्य बहल की रैपिड रेटिंग -1489 और ब्लिट्ज रेटिंग -1514 रही। अपना बेहतरीन प्रदर्शन देकर गोल्ड मेडल हासिल कर विद्यालय के नाम को गौरवान्वित किया। विद्यालय आने पर बच्चों और अध्यापकों ने उसका स्वागत किया।

## नादौन स्कूल में किताबों की लगाई प्रदर्शनी

अनंत ज्ञान, नादौन। नादौन पीएम श्री बाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रिंसिपल दिल्ली मोहम्मद की उपस्थिति में किताबों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस मौके पर लाइब्रेरियन अध्यक्ष रितु भी मौजूद रही। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को भारत के इतिहास और सामान्य ज्ञान जैसी बातों की जानकारी उपलब्ध करवाना था ताकि बच्चों को भारत के इतिहास के बारे में पता चल सके। प्रदर्शनी में सामान्य ज्ञान सहित ऐतिहासिक किताबें के बारे में बच्चों को बताया गया और बच्चों ने भी ये किताबें बड़ी ध्यानपूर्वक पड़ीं। प्रिंसिपल दिल्ली मोहम्मद ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से उन्हें आदेश प्राप्त हुए हैं कि स्कूली छात्रों को हर महीने पुस्तकालय भवन में उपरोक्त किताबों के बारे में ज्ञान दिया जाए ताकि उन्हें भारत के इतिहास सहित हिमाचल और अन्य महान हस्तियों के बारे में पता चल सके जिन्होंने भारत को आजाद करवाने के लिए अपनी कुर्बानी दी है। इस अवसर पर काफी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

## बुजुर्ग महिला ने एसपी से उसे बचाने की लगाई गुहार

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। चमनेड़ पंचायत के बलयूट गांव की निवासी 80 वर्षीय विधवा महिला ज्ञानी देवी पत्नी स्व. ज्ञान चंद ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक हमीरपुर से मिली और बताया कि उसका बेटा उसे प्रताड़ित कर रहा है। इसके पति ने अपने लिए दो कमरों का मकान बनाया था। वर्तमान में उस मकान का इसके पास एक ही कमरा है, जबकि दूसरे कमरे पर इसके पुत्र दीन बंधु व उसकी घरवाली लता देवी का कब्जा है। इसका पुत्र दीन बंधु व बहू लता देवी इसके कब्जा वाले कमरे को भी हथियाने व इसे घर से बाहर निकालने के लिऐ प्रतिदिन गाली-गलौज व मानसिक तौर पर प्रताड़ित करते है। इस उम्र में यह न तो कहीं जा सकती है और न ही कोई दूसरा मकान बना सकती है। इसे सरकार की ओर से पेंशन मिलती है जिसकी जमा राशि में से इसके पुत्र दीन बंधु ने एक लाख पचास हजार रुपए भी हड़प लिए हैं, इसके बावजूद भी इसका बेटा दीन बंधु व उसकी पत्नी लता देवी इसे लगातार गाली गलौज व प्रताड़ित करते रहते हैं। इनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि इसे उनकी गाली-गलौज व मानसिक प्रताड़ना से मुक्ति मिल सके। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि शिकायतपत्र को छानबीन व आगामी कार्रवाई हेतु प्रभारी थाना सदर हमीरपुर को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध जांच करके नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# चौथी मंजिल से व्यक्ति ने लगाई छलांग

### मेडिकल कॉलेज में पत्नी के साथ बेटी का करवाने आया था इलाज, बाल-बाल बचा

अनिल कुमार, अनंत ज्ञान



मेडिकल कॉलेज की चौथी मंजिल जिससे व्यक्ति ने छलांग लगा दी।

हमीरपुर। डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में मंगलवार को दोपहर के समय चौथी मंजिल से 33 वर्षीय व्यक्ति ने छलांग लगी दी, लेकिन इस घटना में उसकी दोनों टांगों में फ्रैक्चर आया है। इसके अलावा भी कुछ मामूली चोटें लगी हैं। हैरानी की बात है कि 35 फुट की ऊंचाई से छलांग लगाने के बाद भी व्यक्ति ने कोई शोर नहीं मचाया। गनीमत यह रही कि जिस तरफ उसने छलांग लगाई, उस तरफ ऑक्सीजन प्लांट भी है।

यदि चौथी मंजिल से दूसरी तरफ छलांग लगाई होती तो उसका बचना मुश्किल था। बताया जा रहा है कि चढ़ियार गांव का राजकुमार अपनी पत्नी के साथ मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में अपनी 2 वर्षीय बेटी का इलाज करवाने के लिए आया था। उसकी बेटी को निमूनिया हो गया था, जिसके चलते उसे पीडियाट्रिक वार्ड में दाखिल कर लिया था। मंगलवार को पहले उस व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साथ झगड़ा भी किया और दोपहर के समय चौथी मंजिल से छलांग लगा दी। जिस समय उसने छलांग लगाई, उसी समय वार्ड में दाखिल एक अन्य बच्चे का पिता भी गैलरी में अपने बच्चे को चुप करवा रहा था। उसके सामने ही राजकुमार ने छलांग लगा दी।

इसके बाद उक्त व्यक्ति द्वारा शोर मचाने के बाद अस्पताल में तैनात सुरक्षा कर्मियों ने राजकुमार को उठाया और उसे उपचार के लिए ले गए। राजकुमार की पत्नी से जब इस बारे में पूछताछ की तो उसने बताया कि वे मानसिक रोगी है और पिछले तीन दिन से उसने दवाई नहीं ली थी। उसने बताया कि दोपहर के समय वह मेरे पास आया और कहने लगा कि मैं थोड़ी देर घूमकर आता हूं। उसके बाद वह वार्ड के साथ बनी बालकोनी में आ गया और देखते ही देखते उसने रेलिंग को क्रॉस करते हुए छलांग लगा दी।

इस घटना के बाद मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने भी उस व्यक्ति का हाल देखा और घटना स्थल का भी दौरा किया। इस घटना की सूचना मिलते ही मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य रमेश भारती ने भी उसका हाल जाना और बालकोनी में लोक निर्माण विभाग से यहां पर रेलिंग से पूरी तरह से बंद करने के लिए कहा। इस घटना की सूचना पुलिस थाना हमीरपुर को भी दी गई। पुलिस ने भी अस्पताल जाकर उसकी पत्नी के बयान कलमबद्ध किए हैं। इस बारे में थाना प्रभारी यादेश कुमार ने बताया कि जांच अधिकारी ने उसकी पत्नी के बयान लिए हैं व आगे की छानबीन की जा रही है।

## दुकान के मालिक ने गाली-गलौज करने का लगाया आरोप

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। सदर थाना हमीरपुर के तहत सूरज स्वीट्स के मालिक तरुण कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई है कि सोमवार रात को 9.30 बजे बस स्टैंड में लवली स्वीट के पास हमारी वैन के आगे बलेनो कार जा रही थी। बलेनो कार के चालक ने ब्रेक लगा दी और वैन के चालक ने भी ब्रेक लगा दी। कार चालक ने बिना देखे ही गाड़ी को बैक किया और वैन को टक्कर मार दी। उसने बताया कि मैंने गाड़ी के चालक को पीछे देखकर गाड़ी बैक करने को कहा तो वह गाड़ी से उतरकर गालियां देने लगा। थाना प्रभारी यादेश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना 2.0 के तहत नए नादौन में सर्वेक्षण शुरू

शशि सोनल, अनंत ज्ञान



घर-घर जाकर वेरिफिकेशन करते अधिकारी।

नादौन। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत नगर परिषद के अधीन आए नए क्षेत्र में मंगलवार को नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रमन शर्मा की अगुवाई में 2 तकनीकी शहरी विशेषज्ञों अभिषेक कुमार व अभिषेक शर्मा ने पात्र लोगों का मौके पर जाकर सत्यापन किया और जरूरतमंद लोगों को योजना का लाभ लेने के लिए जागरूक किया। इसके साथ नए सम्मिलित क्षेत्र के परिवारों को गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग देने के लिए भी जागरूक किया।

इस योजना के तहत ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लोगों को पक्का मकान बनाने के लिए शहरी विकास विभाग द्वारा 2.50 लाख रुपए दिए जाते है, जिसमे लाभार्थी 30 वर्गमीटर तक पक्का मकान बना सकता है। नगर परिषद नादौन एवं नए सम्मिलित क्षेत्र बेला, बरमोती कलां, बरमोती खुर्द, गगाल, कोहला खास, टिल्लू प्रथम, टिल्लू खास, बनतेरा, डीपीएफ टिल्लू गांवों के लोग इस योजना का लाभ ले सकते है, जिनका अपना कच्चा मकान हो, अपनी भूमि हो, परिवार की वार्षिक आय 3 लाख से कम हो और देश भर में कहीं भी अपना पक्का मकान न हो।

पात्र लोगों को 2.5 लाख की आर्थिक सहायता 4 किस्तों में दी जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी अपना और परिवार का आधार विवरण, भूमि का पर्चा-ततीमा, आय प्रमाण पत्र, बैंक की पासबुक लेकर लोकमित्र केंद्र या स्वयं भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए नगर परिषद कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## दुकान का लाइसेंस 10 जून से पहले बनाना जरूरी

संजीव, अनंत ज्ञान, भोटा। भोटा बाजार में दुकानदारों को दुकान का लाइसेंस बनवाना अनिवार्य है। यह लाइसेंस नगर पंचायत भोटा के द्वारा बनाए जा रहे हैं। हालांकि वर्ष 2025-26 के लिए इन लाइसेंस को ऑनलाइन कर दिया गया है। यह सुविधा सिटी जन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ली जा सकती है। इसकी अंतिम तिथि 10 जून है।

इसको बनाने के लिए दुकानदार को अपना आधार कार्ड तथा मकान मालिक का आधार कार्ड और फोन नंबर जो कि आपके आधार कार्ड से लिंक हो, देना अनिवार्य है। यह लाइसेंस किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत भोटा में 10 से 5 बजे तक अथवा किसी भी नजदीकी लोकमित्र केंद्र पर बनाए जा सकते हैं। यह जानकारी नगर पंचायत भोटा के सचिव ने दी।

# भारत बना विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : राकेश ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

भाजपा के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा भारत ने जापान को पछाड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का गौरव प्राप्त किया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था अब 4187.017 अरब डॉलर की हो गई है। वहीं, भारत का पड़ोसी और आतंकवाद का गढ़ माने जाने वाला पाकिस्तान 45वें स्थान पर पहुंच गया है।

भारत से ऊपर केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी, जिसकी अर्थव्यवस्था फिलहाल 4740 अरब डॉलर है। जिला भाजपा अध्यक्ष ठाकुर ने इस उपलब्धि पर कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था ने 2010 में 1 ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा पार किया था, जिसे 2 ट्रिलियन बनने में 7 वर्ष लगे (2017), फिर 3 ट्रिलियन बनने में केवल 3 वर्ष 2020 और अब, महामारी जैसी वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, 2025 में भारत ने 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है।

यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में जन-जन तक कल्याणकारी योजनाएं पहुंचाने के कारण हुआ है।

# 2020 के नियमों अनुसार हो युक्तिकरण : संघ

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

प्रदेश शिक्षा विभाग युक्तिकरण की प्रक्रिया जुलाई माह में शुरू करे। इससे पहले शिक्षा विभाग में जेबीटी से टीजीटी, टीजीटी से प्रवक्ता और हेड मास्टर, हेडमास्टर और प्रवक्ता से प्रधानाचार्य पदों पर 2 साल से वांछित पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जाए।

इसके अलावा 10 जून से पहले बीआरसीसी भर्ती करते हुए उनको स्टेशन दे दिए जाएं ताकि रिक्त पदों पर ट्रांसफर शिक्षकों का समायोजन हो सके। प्रमोशन के बाद ही रिक्त पदों की संख्या अनुसार युक्तिकरण किया जाना चाहिए। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने शिक्षा मंत्री और स्कूल शिक्षा निदेशक से की है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष देशराज कालिया और महासचिव विजय हीर ने कहा कि युक्तिकरण के लिए विभाग वर्ष 2003 के मानक उठा रहा है, जो 22 साल बाद व्यावहारिक नहीं हैं। स्कूलों में वर्ष 2003 में समय हर साल सरकारी और निजी स्कूलों में कुल मिलाकर करीब डेढ़ लाख बच्चे दाखिल होते थे, मगर अब निजी और सरकारी स्कूलों में करीब एक लाख बच्चे की दाखिल होते हैं। जब जन्म दर ही घट चुकी है तो उस समय के मानक कैसे उचित हैं। वर्ष 2003 के बाद हजारों निजी स्कूल खुले हैं और अब विद्यार्थी शिक्षक अनुपात 1:60 रखना मुश्किल है। देश में सबसे कम शिक्षक विद्यार्थी अनुपात पश्चिम बंगाल का है जो कि 1:30 है।

शिक्षा के अधिकार अधिनियम और नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार भी 1:30 अनुपात में शिक्षक विद्यार्थी होने चाहिए। ऐसे में वर्ष 2003 के 1:60 को युक्तिकरण का आधार बनाना व्यावहारिक नहीं है। इसमें संशोधन किया जाए और प्रमोशन के बाद ही युक्तिकरण पर विचार किया जाए। मध्य सत्र में तबादलों पर रोक है तो युक्तिकरण भी तबादले ही करता है और इस प्रक्रिया को अगर अगले सत्र में किया जाए तो यह अधिक लाभकारी होगा।

### क्लास 2 पोस्ट में कैसे इंटरव्यू

टीजीटी कला संघ ने कहा कि प्रदेश कार्मिक विभाग ने क्लास वन और टू पोस्ट्स में साक्षात्कार की अनुमति दी है और बीआरसीसी क्लास थ्री पोस्ट है। इसमें साक्षात्कार की जगह अंक आधारित काउंसिलिंग होनी चाहिए थी।

# विद्यालय सदस्यता अभियान में हजारों छात्र ले रहे सदस्यता

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा हिमाचल में सदस्यता अभियान के पहले चरण को शुरू किया है। इसके अंतर्गत विद्यालयों में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता सदस्यता अभियान चलाएंगे। इसी क्रम में हमीरपुर जिले में यह अभियान जोरो शोरों से चला है। विद्यार्थी परिषद के साथ विद्यार्थी हजारों की संख्या में जुड़ रहे हैं।

सदस्यता अभियान का पांचवां दिन चला है और अभी तक 1790 छात्र-छात्राओं ने विद्यार्थी परिषद की सदस्यता ग्रहण की है। यह अभियान अगले महीने 5 तक चलेगा। सुजानपुर, नादौन, चकमोह, बड़सर , भौरज, हमीरपुर तथा विभिन्न क्षेत्रों में यह अभियान चलाया गया है। इकाई सचिव चकमोह साहिल का कहना है कि राष्ट्र प्रथम की भावना को केंद्र में रखकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा चलाए जा रहे विद्यालय सदस्यता अभियान के अंतर्गत जिले भर में बड़ी संख्या में छात्रों ने सदस्यता ग्रहण की है। यह अभियान न केवल संगठन से जुड़ने का माध्यम है, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का एक सशक्त मंच भी बन रहा है। अभियान के माध्यम से छात्रों को नेतृत्व क्षमता, शैक्षणिक जागरूकता, समाजसेवा, और राष्ट्रभक्ति जैसे मूल्यों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

परिषद का मानना है कि छात्र केवल परीक्षा पास करने वाले नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य निर्माता होते हैं।

# जिला प्रतियोगिता में हिम अकादमी स्कूल के छात्रों ने जीते गोल्ड



तैराकी में पदक जीतने वालों को सम्मानित करते हुए।

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

हमीरपुर स्थित ऑलमाइटी स्कूल में आयोजित ओपन जिला तैराकी प्रतियोगिता में हिम अकादमी पब्लिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए।

अंडर-12 वर्ग में गीतिशा ने 50 मीटर फ्रीस्टाइल और 50 मीटर बैकस्ट्रोक में दो स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। वहीं अमायरा ने 50 मीटर फ्री स्टाइल में कांस्य पदक जीता। अंडर-17 वर्ग में आनंदी ने 50 मीटर फ्रीस्टाइल और 50 मीटर बैकस्ट्रोक में दो स्वर्ण पदक और 50 मीटर फ्रीस्टाइल में एक कांस्य पदक प्राप्त किया।

स्पर्श ने 50 मीटर फ्री स्टाइल में कांस्य पदक जीता। आर्यांश ने भी 50 मीटर फ्री स्टाइल और बैक स्ट्रोक में दो कांस्य पदक प्राप्त किए। प्रार्थना सभा में विद्यालय की प्रधानाचार्य इंजी नैना लखनपाल, अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा ने मेडल हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार को इनकी इस उपलब्धि पर गर्व है और भविष्य में और अधिक सफलताओं की कामना करता है। प्रधानाचार्य ने उपलब्धि के लिए तैराकी की अध्यापिका मोनिका और स्पोर्ट्स विभाग को बधाई दी।

## विद्यार्थियों ने योग में जीता रजत

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल को गर्व का अनुभव हुआ है, जब कक्षा नौवीं की इनाया अत्री और कक्षा दसवीं के आयुष चांगरा ने एनसीईआरटी योग ओलंपियाड (अंडर-17 ब्वॉयज एंड गर्ल्स) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किए हैं। यह प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डिडवीं में आयोजित की गई थी। दोनों छात्रों ने योग में अपना अनुशासन, क्षमता और समर्पण दिखाते हुए राज्य स्तरीय योग ओलंपियाड के लिए चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस सफलता के पीछे उनके योग शिक्षक जिमी ठाकुर का विशेष योगदान रहा। प्रार्थना सभा में इन दोनों बच्चों को विद्यालय की प्रधानाचार्य इंजी नैना लखनपाल और अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य ने इनाया, आयुष और योग शिक्षक जिमी ठाकुर को इस अद्भुत उपलब्धि पर बधाई दी और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सीएम फायर ब्रिगेड चौकी बिझड़ी का करेंगे लोकार्पण

एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान

बड़सर। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हमीरपुर की विधानसभा बड़सर में एक जून को एकदिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री मुख्यतया बिझड़ी में बने अग्निशमन भवन का भी लोकार्पण करेंगे। यह भवन पूर्णता भूकंप रोधी है, जो कि आठ रिएक्टर भूकंपरोधी क्षमता को झेल सकता है। इस फायर ब्रिगेड बिल्डिंग में 100000 लीटर का अपना टैंक स्थापित किया गया है, जिसमें दो मोटरें लगी हैं।

आपातकालीन में यदि एक मोटर खराब हो जाती है तो दूसरी कार्य करना शुरू कर देगी। इसमें एक पेट्रो टुल्लू पंप भी स्थापित किया गया है। यदि आपातकालीन समय में बिजली चली जाती है तो पेट्रो टुल्लू पंप के माध्यम से गाड़ी में पानी भरा जा सकता है। पेट्रोल पंप 10 मिनट में 4.50 हजार लीटर उठता है। इस भवन में तीन बड़ी गेराज बनी हैं, जिसमें हर वक्त दो बड़े बाहन उपलब्ध रहेंगे। चार मंजिला भवन में फर्स्ट फ्लोर ऑफिस सेकंड रेजिडेंस कर्मचारी थर्ड फ्लोर में गेस्ट हाउस इंचार्ज रूम 4जी फ्लोर में 100 परसन कैपेसिटी मीटिंग हॉल और ट्रेनिंग हाल स्थापित किया गया है।



5 करोड़ से हुआ है निर्मित।

### मॉडर्न पार्किंग व्यवस्था

पार्किंग व्यवस्था इस प्रकार से की गई है कि एक साथ छोटे बड़े 90 से लेकर 100 तक गाड़ियां खड़ी की जा सकती हैं। हिमाचल प्रदेश में अभी तक ऐसा एक भी फायर ब्रिगेड भवन नहीं बना है। पांच कनाल में निर्मित फायर चौकी भवन में अति आधुनिक सुविधाओं से लैस है। बिजली आपूर्ति के लिए 63 केवी ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इस भवन को अमलीजामा पहनाने के लिए फायर चौकी प्रभारी रहे रतन चंद शर्मा के भी प्रयास बहुत ही सराहनीय रहे हैं।

# 20 साल से बिस्तर पर पड़े राजेश कुमार को चाहिए दानियों की मदद

अनंत ज्ञान, बड़सर

ननावां पंचायत के घोयटा राजपूतान गांव के निवासी राजेश कुमार पुत्र सुखदेव ने दानी सज्जनों से अपील की है कि कठिन परिस्थितियों में वे उनकी मदद करें।

### दवा खरीदने के लिए भी नहीं हैं पैसे

राजेश कुमार 20 वर्ष पहले जामुन के पेड़ से गिर गए थे, जिससे उनकी रीढ़ की हड्डी में चोट आई थी। उसके बाद उनका काफी इलाज करवाया लेकिन वे ठीक नहीं हुए और 20 वर्षों से बिस्तर पर हैं। इस घटना की वजह से राजेश कुमार 80 प्रतिशत दिव्यांग हो गए हैं। हालांकि सरकार की ओर से राजेश कुमार को सहारा पेंशन भी मिल रही है, लेकिन यह उसकी व माता की दवाइयों में ही खर्च हो रहा है। उनके घर में कमाने वाला कोई नहीं है। उसके पिता की मृत्यु 10 पहले हो चुकी है। माता मनरेगा में दिहाड़ी लगाकर घर का गुजारा चला रही थी लेकिन वह भी हृदय रोग से पीड़ित है। हर महीने 10,000 से 15,000 रुपए की दवाइयों और देखरेख का खर्च उठाना इस पीड़िता के लिए लगभग असंभव हो गया है।

राजेश कुमार का खाता हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक में है व खाता संख्या 88580100002703 है तथा एफएफएससी कोड पीयूएनबीओएच पीजीबीओ 4 है। इसके अलावा गूगल पे नंबर 8894655362 में भी दानी सज्जन सहायता भेज सकते हैं।

# केसी गौतम को सातवीं बार सौंपी जिला इकाई की कमान



हिम आंचल पेंशनर्स संघ हमीरपुर इकाई के जीतने वाले प्रत्याशी व अन्य।

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

हिम आंचल पेंशनर्स संघ हमीरपुर जिला इकाई का सत्र 2025-27 के लिए द्विवार्षिक चुनाव पेंशनर भवन में प्रदेशाध्यक्ष योग राज शर्मा की उपस्थिति एवं पर्यवेक्षक बिलासपुर जिला प्रधान रत्न चंद डोगरा, वरिष्ठ सदस्य वेद प्रकाश पाठक व प्रदेश उपप्रधान सुभाष शर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ।

चुनाव प्रक्रिया से पूर्व जिला प्रधान केसी गौतम की अध्यक्षता में जिला इकाई की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला पदाधिकारियों ने संघ गतिविधियों के साथ-साथ जिला इकाई के वर्ष 2023-25 के आय-व्यय का ब्यौरा हाउस में रखा जिसका हाउस ने सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। तत्पश्चात जिला प्रधान द्वारा अपनी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की और चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हुई। सर्वप्रथम जिला प्रधान पद के लिए जगदीश चंद शर्मा, टौणी देवी प्रधान द्वारा केसी गौतम के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका बिझड़ी प्रधान नरेंद्र सिंह बन्याल ने समर्थन किया गया व समस्त हाऊस ने भी ध्वनि मत से इसका अनुमोदन किया गया। अन्य नाम का प्रस्ताव न आने पर केसी गौतम को सत्र 2025-27 के लिए सातवीं वार निर्विरोध जिला प्रधान चयनित घोषित किया गया।

चुनावी प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए महासचिव पद के लिए शंभू राम जस्वाल पर पुन: भरोसा जताते हुए निर्विरोध जिला महासचिव पद के लिए चयनित किया, जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए बनारसी दास पटियाल को निर्विरोध घोषित किया गया। जिला कार्यकारिणी में अन्य पदाधिकारियों को शामिल करने हेतु हाउस द्वारा जिला प्रधान को सर्वसम्मति से प्राधिकृत किया गया। इसी प्रक्रिया में रंजीत सिंह ठाकुर व रत्न चन्द चांगरा को वरिष्ठ उपप्रधान मनोनीत किया गया।

**प्रेस कॉन्फ्रेंस** नेगी मामले पर विधायक जम्वाल सरकार पर बरसे, बोले-सरकार और उसका सारा कुनबा बौखलाहट में

# पुलिस की अनुशासनहीनता का खेल, चिंता का विषय

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान

हमीरपुर। भाजपा के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने नेगी मामले पर हाईकोर्ट के फैसले के बाद सुक्खू सरकार पर जमकर हमला बोला है। उनका कहना है कि सच्चाई सामने आने के बाद यह सरकार मकम्मल तौर पर बौखलाहट में है। उसकी करनी और कथनी में कितना फर्क है, इसका पता बीते रोज उसकी जांच एजेंसियों से जुड़े हुए तीनों अधिकारियों ने दिखा दिया है।

उन्होंने कहा कि एडवोकेट जनरल सीबीआई जांच को नकारने की बात कर रहे हैं। सिंगल बेंच के हाईकोर्ट के फैसले पर रिट पिटीशन करके चुनौती देने की बात कर रहे हैं।



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते विधायक त्रिलोक जम्वाल, विधायक आशीष शर्मा व अन्य।

प्रदेश सरकार आखिर चाहती क्या है? सीबीआई से जांच करवाने के मामले पर सरकार की जबरदस्त किरकिरी हुई है और अब जब जांच सीबीआई शुरू करेगी, तो इस सरकार की अंदरूनी स्थिति और किन-किन अधिकारियों को बचाने का काम हुआ है, उसका सारा खुलासा होगा। मंगलवार को हमीरपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए विधायक त्रिलोक सुक्खू सरकार पर जमकर बरसे। जम्वाल ने कहा कि हिमाचल हाईकोर्ट ने जांच रिपोर्ट को एग्जामिन करके जिन तीन रिपोर्टर्स पर टिप्पणी की है, वह मामला सरकार के लिए शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि पुलिस की अनुशासनहीनता का खुल्लम-खुल्ला जो खेल हुआ है, वह राज्य सरकार के लिए ही नहीं, आम लोगों के लिए भी चिंता का विषय है।

कोर्ट का फैसला इस सरकार के लिए अब मकम्मल तौर पर परेशानी का सबब बनेगा, क्योंकि अधिकारियों ने जो कुछ किया है, जांच रिपोर्ट में जहां-जहां गड़बड़ झाला किया, जिन तथ्यों को छुपाने के लिए उसने काम किया, उसकी पोल खुल चुकी है। अब इंतजार केवल सीबीआई जांच के शुरू होने का है। जिसमें कोर्ट ने कहा है कि इस सीबीआई जांच में हिमाचल का कोई भी अधिकारी शामिल नहीं किया जाएगा। यह स्थिति राज्य सरकार के लिए निश्चित रूप में उसके गड़बड़ झाले को उजागर करने में मददगार होगी।

उन्होंने कहा कि नेगी परिवार की फरियाद को इस सरकार ने कतई भर भी नहीं सुना। उनकी पीड़ित पत्नी जब हाईकोर्ट में न्याय की गुहार के लिए गईं तब भी सरकार ने उसकी पीड़ा को नजर अंदाज किया। अंतत: अब हाई ोर्ट से उम्मीद यही है किसीबीआई जांच के द्वारा नेगी के परिवार को न्याय मिल सके और इसमें जो भी दोषी हैं। उनकी स्थिति सामने आए, उन्हें दंड मिले।

## राणा ने प्रशासनिक व्यवस्था पर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा दिल्ली से लौटने के बाद की गई प्रेस वार्ता पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सरकार की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए मुख्यमंत्री को कटघरे में खड़ा कर दिया है। राणा ने कहा कि यह प्रेस वार्ता न सिर्फ तथ्यों से परे थी, बल्कि इससे साफ झलकता है कि मुख्यमंत्री जल्दबाजी में बात कर रहे थे और संवैधानिक मर्यादाओं की अनदेखी कर रहे थे।

मुख्यमंत्री बार-बार 'व्यवस्था परिवर्तन' की बात करते हैं, तो क्या यही उनका नया प्रशासनिक मॉडल है, जिसमें अधिकारी नियमों को ताक पर रखकर सार्वजनिक रूप से अपने उच्चाधिकारियों के खिलाफ बोलें।

# नर्सों की भर्ती में कोरोना वारियर्स को प्राथमिकता देगी सरकार : सीएम

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आईजीएमसी शिमला व अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशिलिटी, चमियाणा के फैकल्टी सदस्यों के साथ संवाद करते हुए स्वास्थ्य क्षेत्र में भविष्य की चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों के विभाग प्रमुखों ने अपनी प्रस्तुति दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक वर्ष के भीतर सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में 20 वर्षों से अधिक पुरानी मशीनों और उपकरणों को बदला जाएगा। सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल चमियाणा व टांडा मेडिकल कॉलेज में दो माह के भीतर रोबोटिक सर्जरी की सुविधा को आरंभ कर दिया जाएगा। मेडिकल कॉलेजों में चरणबद्ध तरीके से थ्री टेस्ला एमआरआई मशीनें भी स्थापित की जा रही हैं। सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार को प्राथमिकता दी है और मेडिकल टेक्नोलोजी पर 1350 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।



सीएम सुक्खू स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए।

- मेडिकल टेक्नोलॉजी पर खर्च कर रहे 1350 करोड़
- चमियाणा और टांडा में होगी रोबोटिक सर्जरी की सुविधा

### प्रीमियम स्वास्थ्य संस्थानों में करना होगा सुधार

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि आज प्रदेश के प्रीमियम स्वास्थ्य संस्थान मात्र रेफरल स्वास्थ्य संस्थान बनकर रह गए हैं, इसलिए इनमें व्यापक सुधार की आवश्यकता है। आईजीएमसी शिमला में स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार के लिए राज्य सरकार ने 100 करोड़ रुपए खर्च किए हैं और आने वाले समय में इसे बेहतर बनाने के लिए 200 करोड़ रुपए और प्रदान किए जाएंगे।

### डॉक्टर को व्यवहार में परिवर्तन लाने की जरूरत

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि मरीज हमेशा ठीक होने की उम्मीद लेकर अस्पताल आते हैं, ऐसे में अगर डॉक्टर अच्छे ढंग से उनसे बात करें तो उनकी तकलीफ कम हो जाएगी। डॉक्टरों को अपने व्यवहार में परिवर्तन करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### खाली पदों को भरने के प्रयास तेज

**सुक्खू** ने कहा कि राज्य सरकार आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न खाली पदों को भरने का प्रयास कर रही है। राज्य सरकार डॉक्टरों के पदों को भर रही है और नर्सों की भर्ती में कोरोना महामारी के समय काम करने वाली नर्सों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### टेक्नीशियनों के खाली पद भी भरे जा रहे

**सुक्खू** ने कहा कि पैरा मेडिकल स्टाफ के साथ-साथ टेक्नीशियन की भर्ती भी की जा रही है और उनके खाली पड़े पदों को भी भरा जा रहा है। हम अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार डॉक्टर-मरीज अनुपात तथा नर्स-मरीज अनुपात को सुनिश्चित कर रहे हैं ताकि उन्हें काम के लिए बेहतर वातावरण मिल सके।

# एसपी के बयान से नाराज थे राज्यपाल

अनंत ज्ञान, शिमला

- सीएम ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने आज राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्य में बीते चार-पांच दिन में घटे घटनाक्रम से अवगत कराया और दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी समेत दूसरे कैबिनेट मंत्रियों से मुलाकात के बारे में जानकारी दी।

सीएम सुक्खू ने राज्यपाल को चीफ इंजीनियर विमल नेगी मौत मामले की भी पूरी जानकारी दी है। वहीं सूत्रों का कहना हैं कि सीएम ने डीजीपी और एसपी विवाद को लेकर भी राज्यपाल को जानकारी दी और कहा कि दोनों अधिकारियों को भविष्य में अनुशासन में रहने की नसीहत दी गई हैं।

बता दें कि जिस तरह एसपी शिमला संजीव गांधी ने बीजेपी



विधायक सुधीर शर्मा, चीफ सेक्रेटरी प्रबोध सक्सेना, डीजीपी अतुर्ल, पूर्व डीजीपी संजय कुंडू के खिलाफ बयानबाजी की थी। उन्होंने ब्रम्ह समाज और राम किशन मिशन में प्रॉपर्टी विवाद को लेकर सवाल खड़े किए थे। इस पर भी गवर्नर ने नाराजगी जताई है। इसे लेकर सीएम ने राज्यपाल से बात की है। सीएम बीते कल ही दिल्ली से लौटे हैं।

# हफ्ताभर जारी रहेगा बारिश का दौर, गिरेगा तापमान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



हिमाचल प्रदेश बारिश के साथ एक सुकून भरी राहत की तैयारी कर रहा है। मौसम विभाग ने अगले एक सप्ताह तक राज्य में बारिश का दौर जारी रहने का पूर्वानुमान लगाया है, जिसके साथ ही तापमान में भी उल्लेखनीय गिरावट आने की संभावना है। यह खबर न केवल किसानों के लिए, बल्कि उन सभी के लिए किसी वरदान से कम नहीं।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा, लेकिन उसके बाद अगले 3-4 दिनों में राज्य के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। इसी तरह, न्यूनतम तापमान में भी 2-3 डिग्री सेल्सियस की कमी आने की संभावना है। हालांकि मौसम विभाग ने कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर जैसे छह जिलों के लिए बुधवार को अंधड़-ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

वहीं 28 से 30 मई को कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और फिर 31 मई से 2 जून तक कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की भी उम्मीद है।

## विमल नेगी मामले में सरकार फेलियर साबित : सिकंदर

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगात हुए कहा कि विमल नेगी मामले में सरकार का फेलियर साबित हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा शुरू से ही विमल नेगी की मौत पर सीबीआई मामले की जांच की मांग कर रही थी, लेकिन आखिरकार सरकार द्वारा जांच से असंतुष्ट दिखने के बाद माननीय उच्च न्यायालय ने सीबीआई जांच के आदेश दिए है।



पुलिस विभाग में एक अधिकारी द्वारा अपने उच्चाधिकारी के खिलाफ प्रेसवार्ता करना सरासर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। एसपी गांधी विधायक सुधीर शर्मा पर विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोपों को हताशा में दिया बयान बताया।

### सीपीआई ( एम ) ने उठाए पारदर्शिता पर सवाल

# विमल नेगी मामला: सीबीआई से नहीं, न्यायिक निगरानी से मिलेगा न्याय?

अनंत ज्ञान, शिमला

हिमाचल प्रदेश में विमल नेगी की रहस्यमय मौत ने एक बार फिर न्यायिक प्रक्रिया और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को सवालों के घेरे में ला खड़ा किया है।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मुख्यमंत्री सुक्खू को पत्र लिखकर इस मामले के राजनीतिकरण पर गहरी चिंता व्यक्त की है और सीबीआई जांच के बजाय न्यायिक निगरानी में जांच की मांग की है। पार्टी का मानना है कि विमल नेगी को तभी न्याय मिलेगा, जब एक पारदर्शी और निष्पक्ष जांच हो, जो कानूनी न्यायशास्त्र के सिद्धांतों पर आधारित हो।

विमल नेगी मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए, सीपीआई(एम) ने मांग की है कि परिवार द्वारा शिकायत में नामित व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जाए। पार्टी ने कहा है कि केवल न्यायिक निगरानी ही यह सुनिश्चित कर सकती है।

### सीबीआई की पिछली विफलताओं पर सवाल

**सीपीआई** (एम) ने विमल नेगी के परिवार की सीबीआई जांच की मांग का सम्मान करते हुए भी एजेंसी की निष्पक्षता और प्रभावशीलता पर गंभीर संदेह जताया है। पार्टी ने अतीत में हुए होशियार सिंह और गुड़िया जैसे संवेदनशील मामलों में सीबीआई की विफलताओं का हवाला दिया है, जहां न्याय अभी भी दूर की कौड़ी बना हुआ है। हिमाचल प्रदेश सीपीआई(एम) राज्य कमेटी के सचिव संजय चौहान ने अपने पत्र में लगातार सरकारों पर भ्रष्टाचार को संस्थागत बनाने का आरोप लगाया।

### भ्रष्टाचार का जाल

**पत्र** में हिमाचल प्रदेश विधानसभा के पास कथित भूमि हड़पने के एक और गंभीर आरोप का भी जिक्र है, जिसमें हिमालयन ब्रह्मो समाज से संबंधित 35 बीघा जमीन शामिल है। चौहान ने दावा किया कि पूर्व डीजीपी संजय इस विवाद में शामिल थे।

## करसाल खड्ड में डूबने से 16 वर्षीय किशोर की मौत

**अनंत ज्ञान, लडभड़ोल।** उपमंडल लडभड़ोल की पिहड-बेढलू पंचायत के करसाल गांव में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में 16 वर्षीय किशोर की खड्ड में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान शुभम पुत्र अर्जुन के रूप में हुई है, जो दोस्तों के साथ करसाल खड्ड में नहाने गया हुआ था।

जानकारी के अनुसार, खड्ड का पानी अधिक गहरा होने के कारण शुभम उसका शिकार बन गया और डूब गया। वहीं परिजन मौके पर पहुंचे और 108 एंबुलेंस के माध्यम से शुभम को बैजनाथ अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही शुभम ने दम तोड़ दिया। बैजनाथ अस्पताल के चिकित्सकों ने शुभम को मृत घोषित कर दिया। लडभड़ोल पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। लडभड़ोल पुलिस चौकी प्रभारी रमेश कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि किशोर की डूबने से मौत हुई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**सौगात** | हरोली में अंतरराज्यीय बस अड्डे के लोकार्पण पर बोले डिप्टी सीएम मुकेश

# ट्रैफिक पार्क से सुधरेगा परिवहन ढांचा

अनंत ज्ञान, हरोली

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज हरोली में नवनिर्मित अंतरराज्यीय बस अड्डे का विधिवत लोकार्पण किया। यह अत्याधुनिक दो मंजिला भवन महज 3.40 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया गया है। इस परियोजना की प्रारंभिक अनुमानित लागत लगभग 7 करोड़ रुपए थी, लेकिन कुशल योजना, प्रभावी निगरानी और प्रशासनिक समर्पण के चलते निर्माण कार्य लगभग आधी लागत में पूरा किया गया। इससे सरकार को करीब 3.60 करोड़ रुपए की उल्लेखनीय बचत हुई है।

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) प्रतिदिन लगभग 4 लाख यात्रियों को उनकी मंज़िल तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। एचआरटीसी की 50 वर्षों की यात्रा को प्रदेश की सबसे बेहतरीन सार्वजनिक परिवहन सेवा





बताया। उप मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि इस वर्ष 300 इलेक्ट्रिक बसें निगम के बेड़े में जोड़ी जा रही हैं। 250 डीजल बसें भी खरीदी जा रही हैं। इसके अतिरिक्त 100 टेंपो ट्रैवलर भी शामिल किये जाएंगे और इस प्रकार कुल 650 नई बसें एचआरटीसी के बेड़े में इसी वर्ष शामिल होगी।

परिवहन ढांचे को और अधिक सशक्त बनाने के लिए 13 करोड़ रुपए की लागत से एक ट्रैफिक पार्क का निर्माण कार्य जारी है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार से परिवहन विभाग को पिछले वर्ष 25 करोड़ रुपए एवं इस वर्ष 29 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई है, जो विभाग के आधुनिकीकरण के लिए सराहनीय कार्यों के चलते मिली है।

उन्होंने कहा कि हरोली बस अड्डे से दो नई बस सेवाएं शुरू की जाएंगी। एक बस हरोली से हरिद्वार और दूसरी हरोली से शिमला जो बद्दी और नालागढ़ होते हुए जाएगी। यह निर्णय क्षेत्रीय संपर्क को और अधिक मजबूत करेगा। बल्क ड्रग पार्क की जानकारी देते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 2500 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे इस प्रोजेक्ट में अब तक 1000 करोड़ रुपए के टेंडर हो चुके हैं। इससे लगभग 10 हजार युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है।

### एचआरटीसी की उपलब्धियों को किया रेखांकित

**कार्यक्रम** के अंत में एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा और बीओडी सदस्य व वरिष्ठ कांग्रेस नेता रणजीत राणा ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का आभार व्यक्त किया और एचआरटीसी की उपलब्धियों को रेखांकित किया। इस दौरान एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा, संयुक्त निदेशक उद्योग अंशुल धीमान, चीफ इंजीनियर पीडब्लूडी विजय चौधरी, एसडीएम विशाल शर्मा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणजीत राणा, अशोक ठाकुर, सतीश, विनोद कुमार, प्रमोद कुमार, सुभद्रा चौधरी, ऊना जिला के यूथ कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत राय, हरोली ब्लॉक यूथ कांग्रेस अध्यक्ष शुभम, गोंदपुर बुल्ला के पंचायत प्रधान दलबीर सिंह, बाथू पंचायत की प्रधान सुरेखा राणा, हरोली ग्राम पंचायत के प्रधान रमना कुमारी अन्य अधिकारी, कर्मचारी व स्थानीय जनता उपस्थित रहीं।

सीरीज-5 | ग्राउंड रिपोर्ट

*आज पढ़िए सांस्कृतिक राजधानी और छोटी काशी नाम से ख्याति प्राप्त मंडी से हो रहे सौतेले व्यवहार की ग्राउंड रिपोर्ट। मंडी में कलाकार, गायक, गीतकार, लेखक, रचनाकारों सहित हर क्षेत्र की विधाएं हैं, बावजूद यहां सूचना, ज्ञानवर्धन और मनोरंजन के लिए न तो रेडियो स्टेशन खुला और न ही आकाशवाणी स्टूडियो। जो दूरदर्शन केंद्र यहां चल रहा था वह भी अब बंद हो गया है।*

# मंडी में न रेडियो स्टेशन न आकाशवाणी स्टूडियो



- शिमला धर्मशाला व हमीरपुर में संचालित, छोटी काशी से सौतेला व्यवहार
- संस्कृति के संरक्षण-संवर्धन को झटका, प्रतिभाओं को नहीं मिल रहा मंच

## दूरदर्शन केंद्र पर भी ताला स्टाफ जालंधर शिफ्ट





ग्राउंड रिपोर्ट
अनिल शर्मा
मंडी

**हिमाचल** प्रदेश के मंडी जिले को जहां एक ओर 'सांस्कृतिक राजधानी' कहा जाता है तो वहीं, अत्यधिक प्राचीन मंदिरों की मौजूदगी के कारण 'छोटी काशी' का दर्जा भी प्राप्त है। यहां 80 से अधिक पौराणिक हिंदू मंदिर मौजूद हैं जो धार्मिक दृष्टि से इसे अत्यंत समृद्ध बनाते हैं। इसके बावजूद सूचना और मनोरंजन के क्षेत्र में मंडी अपने आपको आज भी उपेक्षित और पिछड़ा महसूस करता है। यहां न तो रेडियो स्टेशन है और न ही आकाशवाणी स्टूडियो। कभी यहां दूरदर्शन केंद्र कार्यरत था, परंतु विडंबना यह है कि हाल ही में उसे भी बंद कर दिया गया है। कार्यालय पर ताले जड़ दिए गए हैं और स्टाफ को जालंधर शिफ्ट कर दिया गया है। विविध भारती के कार्यक्रम जो मंडी से प्रसारित होते थे, अब वह भी अतीत की बात हो चुके हैं।

ये परिस्थितियां न केवल दुर्भाग्यपूर्ण हैं, बल्कि यह भी संकेत देती हैं कि मंडी को लंबे समय से संचार और मीडिया सुविधाओं के मामले में नजरअंदाज किया जा रहा है। शिमला, धर्मशाला और हमीरपुर जैसे शहरों में जहां रेडियो स्टेशन सुचारु रूप से संचालित हैं, वहीं मंडी जैसे सांस्कृतिक रूप से समृद्ध जिले को अभी तक इसका लाभ नहीं मिल सका है। यह और भी आश्चर्य की बात है कि टारना मंदिर की खूबसूरत पहाड़ी पर, जहां माइक्रोवेव अपलिंकिंग टावर पहले से मौजूद है, वहां लगभग 5000 वर्गमीटर भूमि सूचना एवं संचार विभाग के नाम पर दर्ज है। मौजूदा भवनों में से एक पर ताला जड़ा है और विशाल भू-भाग यूं ही खाली पड़ा है। भवन और भूमि होने के बावजूद यदि आकाशवाणी स्टूडियो या रेडियो स्टेशन स्थापित नहीं किया जा रहा, तो यह शासन की इच्छाशक्ति पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। मंडी की प्रतिभाएं, जिनमें संगीत, नाट्य और लोक संस्कृति से जुड़े अनेक कलाकार शामिल हैं, यदि उन्हें मंच प्रदान किया जाए, तो वे प्रदेश ही नहीं, देशभर में मंडी की संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर सकते हैं। इसलिए यह मांग बड़े जोर-शोर से उठ रही है कि मंडी में शीघ्र ही आकाशवाणी स्टूडियो और रेडियो स्टेशन की स्थापना हो, ताकि यह सांस्कृतिक राजधानी वास्तव में अपने नाम को सार्थक कर सके। आखिर यहां आकाशवाणी स्टूडियो और रेडियो स्टेशन न खोलने के पीछे सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है? इस अहम विषय की पड़ताल करने के लिए अनंत ज्ञान की टीम जब टारना की पहाड़ी पर पहुंची तो वहां कई तथ्य उजागर हुए।




**मामला** ध्यान में आया है। मामले को लेकर सांसद से बातचीत की जाएगी। दूरदर्शन केंद्र बंद करने और आकाशवाणी स्टूडियो व एफएम रेडियो केंद्र खोलने की मांग केंद्र तक पहुंचाई जाएगी। यदि टारना पहाड़ी पर पूरी अधोसंरचना विद्यमान है तो इस विषय को जोर शोर से उठाया जाएगा।

**राकेश जम्वाल, विधायक सुंदरनगर**

### प्रतिभाएं बेशुमार पर मंच की दरकार


**कमल कांत शर्मा**



**संस्कृति** संरक्षक कमल कांत शर्मा कहते हैं कि मंडी जिले की वर्तमान आबादी 12 लाख से ज्यादा और 90 प्रतिशत साक्षरता दर है। पूरे जिले में मंडयाली प्राचीन समय से बोली जाती है और मंडयाली बोली, कला संस्कृति, साहित्य व संगीत प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। ऐसी स्थिति में यहां आकाशवाणी स्टूडियो का खुलना बहुत ही जरूरी है। मंडी नगर जिसे छोटी काशी की पहचान मिली है इसमें संगीत की सभी विधाओं के कलाकार, गायक, गीतकार, लेखक, रचनाकार इत्यादि स्थानीय स्तर पर आसानी से उपलब्ध हैं, लेकिन मंच नहीं है, आकाशवाणी केंद्र यहां की प्रतिभाओं के लिए एक बड़ा मंच साबित हो सकता है।

### साधन उपलब्ध माह में हो सकता है शुरू

**बीरबल शर्मा**



**हिमाचल** आर्ट गैलरी के संस्थापक बीरबल शर्मा ने कहा कि मंडी नगर को राजा अजबरसेन ने सन 1527 ईस्वी में बसाया था, यह नगर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र रहा है, लेकिन मंडी में अभी तक आकाशवाणी स्टूडियो व एफएम केंद्र नहीं खोला गया है। टारना पहाड़ी पर आकाशवाणी स्टूडियो व एफएम रेडियो केंद्र चलाने के लिए अतिरिक्त निर्माण करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी तथा तत्काल आकाशवाणी स्टूडियो व एमएम रेडियो केंद्र प्रारंभ करने के लिए सभी साधन यहां उपलब्ध हैं। भवन के एक कमरे को साउंड प्रूफ बनाकर थोड़े से खर्चे से एक महीने के अंदर स्टूडियो व एफएम रेडियो स्टेशन प्रारंभ किया जा सकता है। यहां कार्यक्रम रिकॉर्ड होने चाहिए, केवल रिले सेंटर से काम चलने वाला नहीं है।

### इच्छाशक्ति हो तो सब कुछ संभव

**उमेश भारद्वाज**



**संगीत** सदन मंडी के संचालक उमेश भारद्वाज कहते हैं कि टारना मंदिर की खूबसूरत पहाड़ी पर जहां माइक्रोवेव अपलिंकिंग टावर लगा है वहां पर आकाशवाणी स्टूडियो व एफएम रेडियो केंद्र खोलने के लिए पूरी अधोसंरचना विद्यमान है। ऐसी स्थिति में इच्छाशक्ति प्रबल हो तो आकाशवाणी केंद्र मंडी में शीघ्र ही खुल सकता है। वर्तमान में लगभग 5000 वर्गमीटर भूमि सूचना एवं संचार विभाग के नाम पर है। मौजूदा भवनों में से एक भवन बंद पड़ा है और ताला लगा है तथा आसपास बहुत बड़ा भू-भाग खाली पड़ा है। भूमि, भवन के अलावा और सब कुछ होने के बावजूद मंडी में आकाशवाणी केंद्र नहीं खोला जा रहा है वह दुर्भाग्यपूर्ण है।

### केंद्र व राज्य सरकार से उठाएंगे मांग

**कुलदीप गुलेरिया**



**मांडव्य** कला मंच के प्रधान कुलदीप गुलेरिया के अनुसार,शिमला, धर्मशाला व हमीरपुर में आकाशवाणी केंद्र सक्रिय हैं तो मंडी में क्यों नहीं हो सकता? मंडी में 1997 से डीएमसी केंद्र कार्यरत है, लेकिन इतने लंबे समय पश्चात भी आकाशवाणी केंद्र नहीं संचालित किया गया है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। यहां के युवाओं को मंच प्रदान करने के लिए शीघ्र अति शीघ्र आकाशवाणी केंद्र संचालित होना चाहिए। केंद्र सरकार ने नीतिगत फैसला लिया है कि पंचायत स्तर तक युवाओं को अपनी संस्कृति व विरासत से जोड़ने की योजनाएं बनाई जाए। ऐसी स्थिति में यदि मंडी में आकाशवाणी केंद्र होगा तो इस नीति में सोने पर सुहागा वाली स्थिति होगी। हम केंद्र सरकार और राज्य सरकार से मांग करते हैं कि यहां आकाशवाणी केंद्र खोला जाए।

# प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए होगा पूर्वाभ्यास

अनंत ज्ञान, शिमला

हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, के सहयोग से राज्यव्यापी भूकंप मॉक अभ्यास का आयोजन किया जा रहा है। यह मॉक अभ्यास आगामी 6 जून को हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों में उपमंडल स्तर तक एक साथ आयोजित किया जाएगा। इसी अभ्यास के लिए आज यहां सभी हितधारकों के लिए ओरियंटेशन एवं समन्वय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रमुख सलाहकार मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) सुधीर बहल ने वर्चुअल माध्यम से भूकंप पर आधारित मेगा मॉक अभ्यास की रूपरेखा एवं कार्य योजना पर विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यशाला में राज्य स्तर पर मौजूद अधिकारियों के अतिरिक्त जिलों के उपायुक्त, जिला आपदा प्रबंधन टीम के सदस्य तथा उपमंडल स्तर के अधिकारी भी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

सुधीर बहल ने कहा कि इस अभ्यास का उद्देश्य भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए राज्य के विभिन्न विभागों, एजेंसियों एवं लोगों के बीच समन्वय और तत्परता को परखना तथा सुदृढ़ बनाना है। साथ ही मॉक अभ्यास के दौरान आपातकालीन सेवाओं की कार्य प्रणाली, राहत एवं बचाव कार्य और संसाधनों की उपलब्धता को व्यावहारिक रूप से भी जांचा जाएगा।

### 3 जून को टेबल टॉप एक्सरसाइज की जाएगी

**मेगा** मॉक अभ्यास के दृष्टिगत 3 जून को टेबल टॉप एक्सरसाइज की जाएगी। इसमें सभी संबंधित विभागों के प्रमुखों एवं नोडल अधिकारियों से राज्य स्तर पर स्वयं उपस्थिति सुनिश्चित बनाने को भी कहा गया है ताकि संबद्ध अधिकारी को भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा के दौरान अपनी ड्यूटी की जानकारी रहे। उन्होंने कहा कि जिला तथा उपमंडल स्तर के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से इस टेबल टॉप एक्सरसाइज में शामिल होंगे।

### आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की तैयारियों पर दी जानकारी

**निदेशक** एवं विशेष सचिव (राजस्व-आपदा) डीसी राणा ने आयोजित किए जा रहे भूकंप राज्यव्यापी मेगा मॉक अभ्यास के संदर्भ में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की तैयारियों की जानकारी दी।

### दर्जनों अधिकारी रहे मौजूद

**राज्य** स्तर पर प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ, दीपक प्रोजेक्ट, आईटीबीपी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी तथा विभिन्न जिलों के उपायुक्त, जिला आपदा प्रबंधन टीम के सदस्य तथा उपमंडल स्तर के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से इस कार्यशाला में उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### नामया ने चमकाया मुहीं गांव का नाम



**अनंत ज्ञान, जसवां।** परागपुर के तहत पड़ते मणि मुहीं गांव की छोटी सी बच्ची नामया भारद्वाज को अब एक और अवॉर्ड से नवाजा गया है। ग्लोरिफाई इंटरनेशनल के सौजन्य से मिस्टर दिनेश सरदाना और सनम गिल की ओर से जीरकपुर में आयोजित कार्यक्रम में नामया बतौर अतिथि पहुंची थी, जिसमें उन्हें इस अवॉर्ड से नवाजा गया है। कार्यक्रम में फेमस एक्ट्रेस वनिता मलिक मुख्य सेलिब्रिटी गेस्ट थीं। नामया भारद्वाज ने इससे पहले भी हिमाचल का कई बार नाम रोशन किया है। नामया भारद्वाज ने इन सबका श्रेय पिता अंकुश शर्मा व माता दीपिका शर्मा को दिया है।

### 11.40 ग्राम हेरोइन के साथ कार सवार गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के तहत चक्की माजरा रोड पर एक कार से चरस बरामद की है। नारकोटिक्स सेल के इंचार्ज सतेंद्र ने गुप्त सूचना के आधार पर चक्की माजरा रोड पर नाका लगाया हुआ था। इस दौरान गाड़ी नंबर एचआर 51-6081 ऑल्टो कार की डिग्गी से 11. 40 ग्राम हेरोइन बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजेंद्र कुमार उर्फ जव्वरी पुत्र बचन दास निवासी माजरा डाकखाना छन्नी बेली के तौर पर हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना डमटाल में मामला दर्ज किया है। डीएसपी संजीव यादव ने मामले की पुष्टि की है।

### मटौर कॉलेज में एक जून से शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय मटौर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया एक जून से शुरू होगी। प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि प्रथम द्वितीय, और तृतीय वर्ष में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी एक जून से 19 जून तक ऑफलाइन प्रवेश फॉर्म भर सकते हैं। बीए प्रथम वर्ष दाखिले के लिए प्रथम मेरिट सूची 20 जून और द्वितीय मेरिट सूची 24 जून को महाविद्यालय के सूचना पट्ट और आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

### बीरता में खुला वी 2 रिटेल लिमिटेड का स्टोर

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** बीरता में वी-2 रिटेल लिमिटेड का स्टोर खोला गया है। वी-2 रिटेल लिमिटेड के इस स्टोर का शुभारंभ हिमाचल पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने किया। इस मौके पर स्टोर मैनेजर एसएम रोनी और समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। अजय वर्मा ने स्टोर मैनेजर और स्टोर में कार्य करने वाले कर्मचारियों को स्टोर के शुभारंभ के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कांगड़ा में वी-2 लिमिटेड के स्टोर के खुल जाने से लोगों को सस्ते कपड़े खरीदने का अवसर मिलेगा। साथ ही स्थानीय युवाओं को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

### शनि जयंती पर कुठमां में लगाया लंगर



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** कुठमां पंचायत के श्री शनि देव मंदिर में लंगर लगाया गया। शनि देव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र राणा, नरोत्तम, मेहर सिंह, स्वरूप राणा तथा रविंद्र आदि ने बताया कि सुबह मंदिर पूजा अर्चना की गई तथा उसके बाद महायज्ञ किया गया। श्री शनि देव के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर शनि भक्तों ने केक काटा गया। मिष्ठान के स्टॉल के साथ भंडारा लगाया गया, जिसमे हजारों शनि भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक समागम में उपमंडल दंडाधिकारी शाहपुर करतार चंद ने शिरकत की। उन्होंने पूजा-अर्चना की तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# शिक्षा बोर्ड में हंगामा करने पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

## बोर्ड की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने व अधिकारियों को डराने के आरोप

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड में सोमवार को एबीवीपी की ओर से किए उग्र प्रदर्शन को लेकर अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस थाना धर्मशाला में मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने बोर्ड के सचिव मेजर विशाल शर्मा की शिकायत में मामला दर्ज करते हुए हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। बोर्ड सचिव ने शिकायत में कहा कि एबीवीपी का टैग लगाए कुछ अज्ञात लोगों के समुह ने बिना किसी सूचना के स्कूल शिक्षा बोर्ड के बाहर व भीतर प्रदर्शन किया तथा मुख्य गेट को जबरन खोलते हुए बोर्ड परिसर के भीतर प्रवेश कर गए। इस दौरान उन लोगों ने बोर्ड की संपति को भी नुकसान पहुंचाया तथा उनके कार्यालय में घुसकर उन्हें व बोर्ड के अन्य अधिकारियों को धमकाया व उनके साथ दुर्व्यहार किया। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 191(2), 190, 351(2), 221, 232सी और 03 पीडीपी अधिनियम बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बोर्ड सचिव विशाल शर्मा ने कहा कि पुलिस थाना में शिकायत कर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है, ताकि इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि एबीवीपी का टैग लगाए आए लोगों ने बिना बजह हंगामा कर दहशत मचाने का प्रयास किया गया।

बोर्ड ने 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम को लेकर अपनी गलती स्वीकार की है और उसे सुधान भी दिया है, उसके बाद भी इस प्रकार की घटनाएं तर्कसंगत नहीं है। गौर रहे कि सोमवार को 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में बरती लापरवाही को लेकर एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने बोर्ड परिसर के बाहर जमकर नारेबाजी की तथा सचिव से इस्तीफे की मांग की। एबीवीपी कार्यकर्ताओं आते देख बोर्ड सुरक्षाकर्मियों ने गेट बंद कर दिया। इस पर एबीवीपी के कार्यकर्ता भड़क उठे और सुरक्षाकर्मियों के साथ गेट को खुलवाने के लिए धक्का-मुक्की शुरू कर दी। एबीवीपी ने गेट के तालों व जंजीरों को तोड़कर बोर्ड सचिव के कार्यालय तक पहुंच गए। बोर्ड के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए, जहां यह इंगामा दो गुटों में तबदील हो गया। कांगड़ा के एएसपी बीर बहादुर ने बताया कि पुलिस ने बोर्ड सचिव की शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामर्ला दर्ज किया है।

**सचिव मेजर विशाल शर्मा ने दर्ज करवाई शिकायत**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

# बैजनाथ में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली तिरंगा यात्रा



बैजनाथ में तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा नेता और कार्यकर्ता।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** ऑपरेशन सिंदूर की गौरवशाली सफलता व भारतीय सैनिकों के सम्मान में भाजपा मंडल अपर बैजनाथ की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई।

भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वीर सैनिकों की वजह से आज विश्व मानचित्र पर भारत का नाम शीर्ष पंक्ति में आ गया है, जो हम सब देशवासियों के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर जयसिंहपुर विधानसभा के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान, बैजनाथ के पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी, रमिता भरद्वाज, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कपूर, चेतक कंवर, बंदना कटोच, कमलेश मिश्रा, सुनील चौहान, सुनीता राणा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तंबाकू के सेवन से आ सकते कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां की चपेट में : डॉ . पंकज

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में चल रहे हैं तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का मंगलवार को समापन हो गया। अंतिम दिन आमंत्रित वक्ता के रूप में टांडा मेडिकल कॉलेज से एसोसिएट प्रोफेसर मनोचिकित्सक विभाग डॉ. पंकज कुमार उपस्थित रहे।

उन्होंने अपने वक्तव्य में नशे के दुष्प्रभावों विशेष रूप से तंबाकू से होने वाले नुकसान के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि तंबाकू के सेवन से फेफड़ों का कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक, मधुमेह, और अन्य गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

तंबाकू उद्योग अकसर अपने उत्पादों को युवा लोगों के लिए आकर्षक बनाता है, जो उन्हें धूम्रपान की शुरुआत करने के लिए प्रोत्साहित करता है। उन्होंने बताया कि कई तरीके हैं, जिनसे आप धूम्रपान छोड़ सकते हैं, जैसे कि धूम्रपान छोड़ने के कार्यक्रम, परामर्श, और दवाएं और हम सभी को धूम्रपान छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, ताकि हम अपनी और दूसरों की जान बचा सकें।





डीएवी कॉलेज कांगड़ा में अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के समापन पर मौजूद शोद्यार्थी व अन्य।

### तनु कुमारी को बेस्ट पोस्टर प्रेजेंटेशन का पुरस्कार

**बेस्ट** पोस्टर प्रेजेंटेशन का पुरस्कार तनु कुमारी और द्वितीय पुरस्कार मोहित सोनी ने प्राप्त किया। बेस्ट ओरल प्रेजेंटेशन में वंशिका ने प्रथम स्थान, मुस्कान, स्नेहा, नैंसी, अंकिता और यामिनी ने द्वितीय स्थान, रुचिका ,नेहा, दिव्यांशु, वासुदेव, अंजलि, सुरभि, और रिया डोगरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस के लिए लगभग 600 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने कहा कि महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के सफल आयोजन लिए सभी बधाई के पात्र हैं।

# पक्ष और विपक्ष के दो पहिये चलाते लोकतंत्र का रथ : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि मेरे लंबे राजनैतिक जीवन में यह पहला मौका था कि मैंने टांडा अस्पताल और हिमाचल में बनी दवाइयों के संबंध में एक बहुत ही कड़वी और तलख टिप्पणी की थी।

इस संबंध में समाचार पढ़कर दो बार पहले भी ऐसी टिप्पणी करने का विचार किया था, परंतु थोड़ा सोचकर रुक गया था और मुझे लगा कि वैसे नहीं कहना चाहिए, परंतु उसके बाद फिर वैसे ही समाचार छपे तो मैंने अपने जीवन की सबसे तलख टिप्पणी की। मुझे बहुत प्रसन्नता है कि संबंधि मंत्री कर्नल शांडिल ने उसके जवाब में और भी बढ़िया और शानदार बात कही। जिस उद्धार हृदय से उन्होंने मेरी बात को स्वीकार किया है, मैं उसके लिए उनका धन्यवाद करता हूं और उन्हें बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के रथ को पक्ष और विपक्ष के दो पहिये चलाते हैं। यह दोनों ठीक चलेंगे तभी लोकतंत्र की गाड़ी ठीक चल सकती है। आज दुर्भाग्य से यह पहिये ब्रेक का काम करने लग पड़े है। अब विरोध के लिए विरोध किया जाता है, परंतु मैं इस बात का ध्यान रखता हूं। मैंने हिमाचल कांग्रेस की बहुत सी अच्छी बातों पर उनकी तरीफ भी की है। उन्होंने हिमाचल के सभी नेताओं से निवेदन किया है कि एक-दूसरे की अच्छी बात पर तरीफ करने की कंजूसी न करें।

# एबीवीपी ने की शिक्षा बोर्ड के अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) प्रदेश सह मंत्री अभिनव चौधरी ने कहा विद्यार्थी परिषद शांतिपूर्वक धरना कर रही थी, लेकिन शिक्षा बोर्ड के सुरक्षा कर्मियों ने बोर्ड के सचिव के इशारे पर गेट बंद कर दिए और गेट को खोलने में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं को चोटें आई। इसके बावजूद शिक्षा बोर्ड के अधिकारियों की ओर से विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर झूठी एफआईआर करने का दबाव बनाया गया। उन्होंने कहा कि दो दिन में फीस वृद्धि का फैसला वापस नहीं लिया जाता और शिक्षा बोर्ड के अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं की जाती व मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया, तो प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा, जिसका खामियाजा हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड को झेलना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि 17 मई को जारी परिणाम में एक छात्रा को फेल घोषित किया गया था, जिसके बाद उसने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। दुर्भाग्यपूर्ण यह रहा कि 22 मई को आए संशोधित परिणाम में वही छात्रा पास पाई गई। यह घटना शिक्षा बोर्ड की गंभीर लापरवाही और असंवेदनशीलता को दर्शाती है।

## पठानकोट माइनिंग विभाग व पुलिस टीम ने कसा शिकंजा

# सुंदरचक्क के रास्ते बिना बिल रेत-बजरी लेकर पंजाब में अवैध सप्लाई करने वाले ट्रक काबू



अवैध रूप से रेत-बजरी लेकर जा रहे ट्रक।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** माइनिंग विभाग पठानकोट व पुलिस टीम ने कीड़िया-गंडियाल क्षेत्र से होते सुंदरचक्क के रास्ते बिना बिल पंजाब में अवैध सप्लाई को अंजाम देने के लिए आ रहे ट्रकों को काबू किया गया। 35 से 45 ट्रक रेत-बजरी से भरे हुए थे और विभाग व पुलिस की टीम की कार्रवाई को देखकर मौके से भाग निकलने की कोशिश की। कुछ ट्रक पंजाब की ओर से व अन्य कीड़ियां गंडियाल के रास्ते जेएंडके क्षेत्र में भाग निकले।

कुछ ट्रकों को सुजानपुर एवं परमानंद नाके पर काबू किया। वहीं, जेएंडके प्रशासन को जानकारी देकर अन्य ट्रकों को काबू करवाने में सफलता हासिल की। हालांकि, सभी ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गए हैं। ट्रकों को कब्जे में सदर थाने एवं सुजानपुर में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मंगलवार सुबह जेएंडके क्रेशरों से रेत-बजरी लेकर कीड़ियां-गंडियाल से होते हुए सुंदरचक्क के रास्ते से करीब 45 ट्रकों की ओर से बिना बिलों के अवैध सप्लाई को पंजाब में सप्लाई करवाने की कोशिश की जा रही थी, लेकिन माइनिंग विभाग ने सूचना मिलने पर इन ट्रकों को रोक लिया और मौके पर पुलिस टीमों पर पहुंची। जांच में पाया कि अधिकतर ट्रकों के पास बिल/कागजात नहीं थे। जब इन ट्रकों को कब्जे में लेने के लिए कार्रवाई शुरू की तो चालकों ने सुंदरचक्क के नजदीक ट्रकों को वापस मोड़ना शुरू कर दिया। 3 ट्रकों को परमानंद नाके पर व 2 ट्रकों को सुंदरचक्क के नजदीक ही काबू किया। करीब 35 रेत-बजरी से भरे ट्रक वापस कीड़ियां-गंडियाल के रास्ते जेएंडके में भाग निकले, लेकिन माइनिंग विभाग ने कठुआ जिला के डिप्टी कमिश्नर से संपर्क करके वहां काबू कर लिया गया।

### क्या कहते हैं एक्सईएन

**माइनिंग** विभाग के एक्सईएन नितिन सूद ने बताया कि विभाग व पुलिस टीमों ने ट्रकों को काबू कर लिया है। रात को पकड़े जाने के डर के चलते सुबह-सुबह निकलने की कोशिश की गई, लेकिन विभाग ने सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई की गई। पठानकोट जिले में पकड़े गए ट्रकों को पुलिस थानों में ले जाकर कार्रवाई की जा रही है।

# विधायक आशीष बुटेल ने 16 होनहारों को किया सम्मानित



सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा की मेरिट में जगह बनाने वाले स्टूडेंट्स।

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** विधायक आशीष बुटेल ने मंगलवार को नगर निगम कार्यालय परिसर में सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में मेरिट सूची में स्थान पाने वाले 16 होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पालमपुर क्षेत्र के छात्रों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने सफल छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं की यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन का प्रमाण है। इस सफलता के लिए विधायक ने पालमपुर नगर निगम और हिम विद्यार्थी फाउंडेशन, राजपुर के संयुक्त तत्वावधान में संचालित सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा कोचिंग कार्यक्रम की सराहना की। इस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को 3 माह की नि:शुल्क कोचिंग दी गई और सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में 20 में से 16 विद्यार्थियों को सफलता प्रास करने में सहायता मिली। इस अवसर पर वूल फेडरेशन निदेशक मंडल सदस्य त्रिलोक चंद, नगर निगम महापौर गोपाल नाग, उपमहापौर राजकुमार, सभी पार्षद, आयुक्त नगर निगम डॉ. आशीष शर्मा, अतिरिक्त आयुक्त विकास शर्मा, हिम विद्यार्थी अकादमी के संस्थापक प्यारचंद अकेला आदि मौजूद रहे।

### टांडा में टेलीमेडिसिन एवं टेली नर्सिंग कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** मेडिकल कॉलेज टांडा के नर्सिंग कॉलेज की ओर से टेलीमेडिसिन सोसायटी ऑफ इंडिया राष्ट्रीय एवं हिमाचल प्रदेश चैप्टर के सहयोग से 'टेलीमेडिसिन एवं टेली नर्सिंग व्यवहारिक दिशानिर्देश विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्राचार्य प्रो. मिलाप शर्मा ने किया। उन्होंने टेलीमेडिसिन सोसाइटी की इस पहल की सराहना की और कहा कि डिजिटल स्वास्थ्य तकनीकों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है। टीएसआई के राष्ट्रीय मानद सचिव डॉ. उमाशंकर ने कहा कि टेलीमेडिसिन न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाता है, बल्कि समाज की समग्र भलाई में भी सहायक है। उन्होंने डिजिटल उपकरणों के साथ स्वास्थ्य सेवा वितरण को जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या सुमन बोध ने कहा कि नर्सिंग अधिकारी 'डोर स्टेप हेल्थ' मिशन में एक अहम कड़ी हैं।

# कोटला बेहड़ में सड़क की हालत दयनीय, गड्ढों में हुई तबदील

**पिंकी, अनंत ज्ञान**

**डाडासीबा।** लोक निर्माण विभाग कोटला बेहड़ के तहत नैहरनपुखर सड़क की हालत काफी खस्ता हो गई है। जगह-जगह पड़े गहरे गड्ढे और गिरती पुलिया यात्रियों के लिए जानलेवा साबित हो रही हैं, लेकिन विभागीय अनदेखी के चलते अभी तक कोई मरम्मत कार्य शुरू नहीं हो सका है ।ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार लोक निर्माण विभाग से इस समस्या के समाधान की गुहार लगाई, लेकिन हर बार आश्वासन ही मिला है।

क्षेत्रवासी राजन शर्मा, गगन ठाकुर, अमित ठाकुर, सुमित ठाकुर, आदित्य ठाकुर, अमित शर्मा, रविंद्र राणा, सुमित शर्मा, संजीव राणा, संजय राणा, करण राणा आदि ने बताया कि विभागीय अधिकारियों से कई बार मुलाकात कर समस्या उठाई गई, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। विभाग से जब पूछा तो बताया कि पैचवर्क कार्य मई माह में किया जाता था। टेंडर तो हो चुके हैं, परंतु उन्हें अवार्ड नहीं किया है, जिससे कार्य शुरू नहीं हो पाया। लोगों ने चेताया कि यदि कोई हादसा होता है कि इसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी। जनता ने उच्च प्रशासन से मांग की है कि इस सड़क की मरम्मत को प्राथमिकता पर लेकर तुरंत कार्रवाई की जाए। कोटला बेहड़ के अधिशाषी अभियंता कैलाश पावा ने बताया कि सड़क की रिपेयर के लिए टेंडर लगाया है और शीघ्र ही काम शुरू किया जाएगा।



सड़क के बीचोंबीच पड़ा गड्ढा।

### भाली में ओवरब्रिज नहीं बनाया तो चक्का जाम

**शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर भाली में ग्रामीणों ने फोरलेन निर्माण कार्य पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीण माया देवी, शिवो देवी, निशा, डिंपल, ज्योति, आरती, वीना, दीपक कुमार, चमन लाल, दिनेश चंद्र, केशव दत्त, रणजीत, दिनेश, तनु अश्वनी आदि ने बताया कि भाली के चिचड़ रोड़ के पास फोरलेन कंपनी ने गहरी खुदाई की है, जिससे भनियाड़ी, बोहरका, तखनियाड गांवों से लोगों से संपर्क कट चुका है। लोगों की जमीनें दूसरी ओर हैं, जिससे पशुओं के लिए चारा लाना भी मुश्किल हो रहा है। फोरलेन निर्माण के चलते अब तो लोगों जैसे-तैसे करके सड़क के उस पर आ जा रहे है, लेकिन भविष्य में जब फोरलेन बन जाएगा तो भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जब फोरलेन बन जाएगा, तो 2 किलोमीटर का चक्कर लगाकर आना पड़ेगा। उन्होंने सरकार व प्रशासन को चेताया कि 15 दिन के भीतर प्रशासन का नुमाइंदा हमसे मिलकर पेश आ रही ओवरब्रिज की समस्या का निदान नहीं करता है तो मजबूर चक्का जाम करने पर विवश होना पड़ेगा।

**परेशानी** मरीजों को बाहरी लैबों से भारी भरकम पैसे देकर करवाने पड़ रहे एक्स-रे

# टांडा में 10 दिन से 2 एक्स-रे मशीनें खराब

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**कांगड़ा।** डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में रेडियोलॉजी डिपार्टमेंट में स्थापित दोनों एक्स-रे मशीनें पिछले दस दिन से खराब होने से मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को बाहरी लैबों से भारी भरकम पैसे देकर एक्स-रे करवाने पड़ रहे हैं। अस्पताल में रोजाना 600 से लेकर 700 एक्स-रे किए जाते हैं।

अस्पताल में स्थापित दोनों एक्स-रे मशीनें 16 मई से खराब पड़ी हुई हैं। पहले भी एक एक्स-रे मशीन खराब हुई थी और 'अनंत ज्ञान' ने इसे प्रमुखता से छापा था। इस पर कार्रवाई करते हुए अस्पताल प्रशासन ने ठीक करवा दिया, लेकिन अब फिर से स्थिति वही बनी हुई है। सबसे बड़ी समस्या इंडोर मरीजों को हो रही हैं, जो उपचार के लिए अस्पताल मे भर्ती हैं और जिन्हें स्ट्रेचर पर ही ए-क्सरे के लिए लाना व ले जाना पड़ता है। इमरजेंसी में अस्पताल के एक्स-रे विभाग में तैनात कर्मचारियों को फ्लोरो की मशीन जिस पर केवल आरजीयू-एमसीयू व एचएसजी के टेस्ट होते हैं, उनके ऊपर ही एक्स-रे करने के निर्देश विभाग ने दिए हैं। वहीं, यहां आने वाले मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



अनंत ज्ञान स्पैशल



टांडा मेडिकल कॉलेज में एक्स-रे करवाने के लिए खड़े लोग।

**समस्या** ध्यान में है। रेडियोलोजी विभाग ने अपने दम पर इस स्थिति को संभाला है। एक दो दिन इस समस्या को दूर कर दिया जाएगा। अस्पताल में दो में से एक नई मशीन लगाने का फंड आ गया है। इसके लिए अभी थोड़ा समय लगेगा। एक मशीन को ठीक करवाने के लिए टेक्नीशियन को बुलाया गया है।

**-डॉक्टर विवेक वनियाल, चिकित्सा अधीक्षक, मेडिकल कॉलेज टांडा।**

# कांगड़ा जिले में 'मंडुआ' फसल बन रही किसानों की पसंद

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान**

**नूरपुर।** कांगड़ा जिले में अब खेती को लेकर सोच बदल रही है। किसान पारंपरिक फसलों के साथ-साथ अब ऐसी फसलों की ओर बढ़ रहे हैं, जो कम पानी में उगाई जा सकें। कांगड़ा जिले में मंडुआ (जिसे रागी या फिंगर मिलेट भी कहा जाता है), फसल किसानों की नई पसंद बनती जा रही है। इसमें कैल्शियम, आयरन और फाइबर की भरपूर मात्रा होती है।

हड्डियां भी मजबूत होती हैं और पाचन तंत्र को सुधारता है व मधुमेह रोगियों के लिए भी सुरक्षित है। सर्दियों में यह शरीर को अंदर से ताकत देती है। मंडुआ की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे कम पानी में भी आसानी से उगाया जा सकता है। वर्षा आधारित इलाकों के लिए यह एक बेहतरीन विकल्प बन रही है। साथ ही इसे जंगली जानवरों, विशेषकर बंदरों से भी नुकसान नहीं होता, जो इस क्षेत्र में एक आम समस्या है।



मंडुआ में कैल्शियम, आयरन और फाइबर की भरपूर मात्रा।

### कृषि विभाग उपलब्ध करवा रहा किस्में

**कृषि** विभाग की ओर से किसानों को मंडुआ की उन्नत किस्में जैसे वीएल-376 उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसकी बुआई का सही समय जून के आखिरी हफ्ते से लेकर जुलाई के मध्य तक माना जाता है। विभाग ने सलाह दी है कि किसान छिड़काव विधि के स्थान पर नर्सरी विधि से पौधे तैयार कर रोपाई करें, जिससे अंकुरण बेहतर हो और उपज में बढ़ोतरी हो।

# लोगों को बताए जाएंगे यातायात नियम: राजकुमार

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा उपमंडल पुलिस अधिकारी डीएसपी राज कुमार ने मंगलवार को उपमंडल में चल रही पुलिस गतिविधियों और जनहितकारी पहलों की जानकारी मीडिया के साथ साझा की। उन्होंने बताया कि डाडासीबा क्षेत्र में तीन दिवसीय विशेष जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा और हेल्मेट की अनिवार्यता को लेकर आम लोगों को जागरूक करना है। शिविर लगाकर लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया जाएगा। विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों को हेल्मेट पहनने के फायदे और कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। वरिष्ठ नागरिकों की सहायता के लिए एक अलग विशेष मुहिम शुरू की गई है। इस योजना के तहत यदि कोई बुजुर्ग बीमार है या अकेला रह रहा है, तो पुलिस द्वारा उसे हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### चार होनहारों ने चमकाया स्वर्ण स्कूल का नाम



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** स्वर्ण पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगरोटा बगवां का दसवीं कक्षा और बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। बारहवीं कक्षा में कुल 20 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे और उसमें सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसमें विशाली राणा पुत्री विशाल राणा 92.6 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, उर्वी पुत्री मोहन सिंह 92 प्रतिशत लेकर दूसरे स्थान पर, जबकि आदित्य सिंह पुत्र राजिंदर सिंह तथा नेहा पुत्री रमेश कुमार तीसरे स्थान पर रहे। स्कूल के निदेशक कैप्टन विक्रम सिंह ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी है।

### मटौर में 60 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**गगल।** जोगोरी रूरल चैरिटेबल ट्रस्ट के मटौर कार्यालय में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें डॉ. ममता ने शिरकत की। शिविर में 60 मरीजों का शुगर, बीपी और हीमोग्लोबिन की जांच की गई। डॉ. ममता ने मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को समझकर आयुष विभाग की ओर से दवाइयां भी वितरित कीं। डॉ. ममता ने लोगों से अपील की कि स्वास्थ्य के लिए खान-पान का ध्यान रखें और सुबह की सैर तथा योग पर निर्भर रहे हैं।

### सोनाली को बेस्ट मॉडल ऑफ इंडिया का अवॉर्ड



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उपमंडल बैजनाथ के त्रेहल (नागटा) गांव की रहने वाली मॉडल एंड एक्ट्रेस सोनाली शर्मा को फेमस इंडियन एक्ट्रेस वनिता मलिक के हाथों से शो ओपनर बेस्ट मॉडल ऑफ इंडिया का अवॉर्ड मिला है। यह अवार्ड शो ग्लोरिफाई इंटरनेशनल मिस्टर दिनेश सरदाना और सनम गिल की ओर से दिया गया। सोनाली शर्मा इससे पहले भी कई अवॉर्ड जीत चुकी है। सोनाली शर्मा ने इसका श्रेय स्व. पिता तिलकराज शर्मा और अपनी माता रजनीश शर्मा और नागटावायियों को दिया।

### ओलंपियाड में डाडासीबा स्कूल बना विजेता

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** मटौर स्कूल में आयोजित जिला स्तर योगा ओलंपियाड में पीएम श्री बाबा कांशीराम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडासीबा स्कूल अंडर-14 छात्र में प्रथम रहा। डाडासीबा विद्यालय में पहुंचने पर बच्चों का स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार व सभी स्टाफ सदस्यों ने विजेता छात्र को बधाई दी।

### विजेता बच्चों को किया गया सम्मानित

**गगल।** महर्षि विद्या मंदिर स्कूल खटेड धर्मशाला में महर्षि संस्था की ओर से अंग्रेजी हिंदी और विज्ञान की ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया था। इसमें छठी से लेकर दसवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कई विद्यार्थियों का परिणाम सराहनीय रहा है। प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को उन्हें प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया।

### पुलिस ने युवक से देसी व अंग्रेजी शराब की बरामद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस थाना भवारना की टीम ने गश्त के दौरान शिवनगर चिवड़ी जंगल श्मशानघाट के पास मनोज कुमार निवासी मालन डाकघर मालनू तहसील पालमपुर से 9,000 मिलीलीटर देसी शराब व 3,000 मिलीलीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। ज्ञान)

### अनुभावात्मक शिक्षण कार्यक्रम के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मेरा युवा भारत कार्यालय कांगड़ा के उपनिदेशक ध्रुव डोगरा ने बताया कि मेरा युवा भारत कांगडा की ओर से विकास खंड नगरोटा बगवां के योल कैंट में जन औषधि केंद्र के अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम में नामांकन के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। यह 15 दिन का अनुभ्वात्मक शिक्षण कार्यक्रम है, जहां आप सीखेंगे और पास के जन औषधि केंद्र में काम भी करेंगे। जन औषधि केंद्र में ईएलपी सफलतापूर्वक पूरा करने पर युवाओं को एक प्रमाणपत्र दिया जाएगा। इस अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम में कुल पांच युवाओं को मौका दिया जाएगा व नामांकन की अंतिम तिथि 28 मई होगी।

### जमीन को बचाने के लिए लगाए जाएं क्रेट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा भारतीय किसान संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला मंत्री रवि कांत अभिलाषी के नेतृत्व में डीसी कांगड़ा से मिला और उनके माध्यम से मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री व कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद को ज्ञापन भेजा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में बरसात के मौसम में मांझी खड्ड में आई बाढ़ के कारण जोगी बल्ला-केटलु मौजा चकवन समीरपुर के चिलवेई गांव के 40 परिवारों की करीब 5 हेक्टेयर निजी भूमि बह गई थी। हर वर्ष खड्ड में जलस्तर बढ़ने के कारण शेष बची कृषि भूमि भी बह रही है। 2021 में भी सभी पीड़ित परिवारों ने बह रही जमीन को बचाने के लिए यहां पर क्रेट लगाने की मांग उठाई थी। संघ ने एक बार भी मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर क्रेट लगाने उठाई गई है।

### लोगों को दी उच्च रक्तचाप की जानकारी

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** विश्व उच्च रक्तचाप जागरुकता माह के तहत मंगलवार को सिविल अस्पताल कांगड़ा में ग्रेस स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम को लोगों को उच्च रक्तचाप के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन सिविल अस्पताल की एसएमओ डॉ. अल्पना कायस्था की अगुआई में किया गया। इस बच्चों ने अस्पताल में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लोगों बचाब के उपाए बताए। लोगों को उच्च रक्तचाप को रोकने के लिए जीवनशैली में बदलाव जैसे संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और तनाव प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। अगर किसी को उच्च रक्तचाप कि समस्या हो तो उन्हें अस्पताल में जाकर डॉक्टर का परामर्श लेना चाहिए और महिने में एक बार अपने बीपी की जांच करवानी चाहिए। इस अवसर पर कांगड़ा अस्पताल में कार्यरत एमडी मेडिसन डॉ. मोनिका राज ने अपने विचार रखे।

### चरणामति कूहल शुरू होने से लोगों में खुशी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** चरणामति कूहल शुरू होने पर महालपट्ट गांव के लोगों ने विधायक किशोरी लाल का आभार जताया है। महिला मंडल प्रधान स्वर्णा देवी सहित कई लोगों ने बताया कि चरणामति कूहल काफी दिनों से बंद चल रही थी। दो दिन से कूहल में पानी आ गया है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि चरणामति कूहल और एलबी कूहल में कुछ लोग कूड़ा कचरा डाल रहे हैं, जिससे दिक्कत आ रही है। विभाग ऐसे लोगों पर कार्रवाई कर रहा है और दोनों कूहलों को सभी गांवों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

# बजट का प्रावधान न होने से रुका हींग व केसर की खेती का उत्पादन

## खेती से किसान लगे मुंह मोड़ने , अंतरराष्ट्रीय बाजार में हींग का भाव प्रति किलो 35 हजार

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**धर्मशाला।** हिमाचल में हींग और केसर की खेती पर बजट की मार पड़ी है। पिछले दो साल से हींग और केसर की खेती के लिए सरकार की ओर से कोई बजट का प्रावधान नहीं किया है। इसके कारण प्रदेश में हींग और केसर का उत्पादन रुक गया है। लाखों रुपए की होने वाली इस खेती से किसान मुंह मोड़ने लग हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हींग का भाव प्रति किलो 35 हजार रुपए है।

हींग भारत में कश्मीर और पंजाब में सबसे अधिक पैदा होता है। हींग एक सौंफ प्रजाति का पौधा है। वर्ष 2020 के दौरान हिमाचल में पहली बार हींग और केसर की खेती बड़े स्तर पर किए जाने की तैयारी थी। पालमपुर स्थित हिमालयन बॉयो टेक्नोलॉजी संस्थान की ओर से हींग की एक नई प्रजाती की पहचान की थी, जो चंबा, लाहौल-स्पीति और किन्नौर जिलों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में उगाई जा सकती है। कुछ क्षेत्रों में केसर की खेती के लिए अनुकूल जलवायु एवं वातावरण पाया गया। इन दोनों की खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से 2021-22 से कृषि से संपन्नता योजना प्रस्तावित की गई। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए विभाग की ओर से विस्तृत कार्य योजना तैयार कर 6 जून, 2020 को आईएचबीटी के साथ एमओयू हस्ताक्षरित किया गया था। वर्ष 2022-23 में योजना के तहत 3 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान रखा गया था। वर्ष 2023-24 व वर्ष 2024-25 के लिए सरकार की ओर से कोई भी फंड जारी नहीं किया गया है।

### देश में प्रतिवर्ष 100 टन केसर की मांग

देश में हींग और केसर मांग के अनुरूप उपलब्ध नहीं है। वहीं, बड़े स्तर पर केसर का आयात भी किया जाता है। वहीं, हींग उत्पादन से अछूते रहे देश में हिमाचल ने हींग व केसर उत्पादन की थी। देश में प्रतिवर्ष अफगानिस्तान, ईरान और उज्बेकिस्तान आदि देशों से लगभग 600 करोड़ रुपए की लागत का 12100 मीट्रिक टन हींग का आयात किया जाता है। हिमालय जैव संपदा प्रयोग की संस्थान ने एनबीपीजीआर के सहयोग से ईरान से हींग के 6 परिग्रहण प्राप्त कर इसके उत्पादन के लिए प्रोटोकॉल का मानकीकरण किया था।

### जल्द होगा बजट का प्रावधान: चंद्र



कृषि मंत्री चैधरी चंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार खेती को बढ़ावा दे रही है। जहां तक हींग और केसर की खेती का प्रश्न है, सरकार का इस पर पूरा फोकस है। इसके लिए जल्द ही बजट का प्रावधान किया जाएगा।

# पालमपुर के बनूरी में 110 कनाल भूमि बनी चर्चा का केंद्र

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** पालमपुर के बनूरी में करीब 110 कनाल भूमि की खरीद फरोख्त मामले में लोगों में चर्चाओं का दौर जारी है। करोड़ों रुपए की इस जमीन के और भी कई मालिक सामने आ रहे हैं। कई साल से रह रहे लोगों को उनके मालिकाना हक से बाहर कर दिया है। यह बहुचर्चित भूमि घोटाला सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रहा है। इस भूमि की असली मालिक जिसकी 1978 में मृत्यु हो चुकी है, अब कई सालों साल के बाद उस मृतक महिला के वारिस इस जमीन पर अपना हक जताने को सामने आने लगे हैं।

इससे विवाद ओर गहराता जा रहा है। लोगों के अनुसार, बड़ा घोटाला हुआ है। जिस महिला के नाम यह जमीन थी उसकी मौत पंजाब में हुई थी, लेकिन जो राजस्व विभाग पालमपुर के पास उस मृतक महिला का मृत्यु प्रमाण पत्र है, उसको सीएमओ कार्यालय धर्मशाला से जारी किया गया है। लोगों का कहना है कि वर्षों पहले एक अंग्रेज ने किसी लड़की को गोद लिया था तथा उसके नाम 110 कनाल भूमि भी कर दी थी। उस लड़की ने शादी भी नहीं की थी। इसकी मृत्यु के बाद इस जमीन की देख रख करने वाले लोगों ने इस पर अपना कब्जा जमा रखा था। किसी महिला ने यह जमीन अपने नाम करवा कर एक प्रोपर्टी डीलर को बेच दी। वहां पर रह रहे लोगों को घर छोड़ने को कहा तो यह सारा मामला उजागर हुआ।

जमीन से संबंधित उजागर हुए इस मामले की छानबीन जारी है। तहसील स्तर से जो भी कार्य हुआ है, वो सब नियमानुसार ही हुआ है। अब इस मामले की जांच एसडीएम पालमपुर कर रही है।

**-साजन बग्गा, तहसीलदार, पालमपुर।**

जमीन की विभागीय जांच शुरू कर दी है। पूरी पारदर्शिता से तहकीकात की जाएगी। जो भी इस जमीन का असली वारिस होगा, उसको जमीन दिलाएंगे।

**-नेत्रा मेती, एसडीएम, पालमपुर।**

जो परिवार इस जमीन को लेकर प्रभावित हुए हैं उन्हें न्याय दिलाया जाएगा। एसडीएम पालमपुर को उचित जांच के आदेश दे दिए गए हैं। इस जमीन की खरीद फरोख्त में कोई घोटाला सामने आएगा, तो इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को नहीं बख्शा जाएगा।

**-आशीष बुटेल, विधायक, पालमपुर**

### इंदौरा का राजा खास गांव बना राज्य का पहला सोलर मॉडल विलेज: हेमराज बैरवा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि इंदौरा के राजा खास गांव को सोलर मॉडल विलेज के रूप में चयनित किया गया है। यह प्रदेश का पहला सौर मॉडल विलेज बना है। इस गांव को सौर उर्जा के लिए एक करोड़ की ग्रांट दी जाएगी। धर्मशाला में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति (डीएलसीसी) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी बैरवा ने कहा कि जिले में 43 गांवों को आदर्श सौर ऊर्जा गांव के चयन के लिए होने वाली प्रतिस्पर्धा के लिए प्रतिभागी गांव घोषित करने का निर्णय डीएलसीसी की ओर से लिया था। उक्त 43 प्रतिभागी गांवों में 'छह माह' तक प्रतिस्पर्धा चली व छह माह के भीतर इन 43 गांवों में से सबसे ज्यादा डिस्टब्यूशन सोलर इंस्टालेशन करने वाले गांव राजा खास को आदर्श सौर उर्जा गांव के लिए रूप में चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से नामित 'मॉडल सोलर विलेज कार्यान्वयन एजेंसी' गांव को सोलर पावर्ड विलेज में बदलने के लिए एक डीपीआर विकसित कर उस पर काम करेगी। डीसी ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को जिला कांगड़ा में प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा है।

### अपने से बड़ों का हमेशा करें सम्मान: शक्ति

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ के हिमालयन पब्लिक स्कूल पपरोला में मंगलवार को प्रात:कालीन सत्र में भारत विकास परिषद् शाखा बैजनाथ पपरोला के सौजन्य से 'गुरु वंदन छात्र अभिनंदन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर शक्ति चंद राणा ने विद्यार्थियों को अपने से बड़ों का आदर मान-सम्मान करने एवं मानवीय मूल्यों पर आधारित उच्चकोटि के संस्कारों से स्वयं को परिमार्जित करने के सूत्र बताए। अरुण शर्मा ने छात्रों को समय की पाबंदी, अनुशासन, चरित्र निर्माण जैसे गुणों को अपनाने, बड़े बुजुर्गों, गुरुजनों एवं माता पिता का सम्मान करने की सलाह दी। डीआर ठाकुर ने विद्यार्थियों से उत्तम शिक्षा के द्वारा उच्च शिक्षित होकर स्वयं का, परिवार एवं अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। वार्षिक परीक्षाओं में श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करने वाले 10 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। निदेशक राकेश सडाना और प्रधानाचार्या डॉली मेहता ने भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ पपरोला की ओर से इस कार्यक्रम के लिए हिमालयन पब्लिक स्कूल पपरोला का चयन करने एवं विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने के लिए आभार व्यक्त कर धन्यवाद किया। सचिव अनुज आचार्य ने नशे से दूर रहने की सीख दी।

### द्रमण में खुला शिवानी मेक ओवर नाम से सैलून



सैलून का उद्घाटन करतीं एमएच ब्यूटी स्टूडियो अकादमी धर्मशाला की चेयरमैन हर्षिता कालिया।

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर। उपमंडल** शाहपुर के द्रमण में एचडीएफसी के नजदीक शिवानी मेक ओवर नाम से सैलून खुला है। मंगलवार को एमएच ब्यूटी स्टूडियो अकादमी धर्मशाला की चेयरमैन हर्षिता कालिया ने रिबन काटकर इसका उद्घाटन किया।

उन्होंने बताया कि अब शाहपुर-द्रमण की महिलाओं को अब दूसरी जगह नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि अच्छी गुणवत्ता के लिए इस सैलून में बड़ी कंपनियों के ब्रांडिड कॉस्मैटिक का इस्तेमाल किया जाता है। शिवानी मेक ओवर की ऑनर शिवानी पठानिया ने बताया कि यहां महिलाओं के लिए कई तरह की सर्विसेज हैं, जिसमें मुख्यता मेकअप, नेल्स, स्किन बेसिक एडवांस सर्विस, हेयर आदि अन्य विंस हैं। इस अवसर पर पूजा और हवन किया गया। इस दौरान पूर्व उपप्रधान सिहुंवा, यशपाल बिंदु राणा, जोगिंदर पठानिया, चंद्रपाल पठानिया, पूर्ण सिंह पठानिया, सोनू राणा, एमएच ब्यूटी स्टूडियो अकादमी धर्मशाला के अमृत, पुष्पा देवी, सुमना देवी, सुदेश कुमारी, पूजा पठानिया, हैप्पी आदि लोग मौजूद रहे।

### ठारू ने हटवास टीम को 70 रनों से हराया

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** ठारू प्रीमीयर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का मंगलवार को ठारू मैदान में ठारू व हटवास के बीच मैंच हुआ। ठारू टीम ने हटवास टीम को 70 रनों से हराया। पथ परिवहन महामंत्री व जिला कांगड़ा इंटक के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान उनके साथ ठारु पंचायत के प्रधान व कांग्रेस महासचिव अजय भनियारी व सनी मास्टर मौजूद रहे। इस टूर्नामेंट में 60 टीमें भाग ले रही हैं। फाइनल मैच में विजेता टीम को 11,000 व उपविजेता टीम को 8100 राशि दी जाएगी। मैच के आयोजक सौरभ, आशीष, अनीश, अंकुश व अन्य को मुख्य अतिथि ने 2100 रुपए की राशि प्रोत्साहन के लिए दी गई।

### हैप्पी बर्थडे



जोगिंद्रनगर के रुद्रांश को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### उपभोक्ता 31 से पहले जमा करवाएं बिजली बिल

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के तहत आने वाले उपभोक्ता, जिन्होंने बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है, वे 31 मई से पहले अपने बिजली बिल का भुगतान कर दें। उपभोक्ता अपने बिजली बिल का भुगतान ऑनलाइन मोड, गूगल पे, फोन पे तथा पेटीएम के माध्यम से भी कर सकते हैं। बिल जमा न करने पर बिना किसी सूचना के कनेक्शन अस्थायी रूप से काट दिया जाएगा। यह जानकारी ई. सुभाष कुमार, सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल डरोह ने दी है।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार सम्मानित



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रक्कड़ भेड़ी के 10वीं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अपराजित कर्मचारी महासंघ उपमंडल पालमपुर के पूर्व अध्यक्ष जीएस कलसी ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूल के प्रचार्य, स्टाफ व अभिभावक उपस्थित रहे।

### 95 कर्मचारियों का जांचा उच्च रक्तचाप व मधुमेह

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सिविल अस्पताल थुरल के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनीता शर्मा की अगुवाई में विश्व हाइपरटेंशन दिवस के तहत थुरल अस्पताल की टीम ने मंगलवार को सिविल अस्पताल थुरल के आलावा पुलिस चौकी थुरल, खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय थुरल, थुरल तहसील कार्यालय व थुरल स्कूल में 95 कर्मचारियों के उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि की जांच की। स्वास्थ्य जांच टीम में सिविल अस्पताल थुरल से डॉ. मनोज, डॉ. नितेश, डॉ. अंतरा, हेल्थ सुपरवाइजर शशि कुमार और जीवन लाल के साथ वार्ड सिस्टर अंजना मौजूद रहे।

### महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** भाजपा जिला कार्यालय नूरपुर में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती वर्ष समारोह मनाया गया। इसमें राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान लोकसभा सांसद राजीव भारद्वाज, स्थानीय विधायक रणबीर सिंह निक्का, पूर्व मंत्री राकेश पठानिया, पूर्व विधायक रीता धीमान उपस्थित रहीं। डॉ सिकंदर ने बताया कि रानी अहिल्याबाई ने 300 वर्ष पूर्व महाराष्ट्र के औरंगाबाद में बहुत शानदार शासन चलाया और और सनातन के उत्थान के लिए उस समय जो बेहतर था, वो उन्होंने किया। आज हम जिस रामराज्य की कल्पना करते हैं, वे राम राज्य उन्होंने स्थापित किया था। उनके उसी योगदान को लेकर भाजपा पूरे देश और प्रदेश में उनकी 300वीं जयंती वर्ष मना रही है।

### भूकंप से बचाव के लिए छह जून को मेगा मॉक अभ्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एडीएम शिल्पी बेक्टा ने कहा कि आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से छह जून को कांगड़ा जिले के सभी उपमंडलों में भूकंप मॉक अभ्यास का आयोजन किया जाएगा। एनआईसी सभागार धर्मशाला में मेगा मॉक अभ्यास की रूपरेखा एवं कार्य योजना पर विस्तृत जानकारी दी। इस अभ्यास का उद्देश्य भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए विभिन्न विभागों, एजेंसियों एवं लोगों के बीच समन्वय और तत्परता को परखना तथा सुदृढ़ बनाना है।

### 148 किसानों ने बेची 204.43 क्विंटल गेहूं



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** आत्मा परियोजना के तहत कृषि विभाग नगरोटा बगवां ने 26 और 27 मई को सिविल सप्लाई डिपो नगरोटा बगवां में करीब 148 किसानों से 204.43 क्विंटल प्राकृतिक विधि से उत्पन गेहूं की खरीद की। ब्लॉक परियोजना तकनीकी मैनेजर प्रियंका ने 148 विभिन्न ब्लाकों से आए किसानों ने गेहूं को विभाग को बेचा है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया है कि वे प्राकृतिक विधि से मक्की, गेहूं और हल्दी की फसल तैयार कर तय दामों पर इन्हें सरकार को बेचकर अपनी आर्थिकी को सुदृढ़ कर सकते हैं।

**गुड न्यूज** कांगड़ा घाटी में जल्द दौड़ेगी छुक-छुक, कंपनी 1 जुलाई तक विभाग को सौंप देगी पुल

# चक्की रेलवे पुल जून माह में बनकर होगा तैयार

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** कांगड़ा घाटी में अब फिर से छुक-छुक की आवाजें जून के बाद सुनाई देगी, क्योंकि कांगड़ा घाटी में ट्रेन पठानकोट-नूरपुर-कांगड़ा-बैजनाथ, पपरोला से नैरोगेज तरफ दौड़ना शुरू हो जाएगी। कंपनी रेलवे पुल का काम जून के आखिरी तक समाप्त कर देगी। चक्की खड्ड पर बना अंग्रेजों के जमाने से रेलवे पुल पानी के तेज बहाव में अगस्त 2022 को बह गया था और जनवरी 2023 में पुल का पुन: निर्माण शुरू हुआ था।

रेलवे विभाग ने पठानकोट से डलहौजी रोड तक और नूरपुर रोड से जोगिंद्रनगर तक रेल चलाने की योजना भी बनानी शुरू कर दी है। पुल के कार्यकारी इंजीनियर रंजीत ने बताया कि पुल पर अभी नैरोगेज ही दौड़ेगी, लेकिन इसका डिजाइन ब्राडगेज के हिसाब से रखा गया है और स्लीपर सीटिंग भी ब्राडगेज के हिसाब की गई है। कांगड़ा तक ब्राडगेज करने के लिए सर्वे हो गया है और कुछ करव अभी रुकावट बन रहे हैं। भविष्य में अगर ब्राडगेज ट्रेन भी चलती है तो स्लीपर को इस भांति मॉडिफाई किया गया है कि उस पर नैरोगेज और ब्राडगेज की भी फिटिंग हो जाएगी। जून माह के आखिरी तक पुल को पूरी तरह से तैयार करना लक्ष्य है और 1 जुलाई को कंपनी पुल रेलवे विभाग को समर्पित कर देगी।

### पुल निर्माण में 40 करोड़ खर्च 50 मीटर नीचे तक पिल्लर लगाए

पुल के निर्माण में करीब 40 करोड़ रुपए खर्च आया है और इसके पिल्लरों की गहरी 50 मीटर तक नीचे रखी गई है, जो पहले पिल्लरों की गहराई से ज्यादा है। स्थानीय लोगों की मानें तो अंग्रेजों के जमाने का बना पुल गिरने की दूसरी वजह चक्की खड्ड में अवैध खनन बना, क्योंकि माफिया ने चक्की खड्ड इतनी गहराई तक खोद दी है कि अंदाजा लगाना भी मुश्किल हो चुका है। न तो पंजाब सरकार और न ही हिमाचल सरकार खनन माफिया पर अंकुश लगा पाई है। वहीं, यह पुल पर ट्रेन सुविधा दोबारा शुरू होने से पठानकोट के व्यापारियों को भी फायदा होगा।



### बाली आज चामुंडा देवी से वृंदावन के लिए बस को दिखाएंगे हरी झंडी

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** श्री चामुंडा देवी से यूपी के वृंदावन के लिए एचआरटीसी की एयर कंडीशन बस हिमधारा को पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक रघुवीर सिंह बाली चामुंडा में हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। हिमाचल पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। एचआरटीसी के डीएम पंकज चड्ढा ने बताया कि बुधवार दोपहर तीन बजे चामुंडा देवी मंदिर में पूजा कर बस को वृंदावन के लिए रवाना किया जाएगा। नगरोटा से बस तीन बजकर 50 मिनट पर चलेगी कांगड़ा बस स्टैंड में स्थानीय लोग बस का स्वागत करेंगे और यहां से 4:40 पर बस रोजाना वृंदावन के लिए रवाना होगी। उन्होंने बताया कि यह बस वाया बगलामुखी, चिंतपूर्णी बाईपास से होकर अगले दिन सुबह आठ बजे वृंदावन पहुंचेगी। बस रोजाना सायं सबा चार बजे वृंदावन से चलकर अगले दिन सुबह साढ़े आठ बजे नगरोटा पहुंचेगी। उन्होंने कहा यात्री बस यात्रा के लिए एचआरटीसी के पोर्टल से ऑनलाइन बुकिंग करबा सकते हैं।

# अंडर-15 फुटबाल टूर्नामेंट: गर्ल्स वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचीं घरोह व स्टैंनफोर्ड की टीमें



धर्मशाला में अंडर-15 फुटबाल टूर्नामेंट के दूसरे दिन मुख्यातिथि के साथ खिलाड़ी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला पुलिस ग्राउंड में आयोजित अंडर-15 फुटबाल टूर्नामेंट के दूसरे दिन आयुक्त नगर निगम जफर इकबाल ने प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कहा कि धर्मशाला शहरी क्षेत्र में बच्चों को आउटडोर खेलों के लिए प्रेरित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही पार्क भी निर्मित किए जा रहे हैं ताकि बच्चे स्वस्थ जीवन शैली की ओर प्रेरित हो सकें। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से ही युवाओं को नशे से दूर रखा जा सकता है। उन्होंने फुटबाल एसोसिएशन की ओर से टूर्नामेंट आयोजित पर सराहना की। इस अवसर पर एसडीएम मोहित रत्न, तहसीलदार गिरीराज भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। फुटबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष वरुण गुप्ता ने बताया कि तीन दिवसीय प्रतियोगिता के ब्वॉयज वर्ग में हाई लैंड पब्लिक स्कूल, रोज पब्लिक स्कूल, एमटीपी पब्लिक स्कूल, आधुनिक पब्लिक स्कूल ने मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। गर्ल्स के मुकाबलों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घरोह, डीपीएस तथा स्टैंनफोर्ड तथा अचीवर हब की टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। यह मुकाबले बुधवार को आयोजित होंगे।

**आउटडोर गेम्स के लिए बच्चों को किया जाएगा प्रेरित: इकबाल**

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री ने तरलोक सिंह चौहान को मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए जाने पर दी बधाई

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान को झारखंड उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए जाने पर शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नियुक्ति न्यायिक प्रणाली में उनकी ईमानदारी और समर्पण भाव को प्रदर्शित करती है। मुख्यमंत्री ने उन्हें आगामी सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### शिमला में जय हिंद सभा का आयोजन 30 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस 30 मई को शिमला के पीटर हॉफ में सुबह 11 बजे एक राज्य स्तरीय 'जय हिंद सभा' का आयोजन करेगी। इस सभा का मुख्य उद्देश्य देश की सेनाओं के पराक्रम, शौर्य और सम्मान के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता को उजागर करना है। इस महत्वपूर्ण सभा में सीएम सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सहित प्रदेश मंत्रिमंडल के सभी सदस्य, कांग्रेस के सभी विधायक, पार्टी के वरिष्ठ नेता, और सभी अग्रणी संगठनों व विभागों के पदाधिकारी तथा पार्टी कार्यकर्ता भाग लेंगे। प्रदेश कांग्रेस की प्रभारी रजनी पाटिल, सह प्रभारी चेतन चौहान और विदित चौधरी भी इस सभा में विशेष तौर पर शिरकत करेंगे, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ जाएगी।

### बनूटी में रोजगार मेला 6 जून को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश श्रम, रोजगार एवं विदेशी नियोजन विभाग द्वारा 6 जून, 2025 को जिला शिमला के बनूटी, विकास खंड टुटू, जिला शिमला में एक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला खेल मैदान बनूटी नजदीक बीडीओ कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी शिमला देविंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस मेले में निजी क्षेत्र के लगभग 40 नियोक्ता विभिन्न प्रकार की रिक्तियों को भरने के लिए उपस्थित होंगे। इन पदों की विस्तृत जानकारी आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस में प्राप्त कर सकते हैं। सभी योग्य एवं इच्छुक आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस पर कैंडिडेट लॉगिन टैब के माध्यम से पंजीकृत करने के उपरान्त अपनी रजिस्ट्रेशन प्रोफाइल पर अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं, जिसके लिए आवेदन करने से पूर्व प्रत्येक आवेदक का नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है। इच्छुक उम्मीदवार अपनी योग्यता सम्बन्धी सभी अनिवार्य प्रमाण-पत्रों/दस्तावेजों सहित खेल मैदान बनूटी नजदीक बीडीओ कार्यालय, तहसील शिमला ग्रामीण जिला शिमला में 6 जून को प्रातः 09:30 बजे पहुंचकर रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं।

### पार्टी की मजबूती पर किया मंथन

अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा। चौपाल विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस संगठन पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के सचिव/सह प्रभारी हिमाचल प्रदेश कांग्रेस विदित कुमार चौधरी की अध्यक्षता में लोकनिर्माण विभाग विश्राम गृह चौपाल में आयोजित की गई। विदित कुमार चौधरी पिछली रात को ही चौपाल पहुंच गये थे। उन्होंने कहा की मैं 22 जून से जिला शिमला के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र जिनमें ठियोग, रामपुर, जुब्बल कोटखाई, रोहड़ू में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं से बैठक कर चुका हूं। आज चौपाल विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस संगठन को मजबूत करना तथा प्रदेश व हर विधानसभा क्षेत्र में नये संगठन तैयार करके कार्य करने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठन में नई जिम्मेदारी देना आदि विषयों पर चर्चा की गई व जानकारी भी प्राप्त की गई। इसके अतिरिक्त कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव द्वारा कहा गया की 30 जून को शिमला में कांग्रेस पार्टी द्वारा जो कार्यक्रम सैनिकों के सम्मान के लिए रखा गया है, उसके लिए कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को आदेश दिए गये कि उस दिन अधिक से अधिक लोग शिमला में होने वाले कार्यक्रम में पहुंचे तथा अपने विधानसभा क्षेत्र में उन सैनिकों को भी शिमला आने का न्यौता दें जिन्होंने सन् 1971 या 1999 की लड़ाई में हिस्सा लिया है। उन्होंने विशेष तौर पर हमारी कांग्रेस सरकार सम्मानित करेगी। विदित चौधरी ने बैठक में प्रदेश में होने वाले पंचायतीराज चुनाव के बारे में भी चर्चा की गई।

# भारत माता की जय से गूंजा तत्तापानी

## करसोग के विधायक दीप राज की अगुवाई में सैकड़ों लोगों ने निकाली तिरंगा यात्रा

महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान


तत्तापानी में तिरंगा यात्रा निकालते करसोग के विधायक दीप राज व स्थानीय लोग।

सुन्नी। देश की सेना के जवानों का मनोबल बढ़ाने के लिए तत्तापानी में स्थानीय लोगों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। सरस्वती विद्या मंदिर तत्तापानी से आरंभ हुई तिरंगा यात्रा तत्तापानी बाजार पहुंची। इस मौके पर जहां तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं, देश की तीनों सेनाओं के जवानों के युद्ध कौशल की सराहना करने के साथ ही उनकी हौसला अफजाई की।

इस दौरान विभिन्न संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस मौके पर करसोग भाजपा विधायक दीप राज ने कहा कि भारतीय सेना ने सफलतापूर्वक देश की माताओं और बहनों के सिंदूर को उजाड़ने वालों को आप सिंदूर के द्वारा स्पष्ट संदेश दिया है कि इस प्रकार की घटना को अंजाम देने वाले जहां भी छिपे हों उन्हें मिट्टी में मिलाने का कार्य भारतीय सेना करेगी। पहलगाम में आतंकियों द्वारा धर्म के आधार पर मारे गए 26 पर्यटकों का बदला, जिस प्रकार से भारतीय सेना ने लिया है, ऐसा उदाहरण कम ही देखने को मिलता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि दोषियों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी, भारतीय सेना ने वह करके दिखाया है। भारतीय सेना ने यह भी साबित कर दिया कि भारत के खिलाफ की जाने वाली नापाक हरकतों को करने वालों का क्या अंजाम हो सकता है। यह तिरंगा यात्रा किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि देश की सेना के शौर्य और उसकी वीरता के प्रति सम्मान है और हर वर्ग, समुदाय और विचारधारा के लोग स्वेच्छा से इसमें भाग ले रहे हैं। वहीं इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से देश की सेना के जवानों का मनोबल बढ़ाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत तत्तापानी सहित आस पास के क्षेत्रों के विभिन्न राजनीतिक दलों सहित सरस्वती विद्या मंदिर तत्तापानी के बच्चों और क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया।

# जिप वार्डों के अन्यायपूर्ण परिसीमन को लेकर डीसी से मिले चेतन बरागटा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



जुब्बल-कोटखाई में जिला परिषद वार्डों के नए परिसीमन को लेकर क्षेत्र में भारी नाराजगी है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने मंगलवार को इस विषय को लेकर डीसी शिमला से मुलाकात कर क्षेत्रवासियों की आपत्ति दर्ज करवाई। उन्होंने संक्षिप्त में डीसी के सामने अपनी बात रखते हुए कहा कि जुब्बल-कोटखाई विस क्षेत्र में लगभग 66 हजार मतदाता है। कोटखाई में 34 हजार और जुब्बल में 32 हजार, इतनी बड़ी आबादी के बावजूद वार्डों की संख्या घटा दी गई है, ऐसा करना तर्कसंगत नहीं है।

चेतन ने कहा कि नए परिसीमन के अनुसार अब वार्डों का क्षेत्रफल बहुत ज्यादा हो गया है, जिससे जनता तक चुने हुए प्रतिनिधियों की पहुंच मुश्किल हो जाएगी। प्रतिनिधित्व कम होने से विकास कार्यों के लिए मिलने वाली राशि और योजनाएं भी प्रभावित होंगी।

### जुब्बल-कोटखाई विस क्षेत्र के साथ भेदभाव क्यों?

जुब्बल-कोटखाई विधानसभा के साथ ही भेदभाव क्यों? जबकि जिले के कई ऐसे क्षेत्र है, जहां मतदाता संख्या बहुत कम है और वहां कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### निष्पक्ष समीक्षा की जाए

जुब्बल-कोटखाई के तीन वार्डों को घटाकर दो कर देना जुब्बल-कोटखाई के साथ सीधा अन्याय है। चेतन बरागटा ने डीसी से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष समीक्षा कर जुब्बल-कोटखाई क्षेत्र के साथ न्याय किया जाए।

# बागवान महंगे दामों पर बाजार से दवाइयां खरीदने को विवश: भाजपा

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**सरकार की कुंभकर्णी नींद से परेशान सेब उत्पादक**

शिमला। हिमाचल का सेब उत्पादक सरकार की कुंभकर्णी नींद से परेशान है। विभाग के पीपी सेंटर बगैर दवाइयों के सूने पड़े हैं और बागवान महंगे दामों पर बाजार से दवाइयां खरीदने को विवश है।

भाजपा जुब्बल की अध्यक्षा मीनाक्षी माटां और भाजपा कोटखाई-नावर के अध्यक्ष सुंदर डोगरा ने कांग्रेस सरकार पर ये आरोप लगाते हुए कहा कि चुनावों के दौरान और सत्ता में आने के बाद कांग्रेस नेताओं ने वादा किया था कि सेब बागवानों को कीटनाशक और फफूंदनाशक दवाइयों की पर्याप्त आपूर्ति की जाएगी, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि बागवानी विभाग के सभी पीपी सेंटर खाली पड़े हैं, जिस कारण बागवान महंगे दामों पर बाजार से दवाइयां खरीदने को मजबूर हैं।

मांटा ने कहा कि हालात यह हैं कि दो साल से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन सरकार ने सेब उत्पादकों के लिए कुछ नहीं किया। बल्कि इससे आगे बढ़कर बागवानों की समस्याएं जस की तस है। उनकी समस्याओं पर जरा भी गौर नहीं किया जा रहा है। इसके उलट, शिक्षा मंत्री अपने क्षेत्र में घूम-घूमकर बीजेपी सरकार के दौरान हुए विकास कार्यों का श्रेय लेने में व्यस्त हैं।

### एंटी-हेल नेट पर भी नहीं मिल रही सब्सिडी

डोगरा ने प्रदेश सरकार से प्रश्न उठाया है कि जब केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश के बागवानों को मिलने वाली एंटी-हेल नेट की सब्सिडी जारी कर दी है तो हिमाचल सरकार बागवानों को वो सब्सिडी देने में क्यों आनाकानी कर रही है। उन्होंने हैरानी जताई कि बागवानों से एमआईएस के तहत खरीदे सेबों का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

# सुन्नी के छविंद्र शर्मा को मिला वीर सावरकर स्मृति सम्मान

अनंत ज्ञान, सुन्नी। उपमंडल सुन्नी की ग्राम पंचायत शकरोड़ी पंचायत के मकड़छा से संबंधित युवा साहित्यकार छविंद्र शर्मा को उनके उत्कृष्ट साहित्यिक अवदान हेतु राजस्थान भाषा अकादमी से शिक्षा, साहित्य, कला एवं संस्कृति का संगम द्वारा वीर सावरकर स्मृति सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उनके सृजनात्मक लेखन, सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर गहन चिंतन, और भारतीय संस्कृति एवं लोकधारा पर आधारित रचनात्मक योगदान को मान्यता प्रदान करता है। उल्लेखनीय है कि छविंद्र शर्मा पूर्व में भी देश-विदेश की प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा अनेक सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। वे नेपाल, दुबई जैसे देशों में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपने शोध पत्रों का वाचन कर चुके हैं तथा अब तक पचास से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में अपने विचार प्रस्तुत कर चुके हैं। उनकी रचनाएं देश की प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में नियमित रूप से प्रकाशित होती रहती हैं।

# हमारी विरासत, हमारा गौरव, संस्कृति संरक्षण की नई पहल काबिलेतारीफ: रोहित ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जिला सिरमौर के संगड़ाह के डुंगी गांव से संबंध रखने वाले गायक दिनेश शर्मा का नया पहाड़ी गीत 'थुंदल की हारूल' जारी किया। यह गीत जिला शिमला के चौपाल विधानसभा क्षेत्र के पुलवाहल के प्राचीन ग्राम थुन्दल की लगभग 800 वर्ष पुरानी लोक गाथा पर आधारित है।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस तरह की पहल हमारी समृद्ध संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और हमारे गरिमामयी इतिहास को संजोए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। रोहित ठाकुर ने कहा कि उनके पूर्वज भी थुन्दल गांव से संबंध रखते थे और इस गीत के माध्यम से उन सभी के पलायन की कहानी सहित अन्य ऐतिहासिक गाथाओं को जीवंत बनाए रखने के सराहनीय प्रयास किए गए हैं। इसके माध्यम से पुरातन लोक संस्कृति, इतिहास और लोगों के रहन-सहन व रीति-रिवाजों की झलक मिलती है।


शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर थुंदल की हारूल गीत एल्बम का विमोचन करते हुए।

### रोहित ठाकुर ने ग्रामवासियों को दी बधाई

रोहित ठाकुर ने मीना राम संघाईक की शब्द रचना को हारूल के रूप में गाने के लिए दिनेश शर्मा और इसे संगीतबद्ध करने के लिए दिनेश डीके सहित कठवार ग्रामवासियों को बधाई दी।

### लोकगाथा के अंत में सेना गांव में लगा देती आग

विवाद बढ़ते-बढ़ते भयंकर युद्ध का रूप लेता है। लोकगाथा के अंत में राजा की सेना के द्वारा युद्ध के दौरान ही गांव को आग लगा दी जाती है। इसके उपरांत थुन्दल निवासियों का पलायन दूर जुब्बल क्षेत्र के बरथाटा, सिरमौर के कठवार व अन्य क्षेत्रों में होता है। क्षेत्र के लोग सैकड़ों वर्षों से इस लोकगाथा को गाते हैं।

# बिलासपुर जिले के 18 सरकारी स्कूलों में डिजिटल लाइब्रेरी शुरू

## ई-सामग्री, वीडियो लेक्चर, ई-बुक्स, मॉडल पेपर्स व क्विज जैसी सुविधाएं

शुभम राही, अनंत ज्ञान



बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश के शिक्षा क्षेत्र में डिजिटल युग की ओर एक सराहनीय कदम बढ़ाते हुए बिलासपुर जिले के 18 सरकारी स्कूलों में डिजिटल लाइब्रेरी की शुरुआत की गई है। यह कार्य बिना किसी सरकारी बजट के शिक्षा विभाग की ओर से विभिन्न स्रोतों की मदद से पूरा किया गया है। यह पहल छात्रों को पारंपरिक पढ़ाई की सीमाओं से बाहर निकालकर तकनीक के जरिए गहराई से और रोचक तरीके से सीखने का अवसर दे रही है। जिले के कुल 25 स्कूलों में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना का लक्ष्य रखा है, जिनमें से 18 स्कूलों में सुविधा शुरू हो चुकी है, जबकि शेष 7 स्कूलों में बजट की प्रतीक्षा में प्रक्रिया लंबित है। डिजिटल लाइब्रेरी में 20 से 22 टैबलेट, फास्ट इंटरनेट कनेक्टिविटी, और पाठ्यक्रम आधारित ई-सामग्री, वीडियो लेक्चर, ई-बुक्स, मॉडल पेपर्स तथा क्विज जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन लाइब्रेरीज को नेशनल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया से भी जोड़ा गया है, जिससे छात्र एनसीईआरटी की किताबों के अलावा राष्ट्रीय स्तर के संसाधनों तक पहुंच बना पा रहे हैं। वहीं, प्रशिक्षित कंप्यूटर अध्यापक इन लाइब्रेरी में तैनात हैं, जो विद्यार्थियों को ऑनलाइन सर्च, सही जानकारी की पहचान और उपयोगी शैक्षणिक पोर्टलों के बारे में मार्गदर्शन दे रहे हैं। इससे न केवल विद्यार्थियों की परीक्षा की तैयारी सुदृढ़ हो रही है, बल्कि उनमें डिजिटल साक्षरता का भी विकास हो रहा है।

> सरकार से अभी बजट नहीं मिला है, लेकिन शिक्षा विभाग ने समर्पण और सहयोग से यह कार्य किया है और जल्द ही बाकी स्कूलों में यह सुविधा उपलब्ध करवा दी जाएगी। यह पहल न सिर्फ हिमाचल प्रदेश, बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है कि इच्छाशक्ति और नवाचार के साथ सीमित संसाधनों में भी बड़े बदलाव संभव हैं।
>
> -रेणु कौशल, उच्च शिक्षा उपनिदेशक।

# बिजली कर्मचारियों को धमकी देकर डराना गलत

बलवंत कमल, अनंत ज्ञान, दधोल।

बिजली की सुचारु व्यवस्था के मेहनजर समस्या से निपटने के चलते बिजली विभाग की ओर से लाइन के नीचे पैदा हो चुके पेड़ पौधों की कांट-छांट में जुटे कर्मचारियों को कुछ लोग उनके काम में बाधा डाल रहे हैं।

शिकायत करने की धमकी देकर कर्मचारियों को डराया जा रहा है। आंधी-तूफान के समय तारों में फंसने वाली लंबी टहनियों तथा बरसात से पहले पेड़ों की कांट-छांट, जहां बिजली की आपूर्ति के लिए अत्यंत आवश्यक होती है, वहीं कुछ लोग 11 सौ नंबर पर कॉल करने की धमकी देकर कर्मचारियों को डराने धमकाने का काम कर रहे हैं। हालांकि, कुछ लोग लोगों की नकारात्मक सोच के खिलाफ हैं। उनका कहना है कि स्वयं तो काम करना नहीं, लेकिन दूसरा कोई कर रहा है तो भी न करने का डर दिखाना कितना सही है स्वतः अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विभाग को चाहिए कि जो लोग सरकारी काम में बाधा डालने का काम करते हैं, उसकी बिजली काट देनी चाहिए, ताकि उसे पता चल सके कि व्यवस्थागत ढांचे को किस तरह से सुचारु बनाया जाता है।

# घुमारवीं में हुड़दंग मचाने पर युवक को किया गिरफ्तार

नीरज शर्मा, अनंत ज्ञान, घुमारवीं। पुलिस थाना घुमारवीं के तहत सोमवार देररात हुड़दंग मचाने पर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अमित कुमार निवासी समलोहल, तहसील घुमारवीं के रूप में हुई है। आरोपी पर शराब के नशे में न सिर्फ घर में हुड़दंग मचाने बल्कि पत्नी, सास और ग्रामीणों को परेशान करने के गंभीर आरोप लगे हैं। अमित ने अत्यधिक शराब पी रखी थी और अपने घर में हंगामा कर रहा था। आसपास के लोगों को भी काफी देर रात तक तंग किया। आरोपी अपनी पत्नी के साथ लंबे समय से दुर्व्यवहार कर रहा था, जिससे परेशान होकर उसकी सास सोमवार को बेटी को अपने साथ ले जाने के लिए समलोहल पहुंची थी। इसके बाद अमित ने शराब के नशे में और भी ज्यादा हंगामा करना शुरू कर दिया। लोगों ने जब स्थिति बेकाबू देखी तो पुलिस थाना घुमारवीं को सूचित किया। पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मंगलवार आरोपी को उपमंडलीय न्यायिक अधिकारी घुमारवीं की अदालत में पेश किया, जहां उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया। डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

### 3 जून को 200 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने बताया कि प्राइवेट लिमिटेड सी 126 सेक्टर 73 मोहाली, इंडस्ट्रियल एरिया फेज-5 की ओर से कस्टमर केयर इग्जेक्यूटिव के 200 पदों के लिए 3 जून को उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं में 11 बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बारहवीं पास होनी चाहिए व मासिक वेतन 16000 रुपए दिया जाएगा। उम्मीदवार की आयु 18 वर्ष से अधिक महिला तथा पुरुष उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित 3 मई को उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं पहुंचें।

### आजाद भारत की ताकत थे पूर्व पीएम नेहरू: संदीप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने कहा कि आजाद भारत की ताकत थे नेहरू और उनकी प्रासंगिकता आज भी है। संदीप ने कहा कि जब देश आजाद हुआ, अमेरिका और इंग्लैंड भारत को एक कंगाल देश की तरह मुंह देख रहे थे। देश में न खाने को अन्न था, न तन ढकने के लिए कपड़ा था, कितनी भयंकर स्थिति रही होगी, ऐसे में साम्राज्यवादी ताकतें फिर से भारत को हड़पने की ताक में थीं। उस समय देश को ताकत देकर प्रथम प्रधानमंत्री स्व. जवाहर लाल नेहरू ने विश्व में निर्गुटीय अवधारणा का विचार देकर देश को खड़ा करने की कोशिश की। उन्होंने प्रथम पंचवर्षीय योजना में कृषि क्षेत्र की बुनियाद रखी। उन्होंने कहा कि आज देश के लोग अपने पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू को उनकी पुण्यतिथि पर दिल से याद करते हैं। पूर्व पीएम जवाहर लाल नेहरू देश की ताकत थे।

### बिलासपुर कॉलेज में ध्यान और योग पर कार्यशाला



अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के भौतिकी विभाग ने आईक्यूएसी और हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट के सहयोग से 'मन और कल्याण के लिए ध्यान और मानसिक स्पष्टता' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों और संकाय को ध्यान के अभ्यास और इसके मानसिक स्पष्टता, तनाव में कमी और समग्र कल्याण पर प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया। डॉ. धनश्याम और शीतल ने प्रतिभागियों को ध्यान की शक्ति और इसके जीवन में उपयोगिता की जानकारी दी। डॉ. अरुण ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की और इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। डॉ. सुरजीत चंदेल ने आज के तेज-तर्रार शैक्षणिक और सामाजिक परिवेश में मानसिक स्पष्टता अत्यंत आवश्यक है। मुख्य अतिथि, डॉ. पीएस कटवाल ने ध्यान के सकारात्मक प्रभावों को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि अभ्यास न केवल मानसिक स्वास्थ्य को सुधारता है, बल्कि समग्र कल्याण को भी बढ़ावा देता है। हेमराज ने ध्यान और मानसिक स्पष्टता के आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक पहलुओं पर गहन चर्चा की। डॉ. मोनिका चंदेल की ओर से धन्यवाद ज्ञापन के कार्यशाला का समापन हुआ।

# सतलुज के साथ लगते क्षेत्रों में जाने से करें परहेज: डीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। डीसी एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राहुल कुमार ने एडवाइजरी जारी की है कि क्षेत्र में बारिश की शुरुआत, संभावित बाढ़ और गंभीर मौसम की परिस्थितियों के कारण सतलुज नदी में जलस्तर में वृद्धि देखी जा रही है। एनटीपीसी कोलडैम की जलग्रहण क्षमता सीमित है। वर्तमान मौसमीय परिस्थितियों के अनुरूप अतिरिक्त जल को छोड़ा जाना आवश्यक हो सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे सतलुज नदी के साथ लगते क्षेत्रों में जाने से पूर्णतः परहेज करें। मछली पकड़ने, नहाने, पशुओं को नदी किनारे ले जाने अथवा किसी भी प्रकार की अन्य गतिविधियों से स्वयं को और अपने परिजनों को दूर रखें, जिससे किसी संभावित दुर्घटना की स्थिति से बचा जा सके। उन्होंने पंचायत प्रधानों, गैर-सरकारी संगठनों, स्वैच्छिक संस्थाओं एवं आम नागरिकों से विशेष अनुरोध किया कि वे इस सूचना को अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों तक पहुंचाएं, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि या संपत्ति की क्षति से बचा जा सके। किसी भी आपदा या आकस्मिक घटना की स्थिति में तत्काल जिला आपदा प्रबंधन के दूरभाष नंबर 9459457061, 01978-224901, 224902, 224903, 224904 बिलासपुर को सूचित किया जा सकता है।

**नदी में बढ़ रहा जलस्तर, लोगों से की सतर्क रहने की अपील**

## मांग | वरिष्ठ नागरिक सभा के प्रतिनिधिमंडल ने समस्याओं को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

# एम्स के बाहर लगे पत्थरों के ढेरों को हटाया जाए

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

वरिष्ठ नागरिक सभा बिलासपुर के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को डीसी राहुल कुमार से मुलाकात की और शहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा।

वरिष्ठ नागरिक सभा के अध्यक्ष डॉ. जेएन मिश्रा की अध्यक्षता में डीसी राहुल और एसडीएम राजदीप सिंह को शॉल और टोपी पहनाकर सम्मानित भी किया। सभा के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त को अवगत करवाया कि एम्स बिलासपुर परिसर के बाहर लंबे समय से रेत, बजरी और पत्थरों के ढेर पड़े हुए हैं, जिससे स्थानीय लोगों को असुविधा हो रही है। उन्होंने मांग की कि इन्हें शीघ्र हटाया जाए और एम्स के मुख्य गेट पर वर्षाशालिका तथा शौचालय का निर्माण करवाया जाए। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में पर्ची काउंटर पर भारी भीड़ के चलते वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सभा ने सुझाव दिया कि महिला व पुरुष दोनों गार्डों की ड्यूटी पर्ची काउंटर पर लगाई जाए, जिससे भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने मांग की है कि शहर की यातायात और नागरिक सुविधाओं को बेहतर करने के लिए सभा ने कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। गुरुद्वारा चौक से आर्य समाज मंदिर तक पैदल पथ का निर्माण, सड़कों के किनारे इंटरलॉक टाइलें बिछाने, मंडी-भराड़ी पुल पर वर्षाशालिका बनाने तथा गर्मियों के मौसम में पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाने की मांग शामिल है।


वरिष्ठ नागरिक सभा बिलासपुर के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को शहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा।

### सभा ने की पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

सभा ने नगर परिषद से आग्रह किया कि शहर को पूरी तरह साफ-सुथरा रखने के लिए और अधिक प्रभावी कदम उठाए जाएं। वहीं, लुहणू, रौड़ा, आईटीआई चौक और बंदला रोड जैसे इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ाने की भी मांग की गई, ताकि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जा सके। इस अवसर पर सभा के महासचिव मस्त राम वर्मा, संरक्षक ओपी गर्ग, सेवानिवृत्त कमांडेंट सुरेंद्र शर्मा, नवल किशोर, शशि वाला, आशा वर्मा, राजपाल टाडू, अब्दुल मजीद, सरदार छप्पाल सिंह, राजेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कार से 19.2 ग्राम चिट्टे के साथ तीन युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**पुलिस को मंडी-भराड़ी में नाकाबंदी पर मिली सफलता**

थाना सदर पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। सहायक उपनिरीक्षक हेम सिंह की अगुआई में पुलिस ने मंडी-भराड़ी क्षेत्र में की गई नाकाबंदी के दौरान एक कार से 19.2 ग्राम चिट्टा बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार, गत रात पुलिस ने किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर नाका लगाया था तथा आवागमन करने वाले वाहनों का निरीक्षण किया जा रहा था। इस दौरान रात करीब सवा 10 बजे एक टैक्सी नंबर एचपी 01के-7062 आई। पुलिस ने इसे रोका तथा तलाशी के दौरान कार के डैशबोर्ड से चिट्टा बरामद हुआ। इसमें तीन युवक सवार थे। आरोपियों की पहचान टैक्सी चालक जय कुमार निवासी चुंडेरा, जिला चंबा, रोहित लखनपाल निवासी चंदराणा, जिला हमीरपुर और राज कुमार निवासी बल्ह जिला मंडी के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार लिया है और उनके खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी बिलासपुर शिव चौधरी ने कहा कि नशे के सौदागरों के खिलाफ यह अभियान भविष्य में और भी सख्ती से जारी रहेगा।

# आपदा से निपटने के लिए 6 जून को होगी मेगा मॉक ड्रिल : एडीएम

## 3 जून को टेबल टॉप एक्सरसाइज की जाएगी आयोजित, विभागों के बीच रणनीति होगी तैयार

अनंत ज्ञान, चंबा

**जिला** चंबा में आपदा प्रबंधन को लेकर 6 जून को राज्य स्तरीय मेगा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा। यह पूर्वाभ्यास राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में होगा, जिसमें बड़े भूकंप की स्थिति को आधार बनाकर राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया जाएगा।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (एडीएम) अमित मैहरा ने सोमवार को एनडीएमए और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ वर्चुअल बैठक में भाग लिया। इस बैठक का उद्देश्य मॉक ड्रिल से पहले सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय और तैयारियों की समीक्षा करना था।



बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। एडीएम अमित मैहरा ने बताया कि इस मॉक एक्सरसाइज के माध्यम से जिले के सभी उपमंडलों में आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावशाली प्रतिक्रिया देने की तैयारी की जाएगी। इससे पहले 3 जून को टेबल टॉप एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी जिसमें विभागों के बीच समन्वय की रणनीति तैयार की जाएगी। इस मेगा अभ्यास में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ-साथ पुलिस, होमगार्ड, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल शक्ति, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं सामाजिक संगठन शामिल होंगे। एडीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने संसाधनों एवं मानव बल का अधिकतम उपयोग करें। मॉक ड्रिल के दौरान केंद्रीय सैन्य बलों के अधिकारी पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहेंगे ताकि अभ्यास की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया जा सके।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन ठाकुर, कमांडेंट होमगार्ड कुशल चंद, उपनिदेशक उच्च शिक्षा भाग सिंह, वन मंडल अधिकारी कृतज्ञ कुमार, अधिशासी अभियंता जल शक्ति जितेंद्र शर्मा, लोक निर्माण विभाग के दिनेश कुमार, राष्ट्रीय जल विद्युत निगम, और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के अधिकारी मौजूद रहे।

# हुनर बाजार : महिलाओं के सपनों को मिल रही नई उड़ान

## चंबा शहर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में की जा रही एक सशक्त पहल

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा शहर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल की जा रही है। यह पहल हर सोमवार और मंगलवार को एसबीआई बैंक के पास चंबा में लगाई जाती है, जिसमें तीन स्वयं सहायता समूह राधा कृष्णा, नव दुर्गा और हुनर मिलकर भाग ले रहे हैं। इस अभियान की शुरुआत वर्ष 2014 में हुई थी, और अब यह अपने दूसरे चरण में प्रवेश कर चुका है। इस प्रेरणादायक मुहिम की अगुवाई कर रही हैं रुचि मनकोटिया, जो नारी सशक्तिकरण की मिसाल बन चुकी हैं। उन्होंने अपने दृढ़ संकल्प और नेतृत्व से शहरी गरीब महिलाओं को आर्थिक मजबूती की दिशा में नई राह दिखाई है।



चंबा शहर में एसबीआई बैंक के पास स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी।

हस्तशिल्प, अचार, सजावटी वस्तुएं, चंबा रूमाल, चंबा थाल और चंबा चप्पल जैसे स्थानीय उत्पाद इस स्टॉल में प्रदर्शित किए जाते हैं। रुचि मनकोटिया का सपना है कि चंबा की महिलाएं सिर्फ घरेलू दायरे में न रहें, बल्कि आत्मनिर्भर बनकर समाज में अपनी अलग पहचान बनाएं।

उन्होंने गर्व से बताया कि उनकी समूह की एक सदस्य राजिंदरी ने शिमला के समझा उत्सव में चंबा का प्रतिनिधित्व किया, जहां उन्होंने चंबा की हस्तशिल्प और स्थानीय पैक किया हुआ भोजन और लाइव भोजन का प्रदर्शन किया। रुचि मनकोटिया ने बताया कि चंबा को हाल ही में 13 राज्यों और 25 शहरों में से चुना गया है, जहाँ 6 प्रमुख श्रमिक समूहों - निर्माण श्रमिक, परिवहन श्रमिक, गिग श्रमिक, बेस श्रमिक, देखभाल श्रमिक और घरेलू श्रमिक - पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

जिला उपायुक्त चंबा भी इस अभियान में सक्रिय सहयोग दे रहे हैं और स्वयं इस पहल की प्रगति पर निगरानी रखते हैं। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए वूमेन फॉर ट्री पहल के तहत डलहौजी की 22 महिलाएं शीघ्र ही पौधारोपण करेंगी।

सबसे खास बात यह है कि इस अभियान से जुड़ी महिलाओं को 10 लाख रुपये तक का ऋण मात्र 4 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है, और जल्दी ही यह राशि 20 लाख तक हो जाएगी, प्रक्रिया को भी महिलाओं की सुविधा के अनुसार बेहद आसान बनाया गया है।

हर सोमवार और मंगलवार को चंबा में और शुक्रवार से रविवार तक डलहौज़ी के सुभाष चौक के पास इन महिलाओं द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाती है, जहां पर्यटक और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में खरीदारी करते हैं। रुचि मंकोटिया ने इस संकल्प के साथ बताया कि मेरा उद्देश्य है महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें उनकी काबिलियत के बल पर पहचान दिलाना।

# विमल नेगी मामले में मुख्यमंत्री का झूठ उजागर : जयराम ठाकुर

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

**मंडी।** बहुचर्चित विमल नेगी की संदिग्ध मौत के मामले में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के दावे अब सवालों के घेरे में हैं। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कही। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह द्वारा सदन से लेकर सार्वजनिक मंचों तक यह कहा गया कि मृतक के परिजनों ने कभी सीबीआई जांच की मांग नहीं की, लेकिन हालिया घटनाक्रम ने उनके इस बयान को पूरी तरह झूठा साबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि विमल नेगी की पत्नी किरण नेगी ने इस मामले में न्याय की लड़ाई सड़क से शुरू की और अदालत तक पहुंचीं। न्यायालय द्वारा सीबीआई जांच का आदेश दिए जाने के बाद भी उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जांच की प्रक्रिया शुरू करवाने की गुहार लगाई। इसके बावजूद जब कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली तो उक्त पत्र की प्रति केंद्रीय गृह मंत्री को भी भेजनी पड़ी।



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि इससे यह साफ हो गया है कि सरकार और मुख्यमंत्री की ओर से सार्वजनिक रूप से जो दावे किए गए, वे तथ्यों से मेल नहीं खाते। यह भी स्पष्ट हो गया है कि परिवार शुरू से ही सीबीआई जांच की मांग करता रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने भी इस मामले को लेकर सरकार पर हमला बोला है और मुख्यमंत्री से स्पष्टीकरण की मांग की है। मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है और आमजन के बीच भी मुख्यमंत्री की विश्वसनीयता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# लड़ोट गांव के लिए बनी संपर्क सड़क लोकार्पित

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** रोहडू विधान सभा क्षेत्र के विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने ग्राम पंचायत शीलादेश के लडोट गांव के लिए बनी संपर्क सड़क का लोकार्पण किया। वहीं विधायक ने इस सडक मार्ग पर हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस को हरी झंडी दिखाकर सफलता पूर्वक पासिंग की। स्थानीय लोगों ने विधायक का ढोल नगाड़ो व फूल मालाओं से विधायक का भव्य स्वागत किया। इस दौरान विधायक ब्राक्टे ने जनसभा को संबोधित किया और लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने अधिकतर समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया। इस अवसर पर विधायक के साथ पूर्व कांग्रेस मंडल रोहडू अध्यक्ष करतार सिंह कुल्ला, शिलादेश पंचायत प्रधान धर्म सिंह पिथियान, विजय चौहान, शक्ति लाल नेगी, सरविंद्र नेगी, प्रधान ग्राम पंचायत उप प्रधान विद्या प्रकाश, देस राज, महिंदर चौहान, बिशन लाल, सहित कई मौजूद रहे।

# विधायक ने किया सिंगाधार स्कूल का निरीक्षण

## समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान का दिया भरोसा

अनंत ज्ञान, चंबा

**डलहौजी** के विधायक डीए ठाकुर ने मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिंगाधार का औचक निरीक्षण किया और विद्यार्थियों व शिक्षकों से सीधा संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन द्वारा भवन से संबंधित गंभीर समस्याएं उजागर की गईं, जिनमें जर्जर कक्षाएं, मरम्मत की आवश्यकता और मूलभूत सुविधाओं की कमी प्रमुख रहीं।



विधायक डीएम ठाकुर ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि छात्रों को बेहतर शैक्षणिक माहौल देना सरकार की प्राथमिकता है और जल्द ही भवन से जुड़ी दिक्कतों को दूर किया जाएगा।

इसके साथ ही, विद्यालय में शिक्षकों के कई पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं, जिसको लेकर अभिभावकों में प्रदेश सरकार के प्रति भारी नाराज़गी देखने को मिली। उन्होंने विधायक से आग्रह किया कि शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए जल्द से जल्द शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। विधायक डीए ठाकुर ने इस विषय को विधानसभा में प्रमुखता से उठाने और शिक्षा विभाग से तत्परता से कार्रवाई करवाने का आश्वासन दिया। इस निरीक्षण ने न केवल विद्यालय की समस्याओं को उजागर किया बल्कि समाधान की दिशा में एक सार्थक कदम भी साबित हुआ।

# बच्चों को दी दृढ़ इच्छाशक्ति व आत्म अनुशासन की प्रेरणा

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय बकलोह में मंगलवार को वार्षिक शैक्षिक निरीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह निरीक्षण केंद्रीय विद्यालय संगठन, गुरुग्राम संभाग के सहायक आयुक्त दीदार सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। निरीक्षण दल ने विद्यालय के स्मार्ट क्लासरूम, विज्ञान प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, कला-कक्ष, खेल कक्ष, खेल मैदान तथा संपूर्ण परिसर का निरीक्षण किया। प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सहायक आयुक्त ने दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्म अनुशासन और निरंतर प्रयास के महत्व पर बल दिया। उन्होंने छात्रों से जीवन में लक्ष्य निर्धारण कर उस दिशा में संकल्पपूर्वक आगे बढ़ने का आह्वान किया।

# संघर्ष संस्थान के प्रशिक्षुओं ने भाजराडू में निकाली तिरंगा यात्रा

हाशू शेख, अनंत ज्ञान

**चुराह।** चंबा जिला के भाजराडू में संघर्ष शिक्षण संस्थान के प्रशिक्षुओं ने आज एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। भारत-पाकिस्तान के बीच हाल ही में बढ़े तनाव और पाकिस्तान द्वारा पहलगाम पर किए गए कायराना हमले के बाद, भारतीय सेना ने तगड़ा जवाब देते हुए देश की सुरक्षा और सम्मान को अक्षुण्ण रखा है। इसी देशभक्ति और एकजुटता के प्रतीक स्वरूप पूरे भारत में जगह-जगह तिरंगा यात्राएं आयोजित की जा रही हैं।

इसी कड़ी में संघर्ष संस्थान के छात्र-छात्राओं ने भाजराडू बाजार से तिरंगा यात्रा निकाली, जिसमें स्थानीय जनता ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। संघर्ष इंस्टीट्यूट के चेयरमैन प्रेम शर्मा ने बताया कि यह यात्रा देशभक्ति की भावना को प्रबल करने और राष्ट्र के प्रति समर्पण व्यक्त करने का एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि जब भी




### देश भक्ति का दिया संदेश

देश किसी चुनौती का सामना करता है, हम संस्थान के सभी सदस्य और आमजन मिलकर देश हित में खड़े रहते हैं और विरोधी ताकतों का पुरजोर विरोध करते हैं। यह तिरंगा यात्रा न केवल युवाओं में राष्ट्र प्रेम को जागृत करने का माध्यम बनी, बल्कि आम लोगों को भी अपने राष्ट्र के प्रति गर्व और एकता का अनुभव कराते हुए देश के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत किया।

# चुवाड़ी में प्राकृतिक खेती से तैयार 12 क्विंटल हल्दी की बिक्री

## आतमा परियोजना के तहत 90 रुपए प्रति किलो की दर से खरीदी हल्दी, किसानों की आर्थिकी हुई मजबूत

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिले में प्राकृतिक खेती की राह पर चल रहे किसानों को अब उनकी मेहनत का भरपूर फल मिलने लगा है। भटियात उपमंडल के किसानों ने प्राकृतिक विधि से तैयार की गई 12 क्विंटल हल्दी को राज्य सरकार के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचकर आर्थिक मजबूती की नई मिसाल पेश की है। कृषि विभाग की आतमा परियोजना के अंतर्गत यह हल्दी 90 रुपए प्रति किलो की दर से खरीदी गई है।

आत्मा परियोजना के निदेशक डॉ. ज्योति रंजन कालिया ने बताया कि केवल उन्हीं किसानों से हल्दी की खरीद की गई है जो गत एक वर्ष या उससे अधिक समय से सितारा प्रमाणित प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। खरीदी गई हल्दी का एक हिस्सा जायका




प्रोजेक्ट के माध्यम से एफपीसी कंपनी भवारना को प्रोसेसिंग हेतु भेजा जाएगा जबकि शेष हल्दी का उपयोग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्रदर्शन प्लांट स्थापित कर जागरूकता बढ़ाने में किया जाएगा। गांव सलोह के राजेश बलौरिया, ओधरा के निखिल ठाकुर, तारागढ़ के करण सिंह, कुठेड़ के शेर सिंह और जनूही की मनीषा शर्मा जैसे किसानों ने बताया कि सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करना एक क्रांतिकारी पहल है। समर्थन मूल्य मिलने से उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य घर के पास ही मिल रहा है, जिससे अन्य ग्रामीण भी इस पथ को अपनाने के लिए उत्साहित हो रहे हैं।

राज्य सरकार द्वारा मक्की, गेहूं, जौं और हल्दी जैसी फसलों पर समर्थन मूल्य दिए जाने से किसानों में आत्मनिर्भरता की भावना प्रबल हुई है। प्राकृतिक खेती से अब न केवल पर्यावरणीय संतुलन बन रहा है, बल्कि गांवों में स्वरोजगार और ग्रामीण युवाओं के लिए नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं।

डॉ. कालिया ने बताया कि प्राकृतिक खेती और विपणन से जुड़ी जानकारी के लिए किसान जिला मुख्यालय स्थित आत्मा परियोजना कार्यालय, खंड तकनीकी प्रबंधक या सहायक तकनीकी प्रबंधक से संपर्क कर सकते हैं।

# फतेहपुर में खुली लाइब्रेरी, अब बच्चों को पढ़ने के लिए नहीं जाना पड़ेगा दूर

रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान

**फतेहपुर।** जिला कांगड़ा की विधान सभा फतेहपुर के बच्चे जोकि अध्ययन की सुविधा के लिए जिला मुख्यालय या अन्य सीमावर्ती राज्यों में अध्ययन के लिए मजबूर थे, उन्हें अब राहत की सांस आएगी क्योंकि फतेहपुर में छह लाख की लागत से नागरिक पुस्तकालय बन कर तैयार हुआ है, जिसका उद्घाटन आज स्थानीय विधायक व योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया ने किया।

इस मौके पर पत्रकारों को जानकारी देते हुए स्थानीय विधायक तथा योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया ने कहा कि विधान सभा फतेहपुर एक ग्रामीण क्षेत्र है। यहां के बच्चों को दूरदराज के क्षेत्रों में लाइब्रेरी की सुविधा के लिए जाना पड़ता था, लेकिन अब यह लाइब्रेरी बन कर तैयार है और उन्हें खुशी है कि हमारे क्षेत्र के बच्चों को दूर दराज के क्षेत्रों में नहीं जाना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि उपमंडल अधिकारी फतेहपुर विश्रुत भारती बधाई के पात्र हैं। जिनकी मेहनत से यह लाइब्रेरी बन कर तैयार हुई है। उन्होंने कहा कि अन्य अधिकारियों से भी उम्मीद है कि वो विकास कार्यों को समय पर निपटाएंगे। यह लाइब्रेरी एसडीएम कार्यालय के समीप जल शक्ति विभाग मंडल फतेहपुर के भवन में बन कर तैयार हुई है जिसमें एसी, वाई फाई तथा किताबों के साथ बच्चों के बैठने का विशेष प्रबंध है। इस मौके पर एस डी एम फतेहपुर विश्रुत भारती, विकास खंड अधिकारी सुभाष अत्री, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग विपन लूना, सहायक अभियंता अमित रंधावा, सहायक अभियंता अभिलाष स्नोरिया, सहायक अभियंता अमन रिहालिया, सहायक अभियंता सुरजीत कुमार, बीडीसी चेयरमैन निशा शर्मा, वीडिसी सदस्य तमन्ना धीमान, अनिल शर्मा विवेक पदेड़ियां, पूर्व युथ अध्यक्ष जगजीत सिंह जग्गू, प्रधान नेरना के साथ अन्य उपस्थित रहे।

### सूडोकु नवताल- 7443

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7442 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

बुधवार, 28 मई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत बैशाख, **तिथि** द्वितीया (01:57): **नक्षत्र** मृगशिरा (00:30), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** धृति (07:08), अभीजित (कोई नहीं)। **राहुकाल** (12:18-02:01)।

### विशेष दिन

- 28 मई 2025: वीर सावरकर जयंती आज।
- 28 मई 2025: चंद्र दर्शन आज।

**मेष:** व्यावसायिक संदर्भ में आशावादी दृष्टिकोण के साथ कार्यस्थल पर आप बहुत ऊर्जावान रहेंगे। व्यापार में यश कीर्ति की वृद्धि होगी। खेल जगत से जुड़े जातकों के लिए समय श्रेष्ठ है।

**वृषः** भाग्य आपको अपने वास्तविक लक्ष्य से विपरीत दिशा की ओर ले जाने को अग्रसर है।वर्तमान समय शुभ फल प्रदान करने वाला है। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मिथुनः** संतान के विवाह की चिंता रहेगी। आज का दिन कुछ मिश्रित परिणाम प्रदान करने वाला हो सकता है। कुछ सकारात्मक घटनाक्रम होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कर्क**: आप अपने व्यवहार में अत्यधिक सफल होंगे और ग्राहकों के साथ स्थायी संबंध बनाएंगे। आपको अपने कार्यस्थल पर कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारी दी जा सकती है।

**सिंहः** आप अपनी योग्यता को साबित करने के लिए बेहतर अवसरों का सुचारु रूप से लाभ उठाएंगे। आपके व्यवहार से सहकर्मी खुश होंगे। जीवन में नई उड़ान भरने का समय आया है।

**कन्याः** धनकोष में वृद्धि होगी। अपने करियर के प्रति गंभीर निर्णय लें। आत्मविश्वास की कमी के कारण गलत फैसले ले सकते हैं। मन में कई दुविधाएं चल रही है।

**तुलाः** लंबे समय से चले आ रहे पारिवारिक विवाद का आज अंतिम दिन है। महत्वपूर्ण कार्य निपटाने में लगे रहेंगे। आज ज्यादा घमंड से नुकसान आप को ही है।

**वृश्चिकः** बहुत सारी व्यावसायिक गतिविधियां हो सकती हैं, किन्तु यह अधर में ही लटक सकती हैं। कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। नौकरी की तलाश में भटकना पड़ेगा।

**धनुः** क्या करूं क्या न करूं इसी स्थिति से आप गुजर रहे है। शांति से फैसले लें, जल्दबाजी में कोई भी कार्य न करें। वाहन क्रय करने का मन बना रहे हैं। अपनी सोच को बदलें, लाभ होगा।

**मकरः** स्त्री जातकों का सहयोग मिलेगा और उनसे सलाह करके किसी कार्य को करना लाभकारी रहेगा। आप दूसरों के लिए बुरा न सोचें। अपने आहार पर नियंत्रण रखें।

**कुंभः** आज आपको बहुत अच्छे अवसर मिलेंगे, लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि आप इन अवसरों का कितना लाभ उठा पाते हैं। आज शांति से विचार कर कोई निर्णय लें।

**मीनः** नौकरी में परिवर्तन के लिए यह सही समय नहीं है, अतः यथा स्थिति को बनाए रखने का प्रयास करें। उन्नति के पथ पर अग्रसर होंगे। अधिकारी वर्ग के लिए समय उत्तम है।

# सुरेश बने राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच चंबा जिला अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच के सक्रिय युवा नेता सुरेश कुमार को चंबा जिले का जिला अध्यक्ष पद सौंपा गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए उन्होंने राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच के वरिष्ठ जिला अध्यक्ष और अपने बड़े भाई राकेश बिज का हृदय से धन्यवाद किया, जिन्होंने उन पर भरोसा जताकर यह पद प्रदान किया। सुरेश कुमार ने विश्वास जताया कि वे अपनी पूरी क्षमता और निष्ठा से जिला चंबा के युवाओं को एकजुट करेंगे और राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच के संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।



# शनि जयंती पर लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पुखरी स्थित शनि देव मंदिर में शनि जयंती के पावन अवसर पर मंदिर एवं भंडारा कमेटी द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। न्याय के देवता भगवान शनि देव महाराज के जन्मोत्सव पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुजन श्रद्धा और भक्ति से आयोजन में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत हवन-पाठ के साथ हुई, जिसमें क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की गई। इसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया।

# डलहौजी के सुकड़ाई बाई में दो बच्चों सहित दिखी मादा भालू, लोगों में दहशत

तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान

**डलहौजी।** उपमंडल के तहत ग्राम पंचायत सूकड़ाई बाई लोगों में उसे समय दहशत का माहौल बन गया जब एक मादा भालू अपने दो बच्चों के साथ रिहायशी इलाके में दिनदहाड़े गांव में दिखी। लोगों ने इसकी जानकारी वन विभाग के रेंज ऑफिसर राहुल को दी। उन्होंने स्थानीय लोगों से संतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि गांव में इस तरह भालू का दिखाना निश्चित रूप से खतरे का संकेत है। उन्होंने कहा कि भालू खाद्य वस्तुओं की सुगंध से आकर्षित होकर आबादी वाले क्षेत्रों में आ जाते हैं। इसलिए उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि अपने घरों के आसपास खाने-पीने की चीज खुले में ना फेंके। क्योंकि जंगली जानवर इन सब चीजों से आकर्षित होकर रिहायशी इलाकों में आ जाते हैं। लोगों ने बताया कि जैसे ही मादा भालू को ग्रामीणों ने देखा तो जोर-जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया जिस कारण मादा भालू जंगल की ओर भाग गई। रेंज ऑफिसर ने आश्वासन दिया है कि गांव के आसपास चौकसी बढ़ा दी जाएगी इसलिए डरने की कोई बात नहीं है उन्होंने लोगों से अपील की है कि जंगल की ओर न जाए।


## कार्यालय ग्राम पंचायत भराडू
विकास खंड द्रंग, जिला मंडी (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भराडू विकास खण्ड द्रंग, जिला-मण्डी, हि.प्र. के लिए निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 29/05/2025 को अपराह्न 04:00 (PM) बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत भराडू में व्यक्तिगत रूप या डाक के माध्यम से पहुँच जानी चाहिए। निविदाएँ दिनांक 31/05/2025 को प्रातः 11:00 बजे पंचायत के समक्ष निविदादाताओं / उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी । **सामग्री विवरणः**-सीमेंट धुलाई, पत्थर, गटका, रेत, बोल्डर, जेसीबी, मिस्त्री, कारीगर आदि की आवश्यकता है।

**नियम व शर्तेः**- 1. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, GST NO तथा गाडी का होना आवश्यक है। 2. निविदादाता को निविदा अपने लैटर पैड पर ग्राम पंचायत भराडू के नाम पर भेजनी होगी 3. निर्माण सामग्री कार्य स्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 4. निविदादाता का रेट कॉन्ट्रैक्ट भी होना चाहिए । 5. निविदादाता यदि सप्लाई आर्डर जारी होने उपरान्त निर्धारित अवधि में सामग्री आपुर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गई सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा । 6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, सामान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएँ किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत/विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 7. सामग्री लेने का अन्तिम मूल्य/निर्णय बिभाग की JUSTIFICATION व पारित निविदादाता के साथ NEGOTIATION अनुसार/उपरान्त किया जायेगा। **नोटः**- उपरोक्त लिखित शर्तो को जो सपलायर पूरा नहीं करता है उस की निविदा रद्द कर दी जाएगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत भराडू**
**विकास खंड द्रंग, जिला मंडी हि.प्र.**



**व अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील जोगिन्द्र नगर जिला मण्डी हि.प्र.।**

मिसल न0-12/2025
तारीख मरजुआ- 21-05-2025
तारीख पेशी- 21-06-2025

Shesh Ram S/o Tek Chand R/o Bhankeher, P.O.Ahju, Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi, (H.P.) ....Applicant

General Public ....Respondent

**बिषयः- जेर धारा 13 (3) जन्म एंव मृत्यु पजीकरण अधिनियम 1969 के अन्तर्गत आवेदन पत्र**

Shesh Ram S/o Tek Chand R/o Bhankeher, P.O.Ahju,, Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi, H.P ने इस न्यायलय में आवेदन पत्र/शपथी पत्र गुजार कर यह अनुरोध किया है, कि उसके ताया/ताउ स्व0 श्री तीतर पुत्र श्री हिरदा की मृत्यु दिनांक 07-03-1983 को हुई थी। लेकिन उसके ताया की मृत्यु तिथि ग्राम पचायत ऐहजू के जन्म एवं मृत्यु रजिस्टर में दर्ज नहीं है। लिहाजा इसे दर्ज करने के आदेश दिये जाये।

अतः सर्व साधारण आम जनता को इस अखबारी ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अगर किसी को उपरोक्त प्रार्थी के दावा बारे किसी प्रकार का कोई उजर / एतराज हो तो वह दिनाक 21-06-2025 को प्रातः 10:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के समक्ष इसे असालतन व वकालतन प्रस्तुत कर सकता / सकते है। आम जनता की और से उपरोक्त दिंनाक एवं समय तक कोई भी उजर एतराज प्रस्तुत न होने की सूरत में उनके विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। आज दिनाक- 22.05.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ ।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी, दण्डाधिकारी तहसील जोगिन्द्र नगर जिला मण्डी हि.प्र.।**



अनंत Classifieds

**NAME CHANGE**

**I, Debu K C** S/o Sh. Tek Chand R/o 18, Adarsh Colony Teetardi, Udaipur Rajasthan-313001 declare that my name is wrongly entered as Debu K C in my Matriculation Examination Documents (ICSE Board Day Star School, Manali) vide Index No.: T/1288/004 in the year 2011. Therefore, this should be corrected and changed from Debu K C to Debu Chhetri. All concerned please note.

**NAME CHANGE**

**I, Komal K C** S/o Sh. Tek Chand R/o 45, Village Nasogi, PO & Tehsil Manali, Distt. Kullu, H.P. declare that my name is wrongly entered as Komal K C in my Matriculation Examination Documents (ICSE Board Day Star School, Manali) vide Index No.: T/7383/009 in the year 2009. Therefore, this should be corrected and changed from Komal K C to Komal Chhetri. All concerned please note.

**नाम परिवर्तन**

**मैं, कुसुम** पत्नी स्व. श्री सुनील दत्त निवासी गांव घनसुई, डाकघर झिरालडी तहसील बड़सर, जिला हमीरपुर (हि.प्र.) घोषणा करती हूं कि मेरे पुत्र शशि शर्मा (Shashi Sharma) के जन्म प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत थाची के रिकॉर्ड में पिता का नाम सुनील शर्मा (Sunil Sharma) के स्थान पर सही नाम सुनील दत्त (Sunil Dutt)व माता का नाम कुष्मा देवी (Kushma Devi)के स्थान पर सही नाम कुसुम (Kusum)दर्ज किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

> **उदासीनता** सबसे खतरनाक बीमारी है जो लोगों को प्रभावित कर सकती है।
> – डॉ. भीमराव अंबेडकर

## संपादकीय

# हिमाचल की शांति में खलल

किरतपुर-मनाली फोरलेन पर टकोली टोल प्लाजा में घटित एक शर्मनाक घटना ने न केवल हिमाचल प्रदेश की शांति को भंग किया, बल्कि पंजाब की छवि को भी गहरा धक्का पहुंचाया है। पंजाब से आए कुछ युवकों ने टोल टैक्स को लेकर टोल प्लाजा कर्मियों के साथ जिस प्रकार का व्यवहार किया, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, निंदनीय और समाज विरोधी है। इस प्रकार का आचरण न केवल कानून व्यवस्था के लिए खतरा है, बल्कि यह हिमाचल जैसे शांतिप्रिय राज्य को भी नुकसान पहुंचाता है। टोल प्लाजा पर टोल देने से इनकार कर तलवारें लहराना, गाड़ी चढ़ाने की कोशिश करना और हुड़दंग मचाना सभ्य समाज के किसी भी पैमाने पर स्वीकार्य नहीं है। इस प्रकार की घटनाएं वाकई चिंता का विषय हैं, क्योंकि ये केवल एक राज्य विशेष की बदनामी का कारण नहीं बनतीं, बल्कि इससे दो राज्यों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों में भी दरारें आ सकती हैं।

यह पहली बार नहीं है जब पंजाब के कुछ असामाजिक तत्वों ने हिमाचल में कानून का उल्लंघन किया हो। इससे पहले भी ऐसी घटनाएं सामने आई हैं जब भिंडरावाला के झंडे लेकर लोगों ने माहौल को खराब करने की कोशिश की, या फिर होटल में खाने के पैसे न देने पर झगड़े किए गए। इन घटनाओं की पुनरावृत्ति यह दर्शाती है कि एक सुनियोजित नीति और कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है। हिमाचल प्रदेश अपनी प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और अतिथि सत्कार के लिए जाना जाता है। देश-विदेश से लाखों पर्यटक यहां शांति और सुकून की तलाश में आते हैं। ऐसे में कुछ लोगों का असामाजिक आचरण न केवल स्थानीय लोगों को असहज करता है, बल्कि पर्यटकों की सुरक्षा को भी खतरे में डालता है। यदि समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाई गई, तो यह पर्यटन उद्योग को भी प्रभावित कर सकता है, जो हिमाचल की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख स्तंभ है। पंजाब सरकार को चाहिए कि वह ऐसे अराजक तत्वों पर कठोर कार्रवाई करे। यह केवल हिमाचल का मामला नहीं है, बल्कि पंजाब की छवि और जिम्मेदारी का सवाल है।

राज्य सरकार को चाहिए कि वह अपने नागरिकों को कानून के प्रति जागरूक करे और हिमाचल जैसे शांति प्रिय राज्यों में अनुशासन और सद्भाव के साथ व्यवहार करने के लिए प्रेरित करे। हिमाचल सरकार ने पर्यटकों के लिए खुले दिल से स्वागत किया है और सुविधाएं भी प्रदान की हैं, लेकिन यह छूट कानून के उल्लंघन की अनुमति नहीं देती। कानून सभी के लिए बराबर होता है, चाहे वह स्थानीय निवासी हो या बाहर से आया पर्यटक। किसी को भी यह अधिकार नहीं है कि वह हिमाचल की धरती पर आकर अराजकता फैलाए या वहां के कानून और परंपराओं का अपमान करे। यह भी देखने में आता है कि कुछ पर्यटक नशे की हालत में ड्राइविंग करते हैं, खुलेआम शराब पीते हैं, सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाते हैं और स्थानीय लोगों से बदतमीजी से पेश आते हैं। यह प्रवृत्ति अत्यंत खतरनाक है।

इससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है, कानून व्यवस्था बिगड़ती है और सामाजिक समरसता पर आघात होता है। पंजाब के युवाओं को चाहिए कि वे हिमाचल आएं तो एक जिम्मेदार पर्यटक की भूमिका निभाएं। यहां के वातावरण और संस्कृति का आदर करें, स्थानीय लोगों के साथ मित्रवत व्यवहार करें और खुद को कानून के दायरे में रखें। हिमाचल और पंजाब का रिश्ता केवल भौगोलिक सीमा तक सीमित नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से भी दोनों राज्य एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। पंजाब के लोग हिमाचल में व्यवसाय करते हैं, रिश्तेदारियां निभाते हैं और जीवनयापन करते हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि इस संबंध को मजबूत किया जाए न कि कुछ अराजक लोगों की हरकतों से कमजोर किया जाए। पंजाब और हिमाचल दोनों को ही चाहिए कि वे परस्पर सम्मान और सहयोग की भावना को प्राथमिकता दें। टकोली टोल प्लाजा पर हुई घटना ने एक बार फिर इस बात की पुष्टि कर दी है कि कानून का पालन करवाने के लिए केवल नियम बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसका कड़ाई से पालन करवाना भी जरूरी है।

पंजाब सरकार को चाहिए कि वह अपने राज्य के युवाओं को अनुशासन और सदाचार का पाठ पढ़ाए। केवल तभी हम एक जिम्मेदार समाज का निर्माण कर पाएंगे, जहां हर कोई शांति, सम्मान और कानून के साथ जीवन जी सके। पंजाब के युवाओं को यह समझना होगा कि जब वे हिमाचल जैसे राज्यों में जाते हैं तो वे वहां के अतिथि होते हैं। अतिथि देवो भव: की भावना का सम्मान तभी संभव है जब अतिथि भी अपने व्यवहार से सम्माननीय बनें। गुंडागर्दी, दादागिरी और अराजकता न तो पंजाब की संस्कृति है और न ही हिमाचल की सहनशीलता। दोनों राज्यों को एक-दूसरे के सहयोगी बनकर काम करना चाहिए, तभी इनकी दोस्ती एक मिसाल बनेगी। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रथम लोकपाल

**पिनाकी** चंद्र घोष भारत के प्रथम लोकपाल हैं। उन्होंने 19 मार्च, 2011 से लोकपाल का कार्यभार संभाला है। वे भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के भूतपूर्व न्यायधीश हैं। पिनाकी चंद्र घोष 2017 से राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य हैं। वे सर्वोच्च न्यायालय से 27 मई, 2017 को सेवानिवृत्त हुए थे। वह पूर्व में कोलकाता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश घोष की पीठ ने जुलाई 2015 में तमिलनाडु की तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता को आय से अधिक संपत्ति के मामले में नोटिस जारी किया था। साल 2013 में संसद के दोनों सदनों में लोकपाल बिल पास कराया गया। फिर इसके 6 साल बाद भारत के पहले लोकपाल की नियुक्ति हुई। पिनाकी चंद्र घोष का नाम भारत के पहले लोकपाल के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली चयन समिति में लिया गया था, जिसे राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा मंजूरी दी गई। इस समिति में 5 लोग शामिल थे। इसके साथ ही राष्ट्रपति भवन में लोकपाल जो कि भ्रष्टाचार विरोधी ओम्बड्समैन है, के अन्य 8 सदस्यों की भी नियुक्ति हुई। ■



पिनाकी चंद्र घोष
जन्म : 28 मई, 1952

## गीत: जीना चाहता हूं मैं



*अनिल शर्मा नील*

*सिर पे दायित्व हैं बहुत उन्हें निभाना चाहता हूं मैं,*
*कुछ सांस बख्श दो अभी और जीना चाहता हूं मैं।*

*सच न हो वो सब जो खुली आंखों ने देखा,*
*ऐसी उम्मीद के साये में अभी और जीना चाहता हूं मैं।*

*वक्त के पायदान पे शतक लगाने उठे हैं जो कदम,*
*बढ़ते रहे वो ऐसी आस में अभी और जीना चाहता हूं मैं।*

*खोखला कर जमीन दीमक अपना घर बनाने लगी है,*
*अस्तित्व की लड़ाई लड़ने अभी और जीना चाहता हूं मैं।*

*भंवर में फंसे कुछ सवाल भटक रहे हैं इधर-उधर,*
*जवाब की तमन्ना में अभी और जीना चाहता हूं मैं।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# 'हॉर्ट लैंप' आप भी लिखिए, भले चाहे छोटा लिखिए



साहित्य सिर्फ कोरी कल्पना या फंतासी नहीं। साहित्य जीवन का यथार्थ है और हर श्वास में रचा बसा है। कन्नड़ लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता अधिवक्ता बानू मुश्ताक की अंग्रेजी में अनूदित कृति हॉर्ट लैंप को बुकर पुरस्कार से नवाजा गया है। यह भारतीय भाषायी साहित्य के लिए बेहद गर्व और गौरव का विषय है। इससे यह साबित होता है कि लेखन किसी धर्म, भाषा, जाति और सीमा में बंधा नहीं है। आमतौर पर सर्वहारा वर्ग की पीड़ा एक जैसी होती है, उनकी जाति या धर्म कुछ भी हो। यह पुरस्कार भारतीय भाषाओं के लिए एक संजीवनी है।



लेखक : प्रभुनाथ शुक्ल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

बुकर पुरस्कार भाषा के नाम पर लड़ने वाले एक सभ्य समाज के लिए साफ संदेश है। अगर भाषा का विभेद होता, तो दीपा भस्थी की तरफ से कन्नड़ से अनूदित बानू मुश्ताक की सिर्फ 12 लघुकथाओं के संकलन हॉर्ट लैम्प को बुकर पुरस्कार से सम्मानित नहीं किया जाता। भाषा और साहित्य सीमा से बहुत दूर है। अब तक यह अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार छह भारतीय लेखकों को मिल चुका है। इसके लिए बानू मुश्ताक के साथ दीपा भी बधाई की पात्र हैं, क्योंकि यह उनकी पहली अनूदित कृति है जिसे यह सम्मान मिला है। बानू मुश्ताक दक्षिण भारतीय लेखिका हैं। बानू मूलरूप से कन्नड़ में अपना लेखन करती हैं। बानू को जो बुकर पुरस्कार मिला है वह कन्नड़ में लिखी उनकी लघुकथा संग्रह से चुनी कुछ लघुकथाओं के अंग्रेजी अनुवाद पर दिया गया है। उन्होंने कुल छह लघुकथा संग्रह, एक उपन्यास, एक निबंध और एक कविता संग्रह लिखा है। उनकी रचनाओं का अनुवाद हिंदी, तमिल, मलयालम और उर्दू में किया गया है।

उन्हें इसके अलावा और भी पुरस्कार मिले हैं। साहित्य में सबसे अहम सवाल है कि आप कितना लिख रहे हैं यह मायने नहीं रखता है। वजूद इस बात का है कि आप क्या लिख रहे हैं। लिखा तो बहुत कुछ जा रहा है या बहुत कुछ लिखा गया है, लेकिन सबको बुकर नहीं मिला। बुकर को ध्यान में रखकर लिखना भी संभव नहीं है, क्योंकि साहित्य कोई तकनीक नहीं एक जीवंत कला है जो बगैर जीवन के जीवंत नहीं होती। बानू लंकेश पत्रिका से भी जुड़ी थीं और उन्होंने बेंगलुरु में ऑल इंडिया रेडियो में भी काम किया। बानू मुश्ताक (77) की स्कूली शिक्षा की शुरुआत भी कठिन चुनौतियों से हुई यही उनके लेखकीय जीवन की चुनौती बनी। उनका जन्म 1948 में कर्नाटक के मुस्लिम परिवार में हुआ था।

शिवमोगा के कन्नड़ मिशनरी स्कूल में पिता के काफी प्रयास के बाद उनका दाखिला भी आठ साल की उम्र में इस शर्त पर हुआ था कि उन्हें छह माह में कन्नड़ को लिखना-पढ़ना आना चाहिए, नहीं तो स्कूल छोड़ना पड़ेगा। बानू एक मुस्लिम परिवार से रहीं जहां स्कूल की शर्त उनके लिए एक चुनौती थी, लेकिन उन्होंने कर दिखाया। मुश्ताक ने 1980 में मुस्लिम समाज में कट्टरता को कम करने के लिए काम किया। उन्होंने मस्जिदों में भी मुस्लिम महिलाओं के प्रवेश की वकालत किया जिसकी वजह से उनके परिवार का सामाजिक बहिष्कार भी हुआ। उन्हें जान से मारने की धमकियां भी मिलीं।

हालांकि उन्होंने स्कूलों में मुस्लिम लड़कियों के हिजाब पहनने का समर्थन किया था, जिसका विवाद कर्नाटक के शिक्षा संस्थानों में आज भी मुद्दा है।

बानू मुश्ताक ने मुस्लिम समाज में औरतों और दूसरी समस्याओं को बड़ी गहराई से परखा। ऐसी समस्याओं ने उन्हें प्रभावित किया जिसे उन्होंने कहानी या लघुकथा का आधार बनाया। लिखने का शौक उन्हें बचपन से था, उनकी पहली कहानी 26 साल की उम्र में प्रजामाता में प्रकाशित हुई। इसके बाद लेखन की दुनिया में उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। जिस हॉर्ट लैंप के लिए उन्हें अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार मिला है उसमें 1990 से 2023 तक की लघुकथाएं हैं। इनमें मुस्लिम समाज की महिलाओं का संघर्ष दिखाया गया है। अनुवादक दीपा भस्थी भी पहली भारतीय हैं जिन्हें यह सम्मान मिला है। मुश्ताक की कहानियों का अनुवाद साल 2022 में पहली बार दीपा भस्थी ने अंग्रेजी में किया। इसमें उन्होंने हॉर्ट लैंप नाम से कन्नड़ से कुछ चुनी हुई कहानियों का अंग्रेजी में अनुवाद किया, जिन्हें बुकर पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। इस पुरस्कार में 50 हजार पाउंड की राशि लेखक को मिलती है। इसमें आधी राशि अंग्रेजी अनुवादक के हिस्से में जाती है। खास यह है कि बुकर पुरस्कार सिर्फ अंग्रेजी कृति या उस भाषा में अनुदित संग्रह को ही मिलता है। इसका मकसद साफ है कि अच्छा साहित्य सभी तक पहुंचना चाहिए, क्योंकि साहित्य की कोई सीमा नहीं होती है। भारतीय रुपए में इस पुरस्कार की कीमत 52.95 लाख होती है। मुश्ताक पहली कन्नड़ लेखिका हैं, जिन्हें बुकर पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया। यह अनुवादक दीपा भस्थी के लिए भी गर्व का विषय है। बुकर पुरस्कार के निर्णायक मंडल के अध्यक्ष मैक्स पोर्टर ने कहानियों की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि हालांकि मुश्ताक की कहानियां स्त्रीवादी विचारधारा की पोषक हैं।

पितृसतात्मक व्यवस्था का मुखर विरोध और प्रतिरोध है, लेकिन सबसे अहम बात है कि इसमें स्त्री के दैनिक जीवन के संघर्ष को बेहद उम्दा तरीके से प्रदर्शित किया गया है। यह अपने आपमें सबसे अलग है। किसी भी अच्छे साहित्य की कोई सीमा नहीं होती, बस उसके लिए मंच और माध्यम आवश्यक है। इसमें न लेखक की भाषा मायने रखती है न लेखक की जाति और धर्म। बस ! आप भी लिखते हैं तो कुछ अच्छा लिखिए, भले छोटा लिखिए या कम लिखिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# राष्ट्र एकता के लिए सिद्धांत-दल से बड़ा देश

भारत सरकार ने विभिन्न दलों के 51 अनुभवी सांसदों के 7 प्रतिनिधि मंडल गठित कर 32 देशों में भेजे हैं, जिन्हे पाकिस्तान को दुनिया के सामने बेनकाब करने का कार्य सौंपा है और आतंकवादियों की शरण स्थली बनकर पाकिस्तान किस तरह से आतंकियों को पाल पोस रहा है, यह बताया जाए।



लेखक : योगिंद्र पाल वालिया
डडौर, बल्ह (मंडी)

भारत की कूटनीतिक पहल राष्ट्रीय हित में सरकार का सराहनीय कदम है, लेकिन दूसरी तरफ विपक्षी दलों ने डेलिगेशनों का विरोध करना शुरू कर दिया है। विपक्ष कई तरह के सवाल पूछ रहा है, जबकि तीनों सेनाओं व विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने पहलगाम घटना से लेकर जवाब देने तक की समस्त जानकारी देशवासियों के समक्ष प्रेस कॉन्फ्रेंस द्वारा दी गई है, लेकिन विपक्ष भरोसा क्यों नहीं कर रहा है? शायद इसी को राजनीति कहते होंगे? लोकतंत्र है। सवाल पूछे जाएंगे, परंतु समय और धैर्य दिखाने की जरूरत होती है। एकाएक सुरक्षा को लेकर सवाल पूछना कितना उचित है? भारत सर्वदलीय डेलिगेशन भेज कर दुनिया को बता रहा है और इधर विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों ही सवाल जवाब में उलझे हैं। टीवी चैनलों में जो प्रवक्ताओं में बहस होती है, वह बहस मल युद्ध जैसी दिखाई देती है। जब जवाब देना नहीं बनता तो इधर-उधर की पुरानी घटित बयानों को तब्बजो देकर बहस को शून्य पर ले जाते हैं। जनमानस थोड़ी देर के लिए भ्रमित हो सकता है, परंतु हमेशा के लिए नहीं।

सवाल जवाब में वर्तमान राजनीति स्तर बहुत हल्का हो गया है जिससे राजनीतिक दलों की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लग जाते है। इतिहास से वाक्य-इतिहास में दर्ज ऐसी एक घटना है, जिसे वर्तमान नेताओं को शिक्षा लेनी चाहिए। वर्ष 1994 में पाकिस्तान ने कश्मीर मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र संघ मानवाधिकार आयोग के समक्ष अन्य इस्लामी देशों के समूह के माध्यम से प्रस्ताव रखा गया था। उस समय पी वी नरसिंह राव भारत के प्रधानमंत्री थे। भारत ने अपनी सक्रियता से अन्य देशों में भारत का पक्ष रखना शुरू किया। 24 फरवरी 1994 को संयुक्त राष्ट्र संघ में प्रस्ताव पर चर्चा होनी थी। भारत की तरफ से अटल बिहारी वाजपेयी को प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व सौंपा गया।



अटल हमेशा दल से बड़ा देश सिद्धांत में विश्वास रखते थे। यही कारण है कि उन्हें विपक्ष में रहते हुए भी संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का पक्ष रखने की जिम्मेदारी दी गई। उनके साथ तत्कालीन विदेश राज्य मंत्री सलमान खुर्शीद व कश्मीर से फारूक अब्दुल्ला भी सदस्य के रूप में साथ गए थे।

वाजपेयी की दलीलों व तर्कों से भारत का पक्ष इस तरह रखा गया जिससे प्रस्ताव गिर गया और पाकिस्तान की इच्छा पूरी नहीं हुई। सभी देशों ने भारत की दलीलों को स्वीकार कर लिया। जब बेनजीर भुट्टो व अटल का आमना-सामना हुआ तो बेनजीर भुट्टो ने पूछा कि आप तो विपक्ष से हैं, परंतु अटल ने जवाब दिया-' मैं भारत का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। जब पहलगाम घटना हुई तो विपक्ष व सत्ता पक्ष एकजुट नजर आया, लेकिन एक सप्ताह उपरांत विपक्ष के स्वर विरोध में गूंजने लगे।

जब पाकिस्तान को जवाब दे दिया गया, उसके उपरांत भी दोबारा से विपक्ष सवाल पूछने लगा है। क्या विपक्ष डेलिगेशन में गए अपने सांसदों को वापस भारत लौटने तक का इंतजार नहीं कर सकता? वर्तमान स्थिति को लेकर विपक्ष संसद सत्र बुलाने की मांग कर रहा है तो सत्ता पक्ष को सत्र बुलाना चाहिए या कोई बैठक बुलाकर वर्तमान घटनाक्रम जैसे विदेश में सांसदों को भेज कर बताया जा रहा है, वैसा देश में भी बता दिया जाए ताकि अटकलों पर पूर्ण विराम लगे और राष्ट्र एकता का संदेश भी दिखाई दे, तो बेहतर रहेगा। अटल के सिद्धांत – दल से बड़ा देश से शिक्षा लेते हुए क्या देश का हर राजनीतिक दल राष्ट्र प्रथम फिर दूसरे स्थान पर दल रखकर अपना रास्ता नहीं बन सकता। रास्ते बनाए जा सकते है, परंतु मन से राष्ट्र सर्वोपरि संकल्प लेने पड़ेंगे। जहां राष्ट्र व सुरक्षा की बात आए, तो एकता का परिचय देना सभी राजनीतिक दलों का राष्ट्र धर्म है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**


## अपनी बात

**हिमाचल** प्रदेश में स्वर्गीय विमल नेगी की मृत्यु जिन अवस्थाओं में हुई है तथा इसके बाद जो हालात प्रदेश में बने हैं, उनसे प्रदेश की आम जनता का विश्वास व्यवस्था के प्रति चरमरा गया है। स्वर्गीय विमल नेगी की मृत्यु आत्महत्या है या हत्या, यह अभी तक प्रदेश सरकार जांच नहीं करवा पाई है, लेकिन अब जब यह शोर मच गया कि नेगी की जेब से एक पेन ड्राइव मिला है और उसे पुलिस द्वारा ही न केवल गायब कर दिया गया, बल्कि उसे फॉरमैट भी कर दिया गया। जब पूरी सरकार स्वर्गीय नेगी की मृत्यु के आक्रोश से उत्पन्न आंदोलन को शांत करवाने के लिए विशेष अन्वेषण दल के गठन का आश्वासन दे रहे थे, उसी समय नेगी की पेन ड्राइव, जिसमें ड्राइंग डिक्लेरेशन या भ्रष्टाचार की तमाम कड़ियों की जानकारी हो सकती थी, उसे गायब करने के जुगाड़ में कुछ लोग लगे थे। यह भी नहीं कि माननीय उच्चतम न्यायालय में सरकार ने दोषियों की जमानत रद्द करने का आग्रह ही नहीं किया। सरकार को इस मामले में सही जांच करवाने में पूरी मद्द करनी चाहिए।

**प्रमोध सिंह, धर्मशाला**

# वीर सावरकर के बारे में किया जा रहा दुष्प्रचार कहां तक सही

यह किसी से छिपा नहीं है कि देश की स्वतंत्रता के बाद देश के इतिहास को तोड़ मरोड़ कर लिखा गया और कुछ गिने चुने तथाकथित स्वतंत्रता सेनानियों का भरपूर गुणगान किया गया और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को या तो नजरअंदाज कर दिया गया या उसे कमतर करने की कोशिश की गई। सुभाष चंद्र बोस और स्वातन्त्र्य वीर सावरकर ऐसे लोग थे जिनसे अंग्रेजी सरकार थर-थर कांपती थी, लेकिन आजादी के बाद यही दोनों लोग सबसे ज्यादा उपेक्षा के शिकार हुए या यूं कहें कि इनके विषय में नकारात्मक प्रचार करने की कोशिश की गई। वीर सावरकर पर तो गांधी जी की हत्या के आरोप लगाकर केस चलाया था। यह बात और है बाद में वे निर्दोष सिद्ध हुए। वे पहले ऐसे स्वतंत्रता सेनानी हैं।



लेखक : हरिराम धीमान
नालागढ़

जिन पर आजादी के बाद झूठा मुकदमा चलाया गया और निर्दोष सिद्ध होने पर सरकार ने उनसे माफी मांगी थी। कांग्रेस के नेताओं द्वारा सावरकर जी के बारे में अनाप-शनाप बातें कही जा रही है और हद तो तब हो गई, जब उन्हें 'माफीवीर' तक का खिताब दे दिया। इसमें कोई संदेह नहीं है कि महात्मा गांधी और जवाहर लाल नेहरू महान स्वतंत्रता सेनानी थे, परंतु यह भी सत्य है कि स्वातन्त्र्य वीर सावरकर इनसे किसी भी सूरत में कम नहीं थे। वास्तविकता यह है कि अंग्रेज सरकार स्वातन्त्र्य वीर सावरकर से डरती थी, जबकि नेहरू तथा महात्मा गांधी का अंग्रेज सरकार से रिश्ता सदेव फ्रेंडली रहा है।

हम सभी को पता है और पढ़ा भी है कि महात्मा गांधी और जवाहर लाल नेहरू उच्च शिक्षा के लिए विलायत गए थे और वहां से बैरिस्टर की डिग्री लेकर वापस आए थे और यहां आकर प्रेक्टिस भी की थी। महात्मा गांधी अफ्रीका भी गए थे और वहां वकालत की थी। बहुत कम लोगों को पता होगा कि सावरकर जी ने भी लंदन के 'ग्रेज इन्न लॉ कॉलेज' से बार एट लॉ की पढ़ाई की थी, लेकिन बैरिस्टर डिग्री लेने के लिए पहले प्रत्येक छात्र को अंग्रेजी सरकार के प्रति वफादारी की शपथ लेनी पड़ती थी। स्वाभिमानी सावरकर को अंग्रेजी सरकार के प्रति वफादारी की शपथ लेना स्वीकार नहीं था। इसलिए उनको बैरिस्टर की डिग्री से वंचित होना पड़ा।



जयंती विशेष

इसके अतिरिक्त पहले 1857 की क्रांति को मात्र गदर कहा जाता था, किंतु सावरकर ने इसे पहली बार स्वातन्त्र्य का प्रथम संग्राम घोषित किया था तथा 10 मई 1907 को उन्होंने इंडिया हाउस लंदन में प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की स्वर्ण जयंती मनाई। जून, 1908 में इनकी पुस्तकद इंडियन वार ऑफ इंडिपेंडेंस 1857 तैयार हो गई, परंतु इस पर प्रकाशन से पहले ही ब्रिटिश सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया था। 1909 में सावरकर के मित्र व् अनुयायी मदन लाल ढींगरा द्वारा लंदन में कर्जन वायली को गोली मार दिए जाने के बाद सावरकर को भी साजिश मे शामिल होने के जुर्म में और गिरफ्तार करके भारत भेजने का फैसला किया, ताकि उन पर केस चलाया जा सके। उन्हें समुद्री जहाज से भारत ले जाया जा रहा था, तो वे जहाज से समुद्र में कूद गए और तैर कर किनारे पहुंच गए, लेकिन योजना के अनुसार मित्र के आने में देरी हो गई, जिसके कारण उन्हें फिर से गिरफ्तार कर लिया गया।

24 दिसंबर 1910 को उन्हें आजीवन कारावास की सजा दी गई। इसके बाद 31 जनवरी 1911 को इन्हें दोबारा आजीवन कारावास दिया गया। इस प्रकार सावरकर को ब्रिटिश सरकार ने क्रांति कार्यों के लिए दो-दो आजंम कारावास की सजा दी, जो विश्व के इतिहास की पहली एवं अनोखी सजा थी। सावरकर 4 जुलाई 1911 से 21 मई, 1921 तक पोर्ट ब्लेयर की जेल में रहे।

आज यह धारणा बनाई गई है कि स्वदेशी का नारा सबसे पहले महात्मा गांधी ने दिया, लेकिन सावरकर पहले व्यक्ति थे जिन्होंने सन् 1905 के बंग-भंग के बाद सन् 1906 में स्वदेशी का नारा दिया और विदेशी कपड़ों की होली जलाई थी। वे पहले भारतीय थे जिन्होंने पूर्ण स्वतंत्रता की मांग रखी थी। सावरकर ने ही वह पहला भारतीय झंडा बनाया था, जिसे जर्मनी में 1907 की अंतरराष्ट्रीय सोशलिस्ट कांग्रेस में मैडम कामा ने फहराया था। हकीकत तो यह है कि उन नेताओं को हिरासत के नाम पर लोगों की आंखों में धूल झोंकने के लिए विश्राम गृह या घर में नजरबंद रखा जाता था, ताकि उनसे सत्ता की सौदेबाजी की जा सके और अंततः यही हुआ। जिन लोगों ने यातनाएं सहीं, उन्हें एक तरफ करके अंग्रेजों ने अपने प्रिय एवं माउंटबेटन के चहेते नेहरू और जिन्ना के बीच सत्ता का बंटवारा कर दिया जिसका खमियाजा हम आज तक भुगत रहे हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# ध्वनि व देशभक्ति गानों की उमंग बढ़ाती है लोगों का हौसला

ध्वनि और देशभक्ति के गानों की उमंग अवश्य ही देश के लोगों का हौसला बढ़ाती है, लेकिन यह बात जान कर आप सभी को आश्चर्य होगा कि ध्वनि तरंगों से भी रोगों के उपचार होते हैं। यह विश्व जीवों से भरा है। ध्वनि तरंगों की टकराहट से सूक्ष्म जीव मर जाते हैं, रात्रि में सूर्य की पराबैंगनी किरणों के अभाव में सूक्ष्म जीव उत्पन्न होते हैं जो ध्वनि तरंगों की टकराहट से मर जाते हैं।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

ध्वनि तरंगों से जीवों के मरने की खोज सर्वप्रथम बर्लिन विश्वविद्यालय में 1928 में हुई थी। शिकागों के डॉ.ब्राइन ने ध्वनि तरंगों से जीवों के नष्ट होने की बात सिद्ध की है। आधुनिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध किया कि शंख और घंटा की ध्वनि लहरों से 27 घन फुट प्रति सेकंड वायु शक्ति वेग से 1200 फुट दूरी के बैक्टीरिया नष्ट हो जाते हैं। पूर्व में मंदिरों का निर्माण गुंवजाकार होता था दरवाजे छोटे होते थे अंदर की ध्वनि बाहर नहीं निकलती थी, बाहर की ध्वनि अंदर प्रवेश नहीं करती थी। मंदिर में एक ईष्ट देव की प्रतिमा, एक दीपक, एक घंटा, शंख होता था।

यहां कोई भी रोगी श्रद्धा से जाता घंटा या शंख ध्वनि कर दीप जलता बैठकर श्रद्धा से प्रार्थना भक्ति करता, मौन ध्यान करता। रोगों के ठीक होने की कामना करता, वह ठीक हो जाता था। इसका वैज्ञानिक कारण घंटा-शंख ध्वनि भक्ति प्रार्थना की ध्वनि तरंगें बाहर न जाकर गुंवजाकार शिखर से टकराकर शरीर से टकराती जिससे शरीर के रोगाणु नष्ट हो जाते, रोग ठीक हो जाते। आज भी पुराने मंदिरों में यह होता है। इसलिए सीमित मात्रा में बोलना ठीक है।

ध्वनि ज्यादा मात्रा में प्रदूषण का रूप ले लेती है, जो शारीरिक एवं मानसिक दृष्टि से हानिकारक होती है। मौन रहने में ही सुख एवं सुख मय जीवन है। ईर्ष्या, क्रोध, डर-यह चार भावनाएं ही इस आयाम के मुख्य प्रकार है। इन के साथ-साथ उत्साह, अवसाद, स्वयं की खुशी तथा किसी भी बाहरी उद्दीपन के प्रति प्रतिक्रिया भी भावनाओं में शामिल है। उदाहरण के लिए मां को देखते ही एक बच्चे की खुशी की भावनाएं ,प्रश्न पत्र को देखते ही एक छात्र की चिंता आदि, भावनाएं मानव जीवन में अर्थ और समृद्धि को जोड़ते हैं। बिना भावनाओं के स्वयं अपनी इच्छाओं, भावनाओं और विचारों को व्यक्त नहीं कर सकता। मां को देखते ही बच्चे की खुशी, प्रेम का आनंद, छात्र को अच्छे प्रदर्शन, चिंता या भय, उपेक्षा की ईर्ष्या, परीक्षा में उत्तीर्ण होने का उत्साह आदि ऐसी भावनाएं है जिनका अनुभव हम अलग-अलग परिस्थितियों में करते हैं। अत: भावनाएं मनुष्य जाति की प्राथमिक प्रेरक प्रणाली है तथा मानव के होने का एक अनिवार्य पहलू यह भी है। भारतीय शास्त्रों के अनुसार, प्राण सभी भावनाओं , संवेगों, इच्छाओं और आवेगों का महत्वपूर्ण आसन है। कुछ भावनाएं व्यवहार में वांछनीय परिवर्तन पैदा करती है। जैसे मित्रता तथा स्नेह, वही कुछ भावनाएं हमारे व्यवहार को बाधित तथा असंगठित कर देती है। भावनाओं का नियंत्रण-सहानुभूति यह भावनाओं को महसूस करने की वो क्षमता है, जो किसी अन्य व्यक्ति द्वारा व्यक्त की गई है। बहुत छोटे बच्चे यह नहीं समझ सकते, परंतु बड़े होते बच्चे इस अलगाव को समझने लगते हैं तथा उसी प्रकार प्रतिक्रिया देते हैं।



सहानुभूति एक-दूसरे की समझने और पाने की क्षमता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सहानुभूति बच्चे अधिक दयालु और संवेदनशील होते हैं और दूसरों की मदद करने की अधिक संभावना रखते हैं। समूह में सीखने तथा टीम वर्क एक-दूसरे की भावनाओं को समझने में मदद करते हैं। एक शिक्षक के रूप में आपके लिए बेहतर तरीके से अपने छात्रों तक पहुंचने के लिए सहानुभूति पैदा करना महत्वपूर्ण है। अत: ध्वनि और देशभक्ति भारत के लिए गर्व की बात है जिसमें वंदे मातरम्, व देशभक्ति के कई गाने हैं जो देशवासियों का हौसला बुलंद करती है, लेकिन आतंकी देश पाकिस्तान अपनी नींदक ध्वनि से आतंकवादी का हौसला बढ़ा रहा है जो समझ से परे है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## एनएच निर्माण कंपनी के खिलाफ हाईवे पर किसान सभा ने दिया धरना, एसडीएम मुर्दाबाद के लगाए नारे

# दमसेड़ा में प्रदर्शन, 2 घंटे बंद रहा यातायात

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** हिमाचल किसान सभा ने एनएच निर्माण कंपनी के निर्माण कार्य से प्रभावितों की मांगों को लेकर दमसेड़ा में हाईवे पर धरना देकर दो घंटे तक यातायात बंद रहा।

धरने का नेतृत्व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह किसान सभा के अध्यक्ष रणताज राणा, दिनेश काकू, प्रधान सरिता देवी और मेहर चंद गारला, अमृत लाल, पूर्ण पराशर, नानक चंद, सोहन सिंह आदि ने किया और स्थानीय पंचायत प्रधान सलिता देवी, उपप्रधान लश्करी राम, प्रभावित जगदीश, सोहन सिंह, सरवन कुमार, भाग सिंह, नेकराम, हरदेव सिंह, गुड्डी देवी, निर्मला देवी सहित दर्जनों लोगों ने भाग लिया। इस दौरान एसडीएम मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि गावर कंपनी द्वारा सरकाघाट से धर्मपुर की निर्मित की जा रही सड़क के निर्माण कार्य से जनता परेशान है वहीं कुछ परिवारों को पिछले डेढ़ साल से मानसिक तनाव में रहना पड़ रहा है। कंपनी ने उनके घरों के आसपास जो कटिंग की है उससे उनके गिरने का खतरा पैदा हो गया है, लेकिन कंपनी के आगे प्रशासन बौना ही साबित हो रहा है।

### चोलथरा में 30 को होगा धरना-प्रदर्शन

**अब** 30 मई को चोलथरा में भी सड़क पर धरना दिया जाएगा और 2 जून को रखोह में धरना-प्रदर्शन होगा। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि उसके बाद उन सभी जगहों पर सड़क पर प्रदर्शन होंगे। उन्होंने चेतावनी दी है कि अब लोग प्रशासन के पास मांगपत्र लेकर नहीं जाएगा बल्कि प्रशासन को लोगों के पास आकर मौके पर समाधान करना होगा।




### हाईवे बंद करने पर माकपा नेता पर केस दर्ज

**सरकाघाट** पुलिस ने माकपा नेता भूपेंद्र सिंह और अन्य लोगों पर दमशेडा में हाईवे निर्माण कंपनी के खिलाफ हाईवे पर 2 घंटे धरना-प्रदर्शन करने को लेकर एफआईआर दर्ज की है। डीसीपी संजीव गौतम ने बताया कि पुलिस थाना में एचआरटीसी ड्राइवर के ब्यान पर पुलिस थाना सरकाघाट में एनएच पर यातायात को दो घंटे से ज्यादा बाधित करने पर मामला दर्ज किया गया।

### घरों की सुरक्षा न की तो एसडीएम कार्यालय में करेंगे भूख-हड़ताल

**पंचायत** प्रधान सलिता सहित अन्य लोगों ने कहा कि यदि उनके घरों की सुरक्षा अगले दस दिनों में सुनिश्चित नहीं कि गई तो वे एसडीएम कार्यालय सरकाघाट में भूख-हड़ताल शुरू कर देंगे। प्रदर्शकारियों की मांग पर तहसीलदार सरकाघाट 2 घंटे के बाद प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे, लेकिन कंपनी के लोग वहां पर न आने से और ज्यादा हंगामा हुआ तब जाकर कंपनी के लोग आए और लिखित सहमति होने पर धरना खत्म हुआ। जिसमे निर्माण कार्य 15 दिन में पूरा करने की लिखित सहमति बनी।

# आपदा से निपटने के लिए वृहद पूर्वाभ्यास 6 को

## पूर्वाभ्यास से पहले 3 को होगाी एक टेबल टॉप एक्सरसाइज: उपायुक्त

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

**मंडी।** भूकंप जैसी आपदा से निपटने के लिए आयोजित किए जा रहे राज्य स्तरीय वृहद पूर्वाभ्यास (मेगा मॉक एक्सरसाइज) की तैयारियों के दृष्टिगत मंगलवार को एक वर्चुअल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस में उपायुक्त अपूर्व देवगन सहित मंडी जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्यों ने उपायुक्त कार्यालय के वीसी कक्ष से वर्चुअल माध्यम से भाग लिया।

अपूर्व देवगन ने बताया कि यह वृहद पूर्वाभ्यास आगामी 6 जून को पूरे प्रदेश सहित मंडी जिला में भी आयोजित किया जा रहा है। इसके माध्यम से भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों का पूर्वाभ्यास किया जाएगा।


वर्चुअल कॉन्फ्रेंस में भाग लेते हुए डीसी अपूर्व देवगन व अन्य।

उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय सहित मंडी जिला के चिह्नित उपमंडलों में यह पूर्वाभ्यास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्वाभ्यास से पहले 3 जून को एक टेबल टॉप एक्सरसाइज भी आयोजित की जाएगी। इसमें पूर्वाभ्यास को लेकर जिला से संबंधित कार्य योजना भी प्रस्तुत की जाएगी। इस समन्वय कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), आपदा प्रबंधन से जुड़ी विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों, सशस्त्र सेना, भारत-तिब्बत सीमा सुरक्षा बल सहित प्रदेश स्तर पर गठित आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के विभिन्न अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित थे। उपायुक्त वीसी कक्ष में अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद्र, उपमंडलाधिकारी (ना.) सदर रूपिंदर कौर सहित प्राधिकरण से जुड़े सभी अधिकारी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### पंडित नेहरू व रमाबाई अंबेडकर को किया याद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री व आधुनिक भारत के निर्माता पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर गांधी भवन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि भेंट की। इस मौके पर अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने कहा कि आज ही के दिन पंडित जवाहर लाल नेहरू के साथ-साथ त्याग, बलिदान एवं साहस की प्रतीक रमाबाई भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर शत शत नमन करते हैं। चमन राही ने कहा कि सभी कांग्रेसजनों ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के सपने को साकार करने और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सन्नी इपन, आकाश शर्मा, भूप सिंह, प्रदीप शर्मा, प्रकाश, भगवान सिंह, अलकनंदा हांडा, आरती मल्होत्रा, महेश कुमार, उपेंद्र शर्मा, संजय शर्मा, कहेर सिंह कटोच, योगराज योगा, देव सैणी, कर्म सिंह सैणी, राम लाल शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।

### कांस्य पदक जीतकर बढ़ाया स्कूल का मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी के छात्र समीर ने पड्डल जिला मंडी में आयोजित जिला एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की अंडर-14 श्रेणी में हाई जंप प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया है। समीर की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है और उन्होंने स्कूल का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने समीर को बधाई दी और भविष्य की प्रतिस्पर्धाओं में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### मार्च पास्ट में किन्नौर आईटीआई का दबदबा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** आईटीआई पपलोग में 34वीं राज्य स्तरीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खेलकूद (पुरुष) प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। प्रतियोगिता के शुभारम्भ समारोह में विधायक धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र चंद्रशेखर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान चंद्रशेखर ने कहा कि खेल विद्यार्थी जीवन की महत्वपूर्ण गतिविधियों में से एक है। पांच दिवसीय 34वीं राज्य स्तरीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खेलकूद (पुरुष) प्रतियोगिता में राज्य के 12 जिलों के लगभग 450 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के शुभारंभ में सभी संस्थानों के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में राजकीय औद्योगिक संस्थान किन्नौर ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर आईटीआई मंडी जबकि तीसरे स्थान पर आईटीआई शिमला रहा।

### सभी गैस उपभोक्ता करें ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** अब सभी गैस उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य हो गया है। इंडेन गैस सर्विस सुंदरनगर के संचालक एवं कामाक्षा गैस एजेंसी सुंदरनगर के प्रबंध निदेशक दीपक शर्मा ने बताया कि उपभोक्ता अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से गैस बुकिंग के लिए 84549-55555 नंबर पर मिस्ड कॉल करें, लेकिन ये मिस्ड कॉल उस दिन ही करें जब गैस की गाड़ी आपके क्षेत्र में आ रही हो। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता मैसेज बॉक्स में चार अंकों का डिजिटल ओटीपी कोड आएगा। उसे डिलीवरी ब्वॉय को नोट करवा कर आप गैस सिलिंडर प्राप्त कर सकेंगे। आप डिजिटल माध्यम से ऑनलाइन बिल का भुगतान अपनी सुविधानुसार करने का प्रयास करें। आने वाले समय में पूरी कार्य प्रणाली डिजिटल हो जाएगी।

### माउंट मौर्या के छात्रों ने चमकाया स्कूल का नाम

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल, जोगिंद्रनगर के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। स्कूल के कक्षा 6वीं के छात्र-छात्राएं अनुष्का ठाकुर, अद्विक राठौर, अवनि पराशर, कौस्तुभ राणा, रिद्धवी, ईशान, आद्या, मधुश्रवा और मानसी गोस्वामी ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। कक्षा 9वीं से अखिल चौहान, दिव्यांश ठाकुर और अभिराज शर्मा ने भी यह प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विशेष उपलब्धि के रूप में रिद्धवी ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में भी सफलता अर्जित की, जिससे स्कूल की दोहरी उपलब्धि रही। इस गौरवपूर्ण अवसर पर प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर ने कहा, 'यह सफलता हमारे विद्यार्थियों के अनुशासन, समर्पण और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। विद्यालय प्रबंधन, समस्त शिक्षकों और अभिभावकों ने सभी विजयी छात्रों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### हिम खंड पत्रिका का 83वां अंक विमोचित

**अनंत ज्ञान, महादेव।** आचार्य डॉ. पीसी कौंडल द्वारा संचालित एवं सम्पादित राष्ट्रीय हिन्दी त्रैमासिक पत्रिका हिम खंड के 83वें अंक जनवरी-मार्च का विमोचन बल्ह ब्लाक की खंड विकास अधिकारी शीला ठाकुर द्वारा ब्लाक कार्यालय नेरचौक में किया गया। इस अवसर पर पंचायत निरीक्षक विपिन ठाकुर, अधीक्षक सुनीता देवी, कम्प्यूटर आप्रेटर जोगिंद्र शर्मा व सीता राम वर्मा उपस्थित रहे। बीडीओ ने इस अंक के प्रकाशन के लिए पत्रिका के संपादक को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### क्षत्रिय संघ मनाएगा महाराणा प्रताप जयंती

**अनंत ज्ञान, महादेव।** क्षत्रिय संघ सुंदरनगर के संयोजकत्व में स्वाभिमान, शौर्य और राष्ट्र भक्ति के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती 29 मई को प्रात: साढ़े दस बजे गांव घुकनू (निचला महादेव) में आयोजित की जाएगी।संघ के सक्रिय युवा कार्यकर्ता विजय कुमार, विनोद कुमार व रजत चौहान ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू परिषद उत्तर भारत के महामंत्री लेखराज राणा होंगे।

# समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक मेले: जीवन

## शारदा माता नेर मेले के समापन में कांग्रेस नेता ने नवाजे खिलाड़ी

अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान



**जोगिंद्रनगर।** उपमंडल के नेर गांव में आयोजित तीन दिवसीय शारदा माता नेर मेले का सोमवार को विधिवत समापन हुआ। मेले के समापन समारोह में पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जीवन ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मेला कमेटी द्वारा जीवन ठाकुर को पारंपरिक शाल, टोपी पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

मुख्यातिथि जीवन ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि मेले हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं और ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा एवं पारंपरिक खेलों को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि शारदा माता नेर मेला क्षेत्र की आस्था और परंपरा से जुड़ा हुआ है और इसे और भव्य रूप में मनाने के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। समारोह में पारंपरिक कुश्ती प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए पहलवानों ने भाग लिया।

जीवन ठाकुर ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही मेला कमेटी को अपने निजी कोष से धनराशि भी प्रदान की। मेला कमेटी ने सफल आयोजन पर सभी आगंतुकों, प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में मेले को और बड़े स्तर पर आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

## फोरलेन का सर्विस रोड अवरुद्ध, नाली न होने से बह रही गंदगी

**अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन एवं बल्ह विधानसभा क्षेत्रों आदि के यहां आते फोरलेन से संबंधित सर्विस रोड जगह निर्मित ही नहीं हो पाया है यानि अवरुद्ध स्थिति में है। वहीं उचित ढंग की नाली व्यवस्था न होने से गंदगी आधे-अधूरे फटेहाल सर्विस रोड पर ही बह रही है। सर्विस रोड के मुकम्मल न होने से वाहन चालकों आदि को भारी परेशानी से जूझना पड़ रहा है। खासकर गांव नौलखा, तरोट, कनैड, भौर तथा डडौर फोरलेन से जुड़े ऐसे व्यस्त इलाके हैं जहां एक बड़े भाग में सर्विस रोड संबंधी बदहाली साफतौर पर देखी जा सकती है। लोगों ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और मंडी की सांसद कंगना रनौत से मांग की है कि शीघ्र सर्विस रोड की सुध लेते हुए अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं।

# बल्ह विधायक ने की मंदिर निर्माण के लिए एक लाख देने की घोषणा



गुलशन, अनंत ज्ञान

**रिवालसर।** बल्ह उपमंडल के लेदा गांव में स्थित आदि शक्ति भगवती मां दुर्गा महाकाली मंदिर के निर्माण कार्य के लिए गत दिवस सोमवार दोपहर 3 बजे भूमि पूजन समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी ने विधिवत रूप से भूमि पूजन किया और मंदिर निर्माण के लिए अपनी विधायक निधि से 1 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस मौके पर विधायक इंद्र सिंह गांधी ने कहा कि धार्मिक स्थलों का विकास समाज में आस्था और एकता को मजबूती देता है। भूमि पूजन कार्यक्रम में मंदिर कमेटी की प्रधान गीता देवी, उपप्रधान राजेन कुमार, कैप्टन रूपचंद, सूबेदार जगदीश कुमार, खेम चंद, परमा राम, सोहन सिंह गुलेरिया, ललित शर्मा, लक्ष्य ठाकुर, मुनीश कुमार, विंदेशा देवी सहित अनेक स्थानीय लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नागेश्वर महादेव कुड्ड में मेला शुरू

## सेवानिवृत्त अभियंता सुरेश चौहान ने पूजा-अर्चना कर किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान, लडभड़ोल



**लडभड़ोल** तहसील क्षेत्र के प्राचीन और पावन धार्मिक स्थल नागेश्वर महादेव कुड्ड में मंगलवार को दो दिवसीय वार्षिक मेले का भव्य शुभारंभ हुआ। आस्था, उत्साह और पारंपरिक उल्लास के बीच आयोजित इस मेले का उद्घाटन केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, दिल्ली से सेवानिवृत्त सहायक अभियंता सुरेश चौहान ने विधिवत पूजा-अर्चना और हवन यज्ञ में भाग लेकर किया।

मुख्य अतिथि सुरेश चौहान ने मंदिर में शीश नवाया और मेले के सफल आयोजन के लिए 4200 की सहयोग राशि भेंट की। इसके अतिरिक्त, श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने मंदिर की प्राचीन गुफा में सीढ़ियों के निर्माण का संपूर्ण खर्च स्वयं वहन करने की घोषणा की। मेला कमेटी के प्रधान संजीव शर्मा ने बताया कि यह मेला क्षेत्र की सदियों पुरानी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि मेला समिति ने लडभड़ोल क्षेत्र के सभी युवक मंडलों, महिला मंडलों, व्यापार मंडल और ग्रामवासियों को इस आयोजन में भाग लेने हेतु आमंत्रण भेजा है। संजीव शर्मा ने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इस ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने तथा इसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए मेले में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं।

## बीटेक स्टूडेंट पर कैंची से किया हमला, गंभीर घायल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट नगर परिषद के रोपा कालोनी वार्ड के बीस वर्षीय निवासी शिवांश देव पुत्र मुनीश कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि वह गुजरात में बीटेक कर रहा है और घर पर छुट्टी पर आया है। दिन के 2.35 बजे जब वह बस स्टैंड में बाल कटवाने अपने दोस्त के साथ आया तो उसी समय रोपड़ी गांव के निवासी अभिषेक दुकान के अंदर नशे में धुत्त आया और शिकायतकर्ता के दोस्त कृष को अभद्र भाषा में गालियां देने लगा। उसको जब रोकने की कोशिश की गई तो उन्होंने हम लोगों के साथ हाथापाई शुरू कर दी और जब शिकायतकर्ता ने वहां से जाने की कोशिश की तो अभिषेक और उसके साथ आए दोस्तों ने मारपीट की और दुकान से कैंची से वार किया जिससे उसके सिर पर गंभीर रूप से चोटें आई हैं।

पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई और घायल शिवांश का मेडिकल चेकअप कराया और अस्पताल के डॉक्टर ने भी शिवांश देव की चोटों को गंभीर बताया। पुलिस ने अभिषेक और उसके दोस्तों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फतेहपुर में 67 ग्राम चरस सहित युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पुलिस थाना सरकाघाट के तहत आने वाले क्षेत्र में पुलिस ने यातायात चैकिंग के दौरान एक युवक को 67 ग्राम चरस के साथ धर दबोचा। पुलिस टीम ने फतेहपुर के पास पिकअप (एचपी28-7015) को जांच के लिए रोका। वाहन की तलाशी के दौरान चालक विशाल गुलेरिया के कब्जे से 67 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने मौके पर युवक को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी रजनीश ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है और कहा कि आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### जोगिंद्रनगर में शनि देव की कथा का पाठ

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल में मंगलवार को शनि जयंती के पावन अवसर पर भक्ति और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर ढेंलू स्थित शनि मंदिर सहित क्षेत्र के अन्य मंदिरों में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। मुख्य कार्यक्रम ढेंलू के शनि मंदिर में आयोजित किया गया, जहां आचार्य राकेश शर्मा के सान्निध्य में हनुमान चालीसा पाठ, हवन-यज्ञ और शनि देव की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर समस्त वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शनि जयंती के विशेष आयोजन में शनि देव की कथा का भी पाठ किया गया। आचार्य राकेश शर्मा ने शनि देव की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि शनि देव सूर्य भगवान और छाया माता के पुत्र हैं। उनके जन्म के समय से ही उनके भीतर गहन आध्यात्मिक शक्ति और न्याय का भाव था। कार्यक्रम में पूर्व सांसद स्वर्गीय रामस्वरूप के सुपुत्र शांति स्वरूप शर्मा, बीजेपी बूथ अध्यक्ष मसौली दीपन कुमार, मंडल कमेटी के सदस्य यादव सिंह, एबीवीपी के कार्यकर्ता आयुष ठाकुर, अमन ठाकुर, समी, मुनीम सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे। पूरे क्षेत्र में शनि जयंती को लेकर उत्साह और आस्था का माहौल रहा।

### सेवा संकल्प समिति का अधिवेशन कल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सेवा संकल्प समिति सरकाघाट का वार्षिक अधिवेशन 29 मई को शिव मंदिर सरकाघाट के प्रांगण में सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सेवानिवृत डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन न्यायाधीश बीआर चंदेल मुख्य अतिथि होंगे। समिति के महासचिव राकेश पंकज ने बताया कि सभी सदस्यों की उपस्थिति अधिवेशन को गौरवान्वित करेगी तथा कार्य करने की प्रेरणा देगी। अधिवेशन में पिछले वित्त वर्ष का लेखा जोखा, क्रियाकलाप और भविष्य की योजनाओं के बारे में चर्चा होगी। इसके पश्चात सामूहिक भोज का भी आयोजन होगा।

# कांग्रेस पार्टी में राहुल गांधी फार्मूले पर बने कार्यकारिणी: चमन राही

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



**अखिल** भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने जारी बयान में कहा कि परिषद की बैठक उपरांत निर्णय लिया गया कि जातिगत जनगणना के राहुल गांधी के फार्मूले का हम समर्थन करते हैं। इसके साथ ही दलित, पिछड़ा व अल्पसंख्यक वर्गों के सहयोग से ही हिमाचल में कांग्रेस सत्तासीन हुई है, लेकिन आज दिन तक न बोर्ड निगमों में जनसंख्या के आधार पर उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। इसके साथ प्रदेश, जिला व ब्लॉक स्तर पर जातिगत गणना के आधार पर पार्टी संगठन में प्रतिनिधित्व दिया जाए। उन्होंने कहा कि गत 28 फरवरी को हिमाचल प्रभारी रजनी पाटिल ने नए संगठन को लेकर फ्रंटल ऑर्गनाइजेशन, विधायक, पूर्व मंत्री व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श व बैठक की थी, लेकिन लंबा समय बीतने के बाद भी किसी की नियुक्ति नहीं हुई है। उस समय रजनी पाटिल ने कहा था कि मैं यह सारी रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे को सौंपूंगी।

बता दें कि 6 नवंबर 2024 को सभी कार्यकारिणियां भंग कर दी थी। लंबा समय बीतने के उपरांत कांग्रेस संगठन में स्थिलता आ रही है, जिससे कार्यकर्ताओं को मनोबल तो गिर ही रहा है, साथ में कांग्रेस पार्टी कमजोर हो रही है। इस मौके पर संयोजक सन्नी इपन, सह सचिव सादिक मोहम्मद, सरदार सुच्चा सिंह, जिलाध्यक्ष चंद्रवीर कागरा, महासचिव अशोक नागवंशी व बल्ह सुधार सभा के अध्यक्ष यशवंत गुलेरिया आदि उपस्थित रहे।

## नेरचौक में फ्लाईओवर बनाने की मांग ने पकड़ा जोर

# जान जोखिम में डाल एनएच को पार कर अस्पताल जाना मजबूरी



भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान

**महादेव।** नेरचौक स्थित श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज करवाने आते लोगों को जान जोखिम में डालकर एनएच पार करना पड़ता है। भंगरोटू गांव के निकट नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत आते इस भीड़भाड़ वाले इलाके में यातायात भी भारी भरकम रहता है। इस सार्वजनिक स्थान पर लोगों की सुविधा के लिए आर-पार जाने के लिए भूमिगत पैदल पार पथ या फ्लाईओवर बनाने की मांग लंबित पड़ी है, मगर अभी तक इस दिशा में संबंधित विभाग तथा कई आई गई सरकारों ने गंभीरता न दिखाते हुए कतई कार्य नहीं किया जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। लोगों ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं मंडी की सांसद कंगना रनौत से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही उक्त मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के यहां आर-पार जाने के लिए फ्लाईओवर आदि निर्मित करने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं।




**कार्यक्रम** जिला स्तरीय देव मेला बालीचौकी संपन्न, पूर्व मुख्यमंत्री ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत

# ग्रामीण मेलों से पोषित होती है पहाड़ी संस्कृति: जयराम

नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बालीचौकी।** 5 दिनों तक चलने वाले जिला स्तरीय देव मेला बालीचौकी आज संपन्न हो गया। समापन समारोह में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेले न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक होते हैं और ये देव और मनुष्य के मिलन के भी साक्षी होते हैं।

जयराम ठाकुर ने कहा कि पहाड़ी संस्कृति ग्रामीण मेलों से पोषित होती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस समय एक ऐसी सरकार सता में है जो काम करने में नहीं बल्कि संस्थान बंद करने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि आज पूरा प्रदेश हमारी सरकार के उस दौर का इंतजार कर रहा है जहां विकास की बयार चलती थी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वर्तमान सरकार ने सराज में अपने अढाई वर्षों के कार्यकाल में एक भी नया संस्थान नहीं खोला लेकिन 45 संस्थान बंद कर दिए। उन्होंने कहा कि पहली बार हम देख रहे हैं कि न तो सरकार अपने आप काम कर रही है और न ही पूर्व सरकार के कार्यों को पुरा कर पा रही है।


बालीचौकी मेले समापन समारोह के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व अन्य।

### विभिन्न विकास कार्यों को विधायक निधि से दिए 10 लाख

इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों के लिए 10 लाख और मेला कमेटी बालीचौकी के लिए अपनी ऐच्छिक निधि से 31 हजार रुपये देने की भी घोषणा की।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा, बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी, बालीचौकी ब्लॉक समिति के चेयरमैन शेर सिंह ठाकुर, भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल सिंह, मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार भी उपस्थित रहे। मेले के समापन के साथ ही मेले में शामिल देवताओं ने भी एक दूसरे से विदाई ली। इस बार बंजार क्षेत्र के धामणी छमांहू भी बतौर मेहमान देवता शामिल हुए।



## न्यूज ब्रीफ

### ऊना शहर के युवाओं ने लगाई मीठे पानी की छबील

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान, बंगाणा।** बीते सोमवार को ऊना शहर के युवाओं द्वारा लगातार तृतीय वर्ष मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया था।जिस में विभिन्न कार्यों से पैदल व वाहनों से गुजरने वाले लोगों ने इसका सेवन किया। इस मौके पर साहिल अरोड़ा कोंदु व आर्यन चड्ढा के साथ अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

### स्कूल प्रवक्ता संघ ने डिप्टी डायरेक्टर से की भेंट



**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान, पंजावर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला ऊना ने अध्यक्ष शशि सैनी की अध्यक्षता में डिप्टी डायरेक्टर हायर एजुकेशन अनिल कुमार तखी व डिप्टी डायरेक्टर एलिमेंट्री एजुकेशन सोमलाल धीमान से शिक्षाचार भेंट की । प्रवक्ता संघ ने शिक्षा में गुणवत्ता बनाए रखने व स्कूलों के विभिन्न मुद्दों पर गहनता से विचार-विमर्श किया व स्कूल के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अपना पूरा योगदान देने का आश्वासन डिप्टी डायरेक्टर को दिया। प्रवक्ता संघ ने कुछ मांगों को जैसे तीन जगह हाजिरी लगाने की बजाए एक ही मोड में हाजिरी लगे क्योंकि बायोमेट्रिक व स्विफ्ट चैट दो जगह ऑनलाइन हाजिरी लग रही है जिसका कोई औचित्य नहीं है तथा फार्मल ड्रेस को विशिष्ट रंग में न बांधा जाए, जैसे मुद्दे प्रमुखता से रखे। डिप्टी डायरेक्टर हायर एजुकेशन अनिल कुमार तखी ने संघ द्वारा रखी गई सभी मांगों को व सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना व सकारात्मक दृष्टिकोण से सभी समस्याओं का हल करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महासचिव संजीव कुमार, विकास रतन, संजीव शर्मा, विपिन शर्मा, रामपाल, रामकुमार, जितेंद्र कुमार, राकेश शर्मा, राजेंद्र कौशल, सतीश कालिया, राजीव राणा, संदीप धीमान, संजीव धीमान, राजेश बंसल, जितेंद्र कुमार, राजेश सैनी, संदीप सैनी सहित अन्य प्राध्यापक भी मौजूद रहे।

### 6 जून को भूकंप आधारित मेगा मॉक अभ्यास

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण ऊना में अतिरिक्त उपायुक्त ऊना महेंद्र पाल गुर्जर की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अभिमुखीकरण सह-समन्वय बैठक सफलतापूर्वक आयोजित हुई। बैठक में मेजर जनरल सुधीर बहल, प्रमुख सलाहकार (एमई) और घटना प्रतिक्रिया प्रणाली एनडीएमए नई दिल्ली से जुड़े। सुधीर बहल ने बताया कि सत्र का उद्देश्य आपदा प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया में शामिल विभिन्न हितधारकों के बीच सहयोग को बढ़ाना और प्रयासों को सुव्यवस्थित करना था। कई क्षेत्रों और एजेंसियों के प्रतिभागी दूरस्थ रूप से शामिल हुए, जिससे सुरक्षा प्रोटोकॉल बनाए रखते हुए व्यापक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हुआ। सुधीर बहल ने बताया कि प्रायोजित मोक अभ्यास भूकंप के परिदृश्य को देखते हुए आयोजित की जा रही है। हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से इस बार 9वीं राज्य स्तरीय मैगा-मॉक अभ्यास आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 3 जून को टेबल टॉप अभ्यास और 6 जून को मेगा मॉक अभ्यास हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित की जाएंगी। बैठक की मध्यस्थता हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, शिमला से निदेशक एवं विशेष सचिव (राजस्व आपदा-प्रबंधन) दुनी चंद राणा ने की। इस दौरान सहायक आयुक्त वरिंदर शर्मा, एसपी संजीव भाटिया, एसडीएम सोमिल गौतम सहित समस्त त्वरित प्रतिक्रिया दल व अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहे।

### भंजाल में जागरूकता शिविर का आयोजन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** गगरेट ब्लॉक के अंतर्गत वृत्त-भंजाल में मंगलवार को मिशन शक्ति योजना के तहत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर एक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊना नरेंद्र कुमार ने शिविर में उपस्थित वृत्त पर्यवेक्षक और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान से सम्बंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह को एक गंभीर सामाजिक बुराई है, जो बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं समग्र विकास में बाधा उत्पन्न करती है। बाल विवाह बालिकाओं के सपनों को साकार करने से रोकता है और उनके उज्ज्वल भविष्य को प्रभावित करता है। इस शिविर में जिला समन्वयक डीएचई ईशा चौधरी, जिला समन्वयक पोषण अभियान मंजूर अहमद खान, रमा कुमारी, वृत्त पर्यवेक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं व सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

# मुकेश ने 50 करोड़ के किए शिलान्यास व लोकार्पण

## उपमुख्यमंत्री बोले-क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सरकार कृतसंकल्प

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मंगलवार को हरोली विधानसभा में करीब 50 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण किए। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सरकार कृतसंकल्प है और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।



हरोली के सलोह में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास करते उपमुख्यमंत्री।

मुकेश अग्निहोत्री ने 11.77 करोड़ रुपए से गोंदपुर बेहली से बाथू-गुरूपलाह सड़क का चौड़ीकरण और सुधारीकरण तथा गोंदपुर जयचंद खड्ड पर पुल के निर्माण कार्य, 21..61 करोड़ की लागत से उमराली-ढिलवां-हीरां-थहड़ा-पूबोवाल से पोलियां वाया कुठारबीत लिंक रोड के अपग्रडेशन कार्य, करीब 1.17 करोड़ की राशि से बनने बाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलोह (लेवल-दो) और नगनोली में 4.46 करोड़ की लागत से बनने वाले गोअभ्यरण (गोसदन) का का शिलान्यास किया। इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण किए जिसमें 20-20 लाख रुपए की लागत से गोंदपुर जयचंद और बढ़ेड़ा में निर्मित रेन शेल्टर, लगभग 4 करोड़ की लागत से निर्मित हरोली बस अड्डा, गोंदपुर बुल्ला में 94 लाख से निर्मित व्यवसायिक प्रोत्साहन केंद्र, 1.14 करोड़ रुपए से बाथू पंचायत में सामुदायिक केंद्र एवं कॉमन सर्विस सेंटर और 1.02 करोड़ से कुठारबीत में निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल है।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली बस अड्डे के निर्मित होने से स्थानीय वासियों को बस के इंतजार के लिए धूप और बारिश में सुविधा मिलेगी। इस बस अड्डे में 2 फ्लोर, 8 बस काउंटर, एचआरटीसी स्टाफ के कर्मचारियों के लिए अलग कार्यालय व रहने-ठहरने के लिए अलग-अलग रूम, क्रू रूम, दुकानें, शौचालय सहित विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि इस परियोजना की प्रारंभिक अनुमानित लागत लगभग 7 करोड़ रुपए थी, लेकिन कुशल योजना, प्रभावी निगरानी और प्रशासनिक समर्पण के चलते निर्माण कार्य लगभग आधी लागत में पूरा किया गया। इससे सरकार को करीब 3.60 करोड़ रुपए की उल्लेखनीय बचत हुई है।

उन्होंने कहा कि गोंदपुर बुल्ला में उद्योग विभाग के व्यवसायिक प्रोत्साहन केंद्र स्थापित किया गया है। यह बल्क ड्रग पार्क परियोजना का हिस्सा हैं, यहां पर आने वाले कारोबारियों को बढ़िया बैठक स्थल व रहने की उत्तम व्यवस्था मिलेगी। इस दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पंचायत छेत्रां के 10 जरूरतमंद परिवारों को एक लाख रुपए की सहायता राशि के चेक वितरित किए, साथ ही उन्होंने कहा कि छेत्रां पंचायत में जल्द ही सामुदायिक भवन बनाया जाएगा।

इस दौरान एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणजीत राणा, अशोक ठाकुर, सतीश बिट्टू, विनोद कुमार बिट्टू, प्रमोद कुमार, सुभद्रा चौधरी, ऊना जिले के यूथ कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत राय, हरोली ब्लॉक यूथ कांग्रेस अध्यक्ष शुभम, गोंदपुर बुल्ला के पंचायत प्रधान दलबीर सिंह, बाथू पंचायत की प्रधान सुरेखा राणा, हरोली पंचायत की प्रधान रमना कुमारी, छेंत्रा पंचायत के प्रधान विकास राणा, संयुक्त निदेशक उद्योग अंशुल धीमान, चीफ इंजीनियर पीडब्लूडी विजय चौधरी, एसडीएम विशाल शर्मा, विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बच्चों को मिलेगी गर्मी से राहत एक से 30 जून तक होंगी छुट्टियां

**आशीष शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गोंदपुर बनेहड़ा।** ऊना जिले में इस बार विद्यार्थियों को झुलसा देने वाली गर्मी में स्कूल नहीं जाना पड़ेगा। इस बार शिक्षा विभाग ने ऊना जिले में स्कू लों में छुट्टियों का शैड्यूल बदल दिया है। इस बार विद्यार्थियों को जून माह में छुट्टियां रहेंगी तो जुलाई माह में स्कूल जाना पड़ेगा। शैक्षणिक सत्र 2025-2026 में विद्यार्थियों को 2 टर्म में गर्मियों की छुट्टियां होंगी।

जानकारी के मुताबिक इस बार ऊना जिले के स्कूलों में 1 से 30 जून तक छुट्टियां होंगी और 1 जुलाई को स्कूल खुल जाएंगे। इसके बाद 2 अगस्त तक विद्यार्थी स्कूल जाएंगे और फिर 3 से 12 अगस्त तक फिर से छुट्टियां होंगी। इसकी पुष्टि शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक सोमलाल धीमान ने की है।

इस वर्ष से पहले के शैक्षणिक सत्र की बात करें तो अब तक 22 जून से 29 जुलाई तक स्कूलों में छुट्टियां होती थीं और जून माह में भयंकर गर्मी में भी विद्यार्थी स्कूल पहुंचते थे। जून माह में तो ऊना का तापमान 44 या 45 डिग्री सेल्सियस तक भी पहुंच जाता था, ऐसे में झुलसा देने वाली गर्मी से राहत पाने के लिए अनेक शिक्षक संघों द्वारा प्रशासन व सरकार से स्कूलों की समयसारिणी बदलने की मांग उठाई जाती थी। जब असहनीय गर्मी होती थी तो स्कूलों का समय भी बदल दिया जाता था। इस बार शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों को पूरी तरह से राहत प्रदान की है।

ऊना जिले में यदि सरकारी स्कूलों की बात करें तो यहां 744 स्कूल मौजूद हैं। इनमें प्राइमरी स्कूलों की संख्या 474, मिडिल स्कूलों की संख्या 84, हाई स्कूलों की संख्या 45 जबकि सीनियर सेकेंडरी स्कूलों की संख्या 141 है। इन स्कूलों में प्रतिदिन हजारों की संख्या में विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने पहुंचते हैं। हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ प्रदेश के मुख्य प्रेस सचिव राजन शर्मा ऊना के अध्यक्ष शशिपाल सैनी व महासचिव संजीव कुमार ने कहा कि स्कूलों में छुट्टियों का शेड्यूल बदलना सराहनीय फैसला है। इस फैसले से विद्यार्थियों को गर्मियों में काफी राहत मिलेगी।

शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक सोमलाल धीमान ने कहा कि ऊन जिले में इस बार 2 टर्म में गर्मियों की छुट्टियां होंगी।

## ईएसआईसी डिस्पेंसरी का कॉमन फेसिलिटी सेंटर में हुआ शुभारंभ

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान**



डिस्पेंसरी का उद्घाटन करते विधायक राकेश कालिया।

**गगरेट।** राज्य कर्मचारी बीमा निगम द्वारा संचालित डिस्पेंसरी मंगलवार को औद्योगिक क्षेत्र गगरेट में स्थित कामन फेसिलिटी सेंटर में विधिवत रूप से शिफ्ट हो गई। विधायक राकेश कालिया ने इस डिस्पेंसरी का विधिवत उद्घाटन कर न सिर्फ उपमंडल औद्योगिक संघ के वर्षों पुराने सपने को साकार किया है, बल्कि दस हजार के करीब कामगारों को डोर स्टेप पर स्वास्थ्य सुविधाओं की सौगात दी है। फिलहाल ये डिस्पेंसरी सुबह साढ़े नौ बजे से लेकर सायं चार बजे तक कामगारों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाएगी।

विधायक राकेश कालिया ने कहा कि ईएसआईसी की यह डिस्पेंसरी कामगारों के लिए संजीवनी साबित होगी। संघ के प्रधान प्रमोद शर्मा, महासचिव सुरेश शर्मा ने यह मुद्दा विधायक राकेश कालिया के समक्ष भी उठाया था, जिसका संज्ञान लेते हुए विधायक राकेश कालिया ने तत्काल प्रदेश सरकार व ईएसआईसी के अधिकारियों से बात कर इस डिस्पेंसरी को औद्योगिक क्षेत्र में शिफ्ट करने का मार्ग प्रशस्त किया।

वर्तमान में इस डिस्पेंसरी में डा. विवेक शारदा सेवाएं देंगे। उनके अतिरिक्त यहां एक फार्मासिस्ट, एक डाटा एंट्री आपरेटर और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सेवाएं देगा। डिस्पेंसरी में सभी जरूरी दवाएं कामगारों के लिए उपलब्ध होंगी और आपातकालीन स्थिति में यहां से मरीज अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में शिफ्ट किए जा सकेंगे। इस अवसर पर कई गणमान्य उपस्थित थे।

## पंचायत सचिवों के साथ किया आवास योजना पर मंथन

**अनंत ज्ञान, ऊना**



पंचायत सचिवों के साथ बैठक करते संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार।

**ऊना।** नगर निगम ऊना में शामिल हुई पंचायतों के पंचायत सचिवों के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 को लेकर नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार ने बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य नवविस्तारित नगर निगम क्षेत्रों में योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ना था। इस दौरान योजना की रूपरेखा, पात्रता मानदंड एवं आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी को साझा किया गया।

**योजना की पात्रता :** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वे सभी परिवार, पति, पत्नी एवं अविवाहित बच्चे पात्र हैं, जिनकी वार्षिक आय 3 लाख रुपए से कम है, जिनके पास भारत में पहले से कोई पक्का मकान नहीं है तथा जो नगर निगम क्षेत्र में भूमि के स्वामी हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना में पहले चरण के अंतर्गत आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है।

नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार ने पंचायत सचिवों से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा पात्र लाभार्थियों की पहचान करके उन्हें समयबद्ध रूप से आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करें।

इसके अतिरिक्त नगर निगम के सहायक अभियंता राजेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूर्णत: पारदर्शी है तथा नगर निगम द्वारा हर स्तर पर आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने जानकारी दी कि इच्छुक लाभार्थी प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) यूनिफाइड वेब पोर्टल अथवा निकटतम लोकमित्र केंद्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए नगर निगम कार्यालय ऊना से संपर्क किया जा सकता है। इस दौरान पंचायत सचिवों ने योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया और कहा कि वे अपने क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य करेंगे ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र परिवारों तक पहुंच सके।

बैठक में नगर निगम में शामिल विभिन्न पंचायतों के पंचायत सचिव एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) तकनीकी सैल से अर्बन प्लानर अंजू सोनी एवं सिविल इंजीनियर आदित्य पाठक भी उपस्थित रहे।

## दुर्घटना में स्कूटी सवार गंभीर घायल

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** जलशक्ति विभाग चौकीमन्यार के अंतर्गत टकोली पंचायत में सोहारी के जल रक्षक दिनेश कुमार पुत्र महेंद्र सिंह यका 26 मई को सुबह अपनी स्कूटी पर गांव दगड़ाह से पानी की सप्लाई छोड़ने के दौरान वापस टकोली के लिए आ रहा था, वहीं वेहलां से सोहारी तरफ आ रहे तेज रफ्तार बाइक की टकोली चौक पर आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे पह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई चंडीगढ़ रैफर कर दिया गया। वहीं, उसका उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार दिनेश कुमार के पेट में गंभीर चोटें आई हैं और लिवर डैमेज हो गया है। पुलिस चौकी जोल ने मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। ऊना के डीएसपी अजय ठाकुर ने बताया कि विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर पुलिस द्वारा आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## क्रिकेट प्रतियोगिता का सदाशिव तलमेहड़ा बना चैंपियन

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**



विजेता टीम तलमेहड़ा ने ध्योमेश्वर महादेव मंदिर में माथा टेका।

जोल उपतहसील की चौली पंचायत के भिंडला गांव में शहीद विजय कुमार की याद में तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्यातिथि शहीद विजय सिंह के बड़े भाई नरेश कुमार थे। डोगरा चैरिटेबल ट्रस्ट रौणखर की टीम सदा शिव तलमेहड़ा का फाइनल मुकाबला पांडया इलेवन दौलतपुर के बीच खेला गया। इस रोमांचक मैच में सदाशिव टीम तलमेहड़ा ने पांडया इलेवन टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया।

सदा शिव तलमेहड़ा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 68 रन बनाए, जवाब में पांडया इलेवन दौलतपुर की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 66 रन पर ऑलआउट हो गई और शिव तलमेहड़ा 2 रन से विजयी रहा। जिसमें विजेता टीम को 7100 व उपविजेता टीम को 5100 रुपए का नगद इनाम एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने इस दौरान कहा कि जीवन में किसी लक्ष्य को प्राप्त करना चाहते हैं तो हमें नशे से दूर रहना होगा। आज का युवा अपने सपनों से सिर्फ इसलिए भटक रहा है, क्योंकि वह नशे की गिरफ्त में जा रहा है। आज हमें युवा पीढ़ी को नशे से दूर करने की जरूरत है।

इसके बाद सदा शिव तलमेहड़ा के विजेता खिलाड़ियों ने धौमेश्वर सदा शिव मंदिर तलमेहड़ा में पहुंचकर माथा टेका और क्रिकेट प्रतियोगिता में विजयी होने पर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान सभी खिलाड़ियों ने विजेता ट्रॉफी को लालशाह गांव के निक शर्मा को भेंट की। बता दें कि डोगरा चैरिटेबल ट्रस्ट रौणखर के चेयरमैन द्वारा चिंतपूर्णी, कुटलैहड़ विस क्षेत्र में जहां भी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हो रहीं हैं, वहां सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया जा रहा है। इस अवसर पर कै. अंकित मोदगिल, वाइस कैप्टन मिट्ठू धीमान, खिलाड़ी शिबू, विशाल, हर्ष, वंश, प्रिंस, कुणाल, विक्की शर्मा, लकी शर्मा, औषध साहनी उपस्थित रहे।

## पंडोगा में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांचा

**नरेश, अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** सांसद अनुराग के मार्गदर्शन में प्रयास समिति द्वारा संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने आज सीसी स्कूल पंडोगा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में डॉ. प्रदीप के नेतृत्व में छात्रों की ब्लड ग्रुप और हीमोग्लोबिन की जांच की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था।

डॉक्टरों ने बताया कि फास्ट फूड में वसा, चीनी और नमक की अधिक मात्रा होने के कारण मोटापा, हृदय रोग, मधुमेह और पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। डॉ. प्रदीप ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी स्वाद के चक्कर में पोषण को नजरअंदाज कर रही है। फास्ट फूड एक धीमा ज़हर है, जो धीरे-धीरे शरीर को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने छात्रों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय पर भोजन करने की सलाह दी।

## संस्थान में मुखिया ही नहीं होगा तो कौन करेगा प्रबंधन

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**




तलमेहड़ा स्कूल में 13 पद चल रहे खाली।

**38 स्कूलों में प्रधानाचार्य के पद खाली, बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित**

**बड़ूही।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तलमेहड़ा में मौजूदा समय में 13 पद खाली पड़े हुए हैं। इसके अलावा जिले में 38 स्कूल ऐसे हैं, जहां प्रधानाचार्य नहीं है। इस कारण स्कूल का प्रबंध अतिरिक्त कार्यभार संभालने वाले अध्यापकों के जिम्मे है। इस कारण अतिरिक्त कार्यभार की जिम्मेदारी संभाल रहे अध्यापकों को अपना विषय बच्चों को पढ़ाई का समय नहीं मिल रहा।

उनका सारा समय प्रबंधन में ही बीत रहा है। सीधे तौर पर इसमें स्कूलों की व्यवस्था तो बनी रहती है, लेकिन बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जानकारी के अनुसार प्रधानाचार्य के पद दो वर्ष से खाली चल रहे हैं। स्कूल प्रबंधन समितियों ने भी कई बार यह मुद्दा उठाया लेकिन नतीजा शून्य रहा। इसके अलावा स्कूलों में प्रवक्ताओं के पद खाली पड़े हैं। इंचार्ज प्रधानाचार्य को उनका भी समायोजन करना पड़ रहा है। कई बार तो किसी अन्य विषय के अध्यापक को पढ़ाना पड़ रहा है। प्रधानाचार्य नहीं होने के कारण संस्थान के प्रबंधन में भी कमियां आई हैं। यदि संस्थान में मुखिया ही नहीं होगा तो कैसे प्रबंधन ठीक चलेगा।

विद्यालय का पत्राचार भी विभाग से करना होता है। इसके तहत वेतन और सेवानिवृत्ति अधिकारियों के केस भी सेटल करने होते हैं। अधिकतर समय विभिन्न प्रकार की डाक बनाने के कार्यों में बीत रहा है। इसमें रिचार्ज प्रधानाचार्य को अपना विषय या अन्य प्रबंधन देखने में मुश्किल आ रही है। जिले के तलमेहड़ा स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान मुकेश शर्मा, पूर्व प्रधान विनोद शर्मा, सदस्य परमजीत सिंह, रणजीत धीमान, मधु, मंजू, प्रेमी, रीना संख्यान, सपना देवी, वीरो देवी, विनोद कुमार का कहना है कि बिना प्रधानाचार्य के तलमेहड़ा स्कूल का पद खाली पड़ा है। इससे शिक्षा के स्तर में भी कमी आई है। एक तरफ सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात करती है तो दूसरी ओर वर्षों से पद खाली पड़े हैं।

रावमा विद्यालय तलमेहड़ा से सेवानिवृत्त प्रवक्ता जीवन मोदगिल ने बताया कि पिछले लंबे समय से प्रधानाचार्य की पदोन्नति प्रक्रिया रुकी हुई है और इस समय प्रदेश के अधिकांश को बिना प्रधानाचार्य के चल रहे हैं, अधिकतर स्कूलों में प्रधानाचार्य की शक्तियां वरिष्ठ प्रवक्ताओं को सौंपी जा रही हैं। इससे उन प्रवक्ताओं को अतिरिक्त कार्यभार मिलने से उनका अध्ययन कार्य बाधित हो रहा है, जिसका खामियाजा विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। इसके अलावा स्कूलों में अधिकांश अध्यापकों के पद खाली पड़े हैं, जिस कारण बच्चों को सरकारी स्कूलों को छोड़कर निजी स्कूलों में स्थानांतरित होकर महंगी शिक्षा के लिए विवश होना पड़ रहा है।

उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से आग्रह किया है कि स्कूल प्रधानाचार्य की पदोन्नति सूची जल्द से जल्द जारी की जाए व विभाग में खाली पड़े पदों को शीघ्र भरा जाए। वहीं, स्कूल प्रबंधन सीमिति तलमेहड़ा ने चिंतपूर्णी क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू से आग्रह किया कि खाली पड़े प्रधानाचार्य एवं प्रवक्ताओं के पदों को जल्द से जल्द भरा जाए ताकि विद्यालयों के प्रबंधन में कुशलता आए व शिक्षा के स्तर में बेहतर सुधार हो सके।

## लकवा पीड़ित नरेंद्र को समाजसेवा समिति बंगाणा ने दिया सहयोग

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**



पीड़ित को आर्थिक सहायता देते गणमान्य।

उपतहसील जोल की खरयालता पंचायत के वही गांव से नरेंद्र धीमान जो कुछ महीने पहले लकवा (पैरालिसिस) के शिकार हो गए थे। बता दें कि इससे पहले बह तलमेहड़ा बाजार में फर्नीचर की दुकान करते थे और अपने परिवार का पालन पोषण करते थे, लेकिन उनके अपाहिज होने के बाद अपने परिवार का पालन-पोषण और दवाइयों पर खर्च करना बेहद मुश्किल हो गया। वहीं, अब इस परिवार के सहयोग के लिए समाज सेवा समिति बंगाणा ने आर्थिक सहायता दी, बल्कि स्थानीय समाजसेवियों ने भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सहयोग किया।

इस पुनीत कार्य में समाज सेवा समिति बंगाणा के संस्थापक डीआर शर्मा के नेतृत्व में आर्थिक मदद पहुंचाई। यह सहायता समाज सेवा समिति के कार्यकर्ता रिटायर्ड शास्त्री ओंकार दास शर्मा और रिटायर्ड डिप्टी रेंजर तिलक राज शर्मा के माध्यम से दी गई। समाज सेवा समिति बंगाणा ने यह सहायता न केवल एक दायित्व मानकर नहीं, बल्कि एक सामाजिक कर्तव्य और सेवा भावना से प्रेरित होकर दी।

संस्थापक डीआर शर्मा ने इस दौरान कहा कि जब तक जीवन है, हम हर जरूरतमंद के साथ खड़े रहेंगे। दीन दुखियों असहाय एवं जरूरतमंदों की सेवा करना उन्हें आर्थिक शिक्षा का सहायता प्रदान करना निर्धन व अनाथ विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करना इत्यादि संस्था के प्रमुख उत्कृष्ट कार्य हैं। समाज में व्यापक असमानता को खत्म करने की दिशा में इस तरह के प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं।

**आयोजन** महारानी अहिल्याबाई होल्कर के सम्मान में जिला स्तरीय संगोष्ठी आयोजित

# अहिल्याबाई का जीवन आत्मसात करे समाज : त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**




बिलासपुर के विधायक त्रिलोक जम्वाल को सम्मानित करते गणमान्य।

ऊना जिले के भाजपा कार्यालय में महारानी अहिल्याबाई होल्कर जी की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बिलासपुर के विधायक एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री त्रिलोक जम्वाल ने बताया कि यह आयोजन देशभर के सभी जिला मुख्यालयों में 31 मई तक किए जाएंगे, जो होल्कर जी के जन्मदिवस को समर्पित होंगे।

त्रिलोक ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर ने उस समय में महिलाओं, आदिवासी व जनजातीय समाज, शोषित और पीड़ित वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किए जब ऐसे विचार भी समाज में अल्प थे। उन्होंने सत्ता को जनसेवा और न्याय का माध्यम बनाकर करुणा व न्याय से जनमानस में देवी का स्थान स्थान प्राप्त किया। उन्होंने महिला कल्याण, सामाजिक न्याय, धर्मनिष्ठा और सांस्कृतिक उत्थान पर विशेष बल दिया। 1725 में अहमदनगर के गांव चांदी में जन्मी अहिल्याबाई ने समाज में पिछड़े समझे जाने वाले गायरी धनगर समाज से होते हुए भी शासन व धर्म दोनों क्षेत्रों में गहरी छाप छोड़ी।

त्रिलोक ने कहा कि पारिवारिक कष्टों के बावजूद अहिल्याबाई ने न केवल मालवा राज्य का संचालन किया, बल्कि राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक सुधारों को बढ़ावा दिया। उन्होंने राज्य के प्रशासन, न्याय व्यवस्था व राजस्व प्रणाली में स्थायित्व और आदर्श प्रस्तुत किया।

त्रिलोक ने कहा कि वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाएं उसी सोच की निरंतरता हैं, जो अहिल्याबाई होल्कर के शासनकाल में दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन वर्तमान समाज के लिए आदर्श है। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने राज्य, समाज और धर्म के लिए जो कार्य किए, वे आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने असंख्य कुएं, बावड़ियां, प्याऊ और मंदिर निर्माण करवाए। किसानों को उन्नत बीज देकर कृषि व राज्य की अर्थव्यवस्था को मज़बूत किया।

'अन्न वितरण केंद्रों' की स्थापना कर खाद्य सुरक्षा को प्राथमिकता दी, जो आज पीएम गरीब अन्न योजना में परिलक्षित होती है। त्रिलोक ने बताया कि राजनीतिक निर्णयों में भी उनका दृष्टिकोण अनुकरणीय था। उन्होंने योग्य व्यक्तियों को नेतृत्व में स्थान दिया। 1767 में तुकोराव होल्कर को सैन्य प्रमुख बनाकर राज्य की रक्षा और समाज कल्याण के दोहरे उद्देश्य को साधा।

### धार्मिक पुनर्निर्माण कार्यों में योगदान

उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने हिंदू धर्म और महिला अधिकारों के लिए जो कार्य किए, उसी के कारण उन्हें 'पुण्यश्लोक' की उपाधि मिली। उन्होंने आह्वान किया कि आज की पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के कल्याण और समान प्रगति हेतु आगे बढ़ना चाहिए।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस मौके पर संसदीय क्षेत्र सह प्रभारी एवं प्रदेश सचिव सुमित शर्मा, जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास, पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, पूर्व विधायक बलबीर सिंह, प्रो. राम कुमार, अनु ठाकुर, मिनाक्षी, जिला परिषद अध्यक्ष नीलम, अनीता जसवाल, सीमा दत्ता, पुष्पा चौधरी, उर्मिला चौधरी, इंदु, ममता, धर्मेंद्र राणा, सागर दत्त, राहुल, कृपाल सिंह, सागर दत्त, लक्ष्मी जरयाल महिला मोर्चा, जनप्रतिनिधि व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा कल से

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की डीहर पंचायत के गांव चम्बोआ में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन शिव शक्ति मंदिर के प्रांगण में किया जा रहा है। गांव में हो रहे बड़े धार्मिक आयोजन को लेकर धर्म प्रेमी लोगों में भारी उत्साह है। कथा वाचक के रूप में आचार्य गणेश शास्त्री के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा श्रवण का लाभ जनमानस को प्राप्त होगा। कथा का शुभारंभ 29 मई को प्रात: 10 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा शिव शक्ति मंदिर से शुरू होकर बाबा गरीब नाथ मंदिर झंगियां कोलका होते हुए वापस शाम को कथा स्थल पर पहुंचेगी। 30 मई को सुबह 10.30 बजे से डेढ़ बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का वाचन होगा। और प्रतिदिन अटूट भंडारा लगेगा। कथा आयोजक मंदिर कमेटी के प्रधान सतपाल शर्मा, उपप्रधान ओंकार दास शास्त्री, कोषाध्यक्ष जय लाल शर्मा, सचिव अजय पाल शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं को सुनने व अधिकाधिक संख्या में यज्ञ व कथा में भागीदार बनने की अपील की है।

## न्यूज ब्रीफ

### आटे का फोर्टिफिकेशन बी12 की कमी को दूर करने में अहम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला नियंत्रक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले कार्यालय द्वारा सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से निपटने के लिए एक जिला स्तरीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण पेएचपीटी-जीएआईएन के सहयोग से कुल्लू जिले के आटा मिलर्स के लिए मनाली रोलर फ्लोर मिल, बजौरा में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य आटे के फोर्टिफिकेशन (मजबूतीकरण) की प्रक्रिया को बेहतर बनाना, मानकों के अनुसार उत्पादन सुनिश्चित करना और गुणवत्ता निगरानी प्रणाली को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम में खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी नवीन कुमार तथा निरीक्षक अनिल कुमार उपस्थित रहे। तकनीकी प्रशिक्षण का संचालन विनोद कपूर ने किया। इसमें मिहिका वाखलू, प्रिया भट्टाचार्य और गौरव कुमार ने भी सहयोग प्रदान किया। प्रशिक्षण में जिले की 6 आटा मिलों से कुल 15 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की, उन्हें बताया कि गेहूं के आटे का फोर्टिफिकेशन आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन बी12 की कमी को दूर करने में अहम भूमिका निभाता है, जो जनस्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** ग्राम पंचायत कटराईं के सभागार में नग्गर ब्लॉक में विकास कार्यों से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक एवं प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इसमें विकास खंड नग्गर की कुल 11 पंचायतों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पंचायत स्तर तथा खंड स्तर के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। प्रशिक्षण का उद्देश्य पंचायत स्तर पर संचालित विकास कार्यों की बेहतर योजना, प्रभावी क्रियान्वयन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना था। प्रशिक्षण सत्र के दौरान अधिकारियों द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई एवं कार्यान्वयन से संबंधित दिशा-निर्देश साझा किए गए। यह बैठक पंचायत प्रतिनिधियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक रही।

# दर्रा बंद समझकर परमिट बुक नहीं कर पाए पर्यटक

## 732 परमिट ही हो पाए बुक, शिंकुला व बारालाचा की ओर गए अधिक पर्यटक

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**कुल्लू/मनाली।** बर्फ से ढके 13050 फुट ऊंचे रोहतांग दर्रे में रोजाना पर्यटकों का मेला लग रहा है, लेकिन मंगलवार को रोहतांग दर्रा बंद समझकर पर्यटकों ने कम परमिट बुक किए।

मंगलवार को डीजल इंजन के 400 में से 332, जबकि पेट्रोल इंजन के 800 में से 400 परमिट ही बुक हो पाए। हालांकि, जिला प्रशासन ने अधिसूचना जारी कर पहले ही बता दिया था कि अब मंगलवार को रोहतांग दर्रा पर्यटकों के लिए खुला रहेगा, लेकिन अधिकतर पर्यटक मंगलवार को दर्रा बंद समझकर रोहतांग के बजाए शिंकुला व बारालाचा दर्रे की ओर निकल गए। हालांकि, शिंकुला व बारालाचा दर्रा रोहतांग की अपेक्षा तीन गुना अधिक दूर है, लेकिन रोहतांग दर्रे में वाहनों की 1200 संख्या सीमित होने के चलते सभी को परमिट नहीं मिल पाता है। समर सीजन धीरे-धीरे गति पकड़ने लगा है। मई महीने के अंतिम सप्ताह में



प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रोहतांग में बर्फ के बीच मस्ती करते पर्यटक।

पर्यटन कारोबार बढ़ा है। रोहतांग की महिला पर्यटन कारोबारी रेशमा, लक्ष्मी, तुली देवी व उर्मिला ने बताया कि मंगलवार को रोहतांग दर्रे में पर्यटकों की आमद कम रही। उन्होंने बताया कि बीआरओ के सड़क मरम्मत कार्य के चलते हर मंगलवार को रोहतांग बंद रहता था, लेकिन समर सीजन को देखते हुए प्रशासन ने जून महीने के सभी मंगलवार को रोहतांग पर्यटकों के लिए खुला रखा है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को दर्रा बंद समझकर अधिकतर सैलानी शिंकुला व बारालाचा दर्रे की ओर रवाना हुए। उन्होंने बताया कि पर्यटक कम रहने के चलते आज दर्रे में रौनक भी कम रही।

दारचा के पर्यटन कारोबारी सोनू व डोलमा ने बताया कि मंगलवार को भारी संख्या में पर्यटकों की आमद रही। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने बताया कि जून महीने के सभी मंगलवार को रोहतांग दर्रा पर्यटकों के लिए खुला रहेगा।

### पर्यटन स्थलों में लगा पर्यटकों का मेला

**उधर,** पर्यटन नगरी मनाली सहित कुल्लू व लाहौल घाटी के विभिन्न पर्यटन स्थलों में भी इन दोनों पर्यटकों का मेला लगा हुआ है। पर्यटक पैराग्लाइडिंग, राफ्टिंग सहित अन्य साहसिक गतिविधियों का लुत्फ उठा रहे हैं, तो कहीं बर्फ के बीच अठखेलियां करने में व्यस्त हैं। साथ ही पर्यटक इन पर्यटन स्थलों में फोटो व सेल्फी लेना नहीं भूल रहे है और मोबाइल व कैमरों में इन खुशनुमा पलों को कैद कर रहे हैं।

# आठ माह से बच्चों को नहीं मिल रहा कौशल भत्ता : मनोहर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

प्रदेश के हजारों प्रशिक्षुओं को पिछले 8-9 माह से कौशल विकास भत्ता नहीं मिल रहा है, जिस कारण स्किल डिवेलपमेंट में प्रशिक्षण ले रहे हजारों छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। यही नहीं सरकार द्वारा इंस्टीट्यूट भी बंद होने के कगार पर हैं।

कौशल विकास भत्ता बंद होने से सिर्फ प्रशिक्षु ही परेशान नहीं हैं, बल्कि अभिभावक, अध्यापक व इंस्टीट्यूट मालिक भी आर्थिक बोझ तले दब गए हैं। मंगलवार को जिला कुल्लू के करीब 300 प्रशिक्षु जिला कौशल विकास संघ के बैनर तले देव सदन कुल्लू में एकत्र हुए और सरकार से मांग की है कि उनके भविष्य से खिलवाड़ न किया जाए और कौशल विकास भत्ता बहाल किया जाए। इस अवसर पर कौशल विकास संघ के जिला अध्यक्ष मनोहर लाल ठाकुर ने प्रशिक्षुओं, अभिभावकों व अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने वर्ष 2013 में यह योजना शुरू की थी, जो लगातार जारी है और कोरोना काल में भी यह योजना नहीं थमी, लेकिन वर्तमान में पिछले आठ माह से प्रशिक्षु बच्चों को कौशल भत्ता नहीं मिल पा रहा है, जिस कारण उनका प्रशिक्षण प्रभावित हुआ है और बच्चे इंस्टीट्यूट की फीस नहीं दे पा रहे हैं। कौशल विकास भत्ता बंद होने से अध्यापकों को सैलरी नहीं मिल पा रही है और न ही इंस्टीट्यूट मालिक मकान मालिकों को किराया दे पा रहे हैं, जिस कारण अब इंस्टीट्यूट बंद होने की कगार पर आ गए हैं और बच्चों का भविष्य भी खतरे में हैं। उधर, प्रशिक्षु बच्चों ने कहा कि 2013 में तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने यह योजना शुरू की थी और प्रदेश के हजारों बच्चों को इसका लाभ मिला। बल्कि अधिकतर बच्चे आज स्वरोजगार कमा रहे हैं और कौशल विकास को निखारा गया है, लेकिन वर्तमान में यह योजना थम गई है। प्रभावित बच्चों ने कहा कि कोरोना काल में भी यह योजना प्रभावित नहीं हुई, लेकिन वर्तमान में ऐसी स्थिति क्यों। बच्चों ने वर्तमान सरकार से मांग की है कि जल्द कौशल विकास भत्ता को बहाल किया जाए।

## ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने पर लोगों को दी बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** पाकिस्तान पर भारतीय सेना के द्वारा आतंकी हमले का जवाब देने के लिए जो ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया।

उससे भारतीय सेना का युद्ध कौशल पूरी दुनिया को नजर आया और आज भारत का नाम पूरे विश्व में ऊंचा हुआ है। ऐसे में देश के सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के लिए भारतवर्ष में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में जिला कुल्लू मुख्यालय के ढालपुर मैदान में भी सिटीजन फॉर नेशनल सिक्योरिटी के बैनर तले वकीलों ने तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। यह तिरंगा यात्रा न्यायालय परिसर से होते हुए ढालपुर चौक तक निकाली गई। इस दौरान भारतीय सेना के साहस को देखते हुए उनके सम्मान में नारेबाजी भी की गई और ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने पर लोगों को बधाई दी गई।

# कोफरीधार-बरजेईधार सड़क निर्माण में देरी से लोगों में रोष

**अनंत ज्ञान, आनी**



कोफरीधार-बरजेईधार सड़क निर्माण में हो रही अनदेखी और देरी को लेकर स्थानीय लोगों में रोष है। क्षेत्रीय नेता पदम प्रभाकर ने कहा कि अब राजनीति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने घोषणा की कि अगले सोमवार से लोक निर्माण विभाग कार्यालय के बाहर क्रमिक धरना शुरू किया जाएगा।

पदम प्रभाकर ने कहा कि दो साल पहले सरकार द्वारा विश्वास दिलाया गया था कि सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। क्षेत्र के लोगों ने जमीन संबंधी सभी औपचारिकताएं पूरी कर विभाग को सौंप दी थीं। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्य नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार एक तरफ कहती है कि जमीन चाहिए। वहीं, दूसरी तरफ छोटी-छोटी बातों को कारण बनाकर काम टाल रही है। सड़क सुविधा हमारी जरूरत है, हमारा अधिकार है यदि सरकार ने हस्तक्षेप नहीं किया, तो संघर्ष और तेज होगा। उन्होंने कहा कि अगर सोमवार तक संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई, तो संघर्ष का रास्ता लंबा और उग्र होगा। यह क्षेत्र की जनता के साथ धोखा है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों और सुविधाओं के लिए सोमवार को एकजुट होकर धरने में शामिल हो। मंगलवार को पदम प्रभाकर, विजय, जीवन चंद्र, अमर और दर्जनों स्थानीय लोग बीडीओ आनी तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से मिले और अपनी नाराजगी प्रकट की।

## आज बंजार में सीएम करोड़ों के करेंगे उद्घाटन, शिलान्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बुधवार को बंजार के दौरे पर आएंगे। मुख्यमंत्री बंजार में करोड़ों रुपए की 15 से अधिक विकास योजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। उनके दौरे को लेकर जिला प्रशासन और कांग्रेस नेताओं की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सीएम सड़क, पुलों, बंजार बाइपास सड़क, पेयजल योजनाओं के साथ कई विकास कार्यों की आधारशिला रखेंगे। इसके अलावा नदी किनारे कई संरक्षण कार्यों की भी आधारशिला रखी जाएगी। मुख्यमंत्री बंजार विधानसभा क्षेत्र के ग्रेट हिमालयन नेचर पार्क देहुरी में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद शरची में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में तीर्थन घाटी की शरची, शिल्ही, तुंग, नोहांडा, पेखड़ी और कंढीधार पंचायतों को शामिल किया गया है। पहले मुख्यमंत्री का यह दौरा सात मई को था, मगर भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण दौरा रद्द हो गया था, अब बंजार का दौरा 28 मई को प्रस्तावित है। इसके लिए बंजार और तीर्थन घाटी के लोगों को मुख्यमंत्री के दौरे से बड़ी उम्मीदें हैं। एपीएमसी अध्यक्ष राम सिंह मियां ने कहा कि सीएम के दौरे को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं।

## विधायक अनुराधा ने कोमिक में तंगजुत गोंपा स्कूल का किया शिलान्यास

# सरकार बौद्ध धर्म के संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**



लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा रांगटोंग सोलर पावर प्लांट का निरीक्षण करती हुई।

लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने मंगलवार को कौमिक में राजकीय प्राथमिक पाठशाला तंगजुत गोंपा का शिलान्यास किया।

उन्होंने कहा कि इस स्कूल के निर्माण पर सात लाख रुपए व्यय किए जाएंगे। इस स्कूल के बनकर तैयार होने पर बौद्ध शिक्षा ग्रहण करने वाले छोटे-छोटे लामा व चोमो को घरद्वार पर ही शिक्षा ग्रहण करने की सुविधा मिलेगी और उन्हें शिक्षा ग्रहण करने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। वर्तमान प्रदेश सरकार बौद्ध धर्म के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर कोमिक गोंपा के प्रमुख लामा ने विधायक को खतक व थंका पेंटिंग भेंट कर उन्हें सम्मानित किया और बौद्ध मंदिर की विभिन्न गतिविधियों एवं समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया। इससे पूर्व विधायक ने 18 करोड़ की लागत से निर्मित किए जा रहे रांगटोंग सोलर पावर प्लांट का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि इस परियोजना को जल्द जनता को समर्पित किया जा सके। विधायक ने इसके उपरांत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रंगरीक निशुल्क छात्रावास का भी निरीक्षण किया और छात्रावास में छात्राओं को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। छात्रावास प्रबंधन द्वारा छात्राओं के सुरक्षा को लेकर छात्रावास के चारों ओर चार दिवारी एवं रिपेयर की मांग पर विधायक ने आश्वासन दिया कि इसके लिए जल्द ही बजट का प्रावधान कर कार्य शुरू किया जाएगा, ताकि छात्रावास में रह रही छात्राओं को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि छात्रावास में रिक्त पदों को भरने का मामला भी प्रदेश सरकार से उठाया जाएगा।

# श्रीखंड महादेव यात्रा में इस बार कम बर्फ और ग्लेशियर

## श्रीखंड महादेव के रास्तों की रेकी कर लौटा दल, एसडीएम निरमंड को सौंपी रिपोर्ट

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** इस बार 18570 फुट की ऊंचाई पर स्थित श्रीखंड महादेव के दर्शनों को जाने वालों को गत वर्ष की अपेक्षा कम बर्फ और ग्लेशियर मिलेंगे, जबकि कुछेक स्थानों पर क्षतिग्रस्त रास्तों को सुधारने की बेहद आवश्यकता है। जुलाई माह में शुरू होने वाली श्रीखंड यात्रा को लेकर रास्तों की रैकी करने गया दल वापस लौट आया है।

8 सदस्यीय इस दल ने यात्रा के आधार पर अपनी रिपोर्ट तैयार कर एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह को सौंप दी है। यह रिपोर्ट 3 जून को श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट की निरमंड में होने वाली बैठक में एसडीएम निरमंड द्वारा ट्रस्ट की चेयरमैन एवं डीसी कुल्लू को सौंप दी जाएगी। इसके बाद रिपोर्ट में बताए गए सुझावों पर चर्चा और विचार-विमर्श करने के बाद यात्रा शुरू होने से पहले उन पर काम किया जाएगा।



श्रीखंड के रास्तों की रैकी करने गया दल।

**श्रीखंड** महादेव यात्रा को सुगम बनाने के लिए एक विशेष दल रास्तों की रैकी करने श्रीखंड महादेव की चोटी तक भेजा गया दल वापस लौट आया है और रिपोर्ट सबमिट कर दी है, जिस पर 3 जून को डीसी कुल्लू की अध्यक्षता में निरमंड में होने वाली ट्रस्ट की बैठक में पेश करने के बाद चर्चा की जाएगी।

**मनमोहन सिंह, एसडीएम निरमंड।**

### अभी रास्ता जोखिम भरा : एसडीएम

**सूचना** के अनुसार आधिकारिक तौर पर यात्रा शुरू होने से पहले ही बिना अनुमति के लोग श्रीखंड के दर्शनों को जा रहे हैं, जिस पर प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति के जान जोखिम में डालकर यात्रा पर जाने वालों की जानकारी मिलने पर उनके खिलाफ तय नियमों के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एसडीएम मनमोहन सिंह ने कहा कि अभी रास्ता जोखिम भरा है और किसी को भी बिना मेडिकल चैकअप, बिना अनुमति के जाने की छूट नहीं दी जा सकती।

### क्या कहती है रिपोर्ट

**एसडीएम** ने बताया कि रिपोर्ट के अनुसार दो-तीन स्थानों पर यात्रा से पहले काम करने की बेहद जरूरत है। रिपोर्ट के अनुसार गत वर्ष 31 जुलाई की रात को पहाड़ी पर बादल फटने के बाद आई बाढ़ में भीम डवारी के पास कुछ मीटर की खाई बन गई है, जहां रास्ता बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, यहां बाकायदा रास्ता बनाने और एक वैकल्पिक पुल लगाने की बेहद जरूरत है। इसके अलावा ब्राहटी नाला के पास रास्ता काफी क्षतिग्रस्त है, जिसे भी यात्रा से पहले दुरुस्त करने की अतिआवश्यकता है। इसके अलावा श्रीखंड जाने वाले रास्ते की कुछेक जगहों पर हल्की सी ही मरम्मत की जरूरत है, जबकि पार्वती बाग से ऊपर श्रीखंड महादेव की चोटी तक रास्ते बिलकुल सही हैं। एसडीएम ने बताया कि दल की रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष श्रीखंड के रास्तों में ग्लेशियर और बर्फ गत वर्ष की तुलना में काफी कम है। आपको बता दें कि उपमंडल निरमंड से शुरू होने वाली इस यात्रा के मार्ग की जांच के लिए प्रशासन ने एक संयुक्त टीम गठित की थी। इसमें पटवारी बुद्धि सिंह और टेक सिंह, वन रक्षक, जलशक्ति विभाग के फिटर, दो पुलिस जवान और अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान मनाली के दो प्रशिक्षित पर्वतारोही शामिल रहे। यह टीम सिंहगाड़, थाचडू, कुंशा, भीम डवार और पार्वती बाग जैसे कठिन पड़ावों के साथ-साथ पुलों, अस्थायी शिविर स्थलों और ग्लेशियरों की स्थिति का गहन निरीक्षण कर वापस लौट आई है और अपनी रिपोर्ट प्रेषित कर दी है।

# पट्टिका पर विधायक की जगह किसी और का नाम शर्मनाक : सुरेंद्र शौरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बंजार दौरे को लेकर विधायक सुरेंद्र शौरी ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

मंगलवार को कुल्लू में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बुधवार को सीएम का बंजार विस क्षेत्र का दौरा है और यहां पर कई शिलान्यास व उद्घाटन सीएम सुक्खू करेंगे। उन्होंने बताया कि बंजार में जो शिलान्यास और उद्घाटन पट्टिका बनाई गई हैं, उसमें चुने हुए विधायक का नाम तक नहीं है, बल्कि उनमें सीएम के एक मित्र का नाम लिखा गया है, जो किसी भी संवैधानिक पद पर नहीं है, जो कि बेहद शर्मनाक विषय है। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार ऐसा देखा जा रहा है, जहां संवैधानिक पद पर जनता द्वारा चुने हुए विधानसभा विधायक का शिलान्यास पट्टिका में नाम गायब है और विधायक की जगह एक ऐसे व्यक्ति का नाम शिलान्यास व उद्घाटन पट्टिका में है, जो कि किसी संवैधानिक पद पर नहीं है। यह विधायक व बंजार की जनता का अपमान है।

सुरेंद्र शौरी ने कहा कि वह सीएम के इस कार्यक्रम में जाएंगे, यह बंजार विधानसभा के विकास का कार्यक्रम है इसलिए जनता के बीच में बैठूंगा। आगे बढ़कर मुख्यमंत्री का स्वागत भी करूंगा और बंजार की समस्या बारे उन्हें अवगत भी करवाऊंगा। वहीं, उन्होंने कहा कि उद्घाटन व शिलान्यास कार्यक्रम में जिम्मेदारी की दोहरी नीति सामने आ रही है, लेकिन शिलान्यास पट्टिका पर नाम नहीं होने से सवाल खड़े हुए हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि बंजार कांग्रेस पांच गुटों में बंटी है, ऐसे में एक गुट सीएम का वेलकम करने की होड़ में चल रहा है, जिसे जनता ने नकारा है। बंजार कांग्रेस के यह पांच गुट अपनी डफली, अपना राग अलाप रहे हैं। कार्यक्रम के आयोजन से पहले ही बंजार विधानसभा में विधायक ने पांच गुटों में बंटी कांग्रेस पर मोर्चा खोल दिया है। वहीं, विधायक ने कहा कि ढाई साल बाद मुख्यमंत्री को बंजार विधानसभा की जनता की याद है। बुधवार को बंजार में सीएम का सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम पर भाजपा के नेताओं ने सवाल खड़े किए हैं। बंजार के विधायक सहित बंजार विधानसभा भाजपा मंडल का कहना है कि सरकारी कार्यक्रम का कांग्रेस नेताओं ने पूरी तरह कांग्रेसीकरण कर दिया है। साथ ही नाम पट्टिका पर स्थानीय विधायक का नाम न होने की सियासत सोशल मीडिया पर पर भी काफी चर्चा बनी हुई है।

## शशिभूषण पुरोहित डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू से संबंध रखने वाले वरिष्ठ पत्रकार शशिभूषण पुरोहित को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है।



पत्रकारिता और संस्कृति क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए आइकॉनिक पीस अवार्ड कॉन्सिल नई दिल्ली ने देश की जानी मानी हस्तियों के बीच कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में यह सम्मान प्रदान किया। शशिभूषण पुरोहित पिछले 17 वर्षों से सक्रिय पत्रकारिता से जुड़े हैं और हिमाचल प्रदेश सहित पंजाब व चंडीगढ़ में सेवाएं दे चुके हैं। शशिभूषण पुरोहित नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट इंडिया के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और पंजाब राज्य के प्रभारी भी हैं।

## पत्रकारों पर केस दर्ज कर लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन कर रही प्रदेश सरकार : रास बिहारी



नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट इंडिया के पदाधिकारी की प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना स्थित गगरेट के पत्रकार पर पुलिस द्वारा मामला दर्ज किए जाने के मामले की गूंज दिल्ली तक पहुंची है। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट इंडिया ने इस मामले को प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के समक्ष रखने का निर्णय लिया है।

मंगलवार को नई दिल्ली के जंतरमंतर स्थित एनयूजेआई कार्यालय में यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने पत्रकारों को संबोधित करते कहा कि हिमाचल प्रदेश में पिछले कुछ समय से पत्रकारों को सिलसिलेवार निशाना बनाया जा रहा है। यह सरासर लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के गगरेट में पिछले दिनों दो पक्षों के बीच विवाद के मामले को लेकर एक पक्ष ने डीसी से शिकायत की, जिस आधार पर पत्रकार ने अखबार में खबर प्रकाशित की, लेकिन पुलिस ने बिना किसी नोटिस के इस मामले में पत्रकार पर ही मामला दर्ज कर दिया। इससे पहले भी प्रदेश में पत्रकारों पर बिना किसी तथ्यों के मामले बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रेस पर इस प्रकार का दबाव बनाना ठीक नहीं। यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन है। उन्होंने कहा कि यूनियन इस मामले को प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के समक्ष उठाएगी। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी इस बारे में पत्र लिखा जाएगा। रासबिहारी ने कहा कि अगर प्रदेश की पुलिस और प्रशासन ने पत्रकारों का उत्पीड़न बंद नहीं किया, तो यूनियन सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेगी और एसपी कार्यालय का घेराव करेगी। इस मौके पर उनके साथ एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रणेश राणा और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. शशि भूषण पुरोहित भी मौजूद रहे।

**आयोजन** डीसी ने कहा, 250 स्वयं सहायता समूहों को ऋण प्रदान करने का लक्ष्य किया निर्धारित

# ऋण जमा अनुपात में सुधार के लिए प्रयास करें बैंक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के मुख्यालय में डीसी कार्यालय के सभागार में जिले के बैंकों की 56वीं जिला स्तरीय समन्वय समिति तथा जिला स्तरीय समीक्षा समिति की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने की।

डीसी ने कहा कि जिले में बैंकों की ऋण व जमा का अनुपात 26.70 प्रतिशत है, जो कि राष्ट्रीय ऋण व जमा अनुपात से बहुत कम है। उन्होंने केनरा व ग्रामीण बैंक के अतिरिक्त सभी बैंकों को ऋण व जमा अनुपात सुधारने के लिए, सार्थक प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बैंकों द्वारा स्वयं सहायता ग्रुप को दिए जाने वाले ऋणों के लक्ष्य के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि जिले में पंजीकृत सभी स्वयं सहायता समूहों को अपेक्षाकृत बहुत कम स्वयं सहायता समूहों को लोन की सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने संबंधित





जिले के बैंकों की 56वीं जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में अधिकारियों से चर्चा करती हुई डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना।

विभाग के लिए वर्तमान वित्त वर्ष में 250 स्वयं सहायता समूहों को ऋण प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया।

उन्होंने स्वयं सहायता समूहों को इस संदर्भ में और अधिक जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी बैंकों के प्रतिनिधियों से जिले के सभी किसानों, बागवानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान करने के निर्देश दिए, ताकि जिले में इस योजना को सैचुरेशन लेवल प्राप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि जब राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह व किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसान, बागवान जब ऋण लेंगे, तो जिले के बैंकों का ऋण जमा अनुपात में सुधार आएगा। उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों से पिछले वर्ष आयोजित 67 वित्तीय जागरूकता शिविरों के बारे में भी विस्तृत फीडबैक ली। उन्होंने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और बताया कि इस योजना के तहत जिले में अभी तक कुल 183 मामले स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 129 मामलें एसबीआई द्वारा स्वीकृत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना, समाजिक सुरक्षा योजनाओं व अन्य सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा की।

# आनी के डिगेढ निवासी अशोक ठाकुर ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

**अनंत ज्ञान, आनी**

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में विज्ञान भवन, नई दिल्ली में अंतरिक्ष आधारित पृथ्वी अवलोकन और जीआईएस प्रौद्योगिकियों के माध्यम से आपदा जोखिम प्रबंधन विषय पर को-डीआरआर-13 कार्यशाला का आयोजन किया गया।



इस कार्यशाला का संचालन और आयोजन का उत्तरदायित्व आनी के डिगेढ से संबंध रखने वाले अशोक कुमार को सौंपा गया, जो क्षेत्र के लिए एक सम्मान की बात रही। इस अवसर पर आपदा जोखिम प्रबंधन और भू-स्थानिक प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और पेशेवरों का एक प्रतिष्ठित समूह उपस्थित था। कार्यशाला में अंतरिक्ष आधारित आंकड़ों और जीआईएस के नवीनतम अनुप्रयोगों पर विस्तार से चर्चा हुई, जिनका उपयोग आपदा की तैयारी, प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों और शमन रणनीतियों में किया जा रहा है। इस बारे में अशोक से बात करने और उन्होंने यह अवसर प्रदान करने के लिए एनडीएमए और एनआरएससी का आभार प्रकट किया। साथ ही सभी वक्ताओं और प्रतिभागियों का भी आभार प्रकट करते हुए कहा कि सभी वक्ताओं ने अपने विचारों और अनुभवों से कार्यशाला को अत्यंत समृद्ध बनाया। आपको बता दें कि अशोक आनी के डिगेढ गांव के रहने वाले हैं।

वे एक समर्पित जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग विशेषज्ञ हैं, जो वर्तमान में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), भारत सरकार में जीआईएस परियोजना समन्वयक/ परियोजना प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। इस भूमिका में वह आपदा प्रबंधन के अंतर्गत रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस अनुप्रयोगों से संबंधित परियोजनाओं का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके कार्यक्षेत्र में हिमस्खलन, झील विस्फोट बाढ़, भूस्खलन, भूकंप, बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से जुड़ी थीम शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पांवटा में यमुना नदी से अवैध खनन करते पकड़ा ट्रैक्टर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब उपमंडल में खनन विभाग ने यमुना नदी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध खनन कर रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। उत्तराखंड नंबर का यह ट्रैक्टर निर्माणाधीन भंगाणी पुल के समीप खनन कार्य में संलिप्त पाया गया। मौके पर परमिशन न होने के कारण इसे जब्त कर पुलिस को सौंप दिया गया। सहायक खनिज निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि सोमवार को पुलिस टीम के साथ यमुना नदी किनारे भंगाणी गांव में औचक निरीक्षण किया गया। वहां ट्रैक्टर को अवैध रूप से कच्चा खनिज भरते हुए पकड़ा गया, जो ढकरानी स्थित क्रैशर की ओर ले जाया जा रहा था। ट्रैक्टर के पास कोई वैध खनन अनुमति नहीं पाई गई। ट्रैक्टर द्वारा पुल के निकट खनन किए जाने से नवनिर्मित पुल को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई गई है। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक अब्दुल कादिर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला खनन अधिकारी कुलभूषण शर्मा के निर्देश पर खनन निरीक्षक ने खनिज चोरी के लिए इस्तेमाल किए जा रहे चोर रास्तों को बंद करवा दिया है। साथ ही इन रास्तों पर ट्रेंच खुदवाने की प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जाएगी, ताकि भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

### कुश्ती स्टेडियम में होगा खेल उत्सव का आयोजन

**संजय शर्मा, अनंत ज्ञान, सराहां।** हिमालयन स्पोर्ट्स एंड कल्चर क्लब सराहां द्वारा आगामी 30 व 31 मई को कुश्ती स्टेडियम सराहां में पच्छाद उत्सव का अयोजन किया जा रहा है। इस उत्सव को मनाने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना है इसीलिए इसका थीम खेल खेलो/नशा छोड़ो और खेलेगा युवा नशे से दूर रहेगा युवा रहेगा। कार्यकम का शुभारंभ 30 मई को कुश्ती ग्राउंड सराहां में प्रातः 9 बजे मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। उसके उपरांत 10 बजे ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया जाएगा। इसी के साथ लोगों के मनोरंजन के लिए दोनों दिन सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें नरेंद्र नीटू, अजय चौहान, देविंद्र ठाकुर व तांत्रा ग्रुप डांस लोगों का भरपूर मनोरंजन करेंगे। 31 मई को महादंगल का आयोजन होगा। इसमें प्रदेश के कैबिनेट स्तर के मंत्री मुख्यातिथि होंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए हिमालयन स्पोर्ट्स एंड कल्चर से अभिषेक कौंडल ने बताया कि 31 मई को कबड्डी सेमीफाइनल व फाइनल मैच प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक होंगे, वहीं दंगल एक से 6 बजे तक होगा।

### घरों की छतों व आसपास पानी खड़ा न होने दें

**अनंत ज्ञान, सराहां।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नारग खंड पच्छाद में विश्व डेंगू दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी नारग डॉ. प्रवेश चौधरी ने उपस्थित लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य बरसात के दिनों में डेंगू व मलेरिया को फैलने से रोकना है। इस दिवस पर हमें अपने आसपास की सफाई, स्वस्थ जीवन शैली व डेंगू के फैलने को रोकने में समाज में जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक नरवीर कुमार शर्मा ने बताया कि डेंगू का मच्छर खड़े हुए साफ पानी में पनपता है इसलिए घरों की छतों पर व आसपास पुरानी बोतलों व टायर आदि में पानी खड़ा न होने दें व आसपास की सफाई रखें, ताकि मच्छर-मक्खी आदि पैदा न हो सके। इस अवसर पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रणजीत सिंह, भानु प्रभा के अतिरिक्त स्थानीय आशाओं सहित लगभग पांच दर्जन स्त्री, पुरुष मौजूद थे।

### वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव विषयों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन आईटीआई दाड़लाघाट में अंतिम सत्र के विद्यार्थियों के लिए फाइनेंशियल लिटरेसी सेशन का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य युवाओं में वित्तीय जागरूकता को बढ़ावा देना और उन्हें पैसों के प्रभावी प्रबंधन के प्रति जागरूक करना रहा। सत्र में स्मार्ट सेविंग बिहेवियर, खर्च प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, डिजिटल लेन-देन की सावधानियां और वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी जिज्ञासाएं साझा कीं। सत्र का संचालन सेबी के मास्टर ट्रेनर प्रदीप कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को वित्तीय जागरूकता के महत्व को समझने में मदद की और उन्हें अपने वित्तीय भविष्य को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने के लिए प्रेरित किया।

### रोटरी क्लब के शिविर में 20 ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** रोटरी क्लब बद्दी द्वारा शिवालिक वैली स्कूल के सहयोग से गुप्ता अस्पताल बद्दी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 20 ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ रोटरी क्लब बद्दी की अध्यक्ष कविता बंसल ने किया। उन्होंने सभी रक्तदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि रोटरी ने इस साल का यह 11वां रक्तदान शिविर लगाया और यह शिविर भविष्य में भी लगाए जाएंगे। कविता ने कहा कि रक्तदान बहुत पुनीत कार्य है, हमें अपने रक्त के प्रति जागरूक होना चाहिए। इस अवसर पर बीआरडी मेडिलेब के एमडी राजेश बंसल, डॉ. निधि गुप्ता, संजीव वर्मा, कार्तिक शर्मा, कर्ण शर्मा, सतीश कौशल, विपिन गुप्ता, डॉ. रमन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### सहीराम के निधन से सिरमौर भाजपा में शोक की लहर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** संगड़ाह नोहराधार भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि जिला सिरमौर के पूर्व ब्लाक समिति अध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा कार्य समिति सदस्य सहीराम चौहान पिछले कुछ महीने से अस्वस्थ चल रहे थे, जिस कारण उनका अचानक निधन हो गया। उनके निधन होने का समाचार मिलते ही महल क्षेत्र के साथ-साथ पूरे जिला सिरमौर में शोक की लहर दौड़ रही है। रावत ने बताया कि सहीराम चौहान महल क्षेत्र के ही नहीं, बल्कि पूरे जिला सिरमौर के कद्दावर नेता थे इसलिए उनकी क्षतिपूर्ति कभी भी पूर्ण नहीं की जा सकती।

### शलाणा गांव के मास्टर जोगेंद्र का निधन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** क्षेत्र के प्रसिद्ध शिक्षाविद और समाजसेवी मास्टर जोगेंद्र सिंह चौहान का 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पैरवी नदी के पावन तट पर किया गया, जहां सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। पत्रकार विकल्प ठाकुर के दादा मास्टर जोगेंद्र सिंह चौहान के निधन पर पत्रकार संघ राजगढ़ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। संघ के प्रधान शेरजंग चौहान, उपप्रधान हरदेव भारद्वाज, महासचिव नितिन भारद्वाज सहित सभी सदस्यों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### विधायक संजय अवस्थी का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय अवस्थी का सून गांव वासियों ने समाजसेवी शेर सिंह की अध्यक्षता में सामूहिक रूप से आभार व्यक्त किया, जिनके अथक प्रयासों से अर्की विधानसभा क्षेत्र की (ग्राम पंचायत लग) सून गांव के लिंक रोड को मंजूरी मिली, इसके लिए सभी गांव वासी और विशेष रूव से सभी सून गांववासियों ने विधायक संजय अवस्थी का आभार व्यक्त किया।

### मशहूरी बोर्ड लगाए जाने से लोगों में नाराजगी

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** परवाणू के टिपरा गांव में हरियाणा हिमाचल के बॉर्डर पर एक शिव मंदिर के आसपास चंडीगढ़ की एक निजी कंपनी द्वारा अपनी मशहूरी के लिए बड़े-बड़े बोर्ड लगाए जाने से लोगों ने नाराजगी जाहिर की है। इस बारे में टिपरा के स्थानीय लोगों ने मंगलवार को उपमंडल अधिकारी (नागरिक) कसौली को लिखित शिकायत दी। शिकायत में उन्होंने बताया कि हरियाणा हिमाचल की सीमा पर पहाड़ी पर स्थित एक प्राचीन शिव मंदिर है, जो कि स्थानीय लोगों की आस्था का प्रतीक है। यहां दूर-दराज से लोग मंदिर में माथा टेकने आया-जाया करते हैं तथा यह मंदिर दूर से दिखाई पड़ता है। पिछले कुछ समय से चंडीगढ़ की एक निजी कंपनी पीएलपीबी द्वारा मंदिर के आसपास अपनी मसूरी के लिए बड़े-बड़े होर्डिंग बोर्ड लगा दिए गए हैं, जिससे मंदिर का दूर से देखने पर पता ही नहीं लगता। इस बारे में जब कंपनी से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि वह मंदिर की कमेटी को इसके लिए लाखों रुपए दे रहे हैं इसलिए वह इस बोर्ड को नहीं हटाएंगे। इसके बाद इन्होंने जब इस बारे में पता किया तो पाया कि मंदिर की कोई कमेटी नहीं बनी है। उन्होंने एसडीएम से इस मामले की जांच तथा दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। भाजपा कार्यकर्ता चतर सिंह ने बताया कि हम काफी समय से इस बारे में शिकायत कर रहे हैं, मगर कोई हल न होता देख कार्रवाई की है यदि मंदिर की कमेटी बनी भी होती, तो भी उन्हें पंचायत से अनुमति प्राप्त करनी होती है। पंचायत प्रधान से भी इस बारे में पत्र लिख कर इसकी जानकारी ली जाएगी कि क्या कंपनी या फिर मंदिर कमेटी ने पंचायत से अनुमति प्राप्त की है या नहीं। उन्होंने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि कंपनी द्वारा पैसा किसी निजी व्यक्ति के खाते में जा रहा है। उपमंडल अधिकारी कसौली ने बताया कि वह किसी काम से दिल्ली आए हैं तथा इस बारे में वह वापस आने पर ही बता पाएंगे।

### कर्मचारियों ने प्रबंधन के खिलाफ खोला मोर्चा

**भूपेंद्र चंदेल, अनंत ज्ञान, बद्दी।** औद्योगिक क्षेत्र झाड़माजरी स्थित मल्टीनेशनल कंपनी हुतामाकी इंडिया लिमिटेड में मंगलवार को कर्मचारियों ने प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए धरना-प्रदर्शन किया। कंपनी प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के शोषण और जबरन किए जा रहे ट्रांसफर के खिलाफ नाराजगी जताते हुए उन्होंने फैक्टरी के गेट पर धरना देते हुए उत्पादन कार्य पूरी तरह ठप कर दिया। जानकारी के अनुसार कर्मचारी संघ के पदाधिकारी सिंह निवासी चंबा को उद्योग में प्रवेश से रोक दिया गया और महाराष्ट्र में ड्यूटी ज्वॉइन करने का आदेश थमा दिया गया। इस घटना के बाद कर्मचारियों में भारी आक्रोश फैल गया।

#### अर्की में 11.50 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित न्यायिक परिसर का किया लोकार्पण

# न्याय तक सभी की पहुंच मूलभूत: गुरमीत सिंह

**अनंत ज्ञान, सोलन/अर्की**

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया ने कहा कि पीड़ित को समयबद्ध एवं संतोषजनक न्याय प्रदान करना ही न्याय पालिका का मुख्य उद्देश्य है। न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया सोलन जिले के अर्की में नवनिर्मित न्यायिक परिसर का लोकार्पण करने के उपरांत उपस्थित न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं अन्य को संबोधित कर रहे थे। इस न्यायिक परिसर के निर्माण पर लगभग 11.50 करोड़ रुपए की राशि खर्च हुई है।


अर्की में नवनिर्मित न्यायिक परिसर का लोकार्पण करते न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया।

न्यायमूर्ति संधावालिया ने कहा कि एक संस्थान के रूप में हम सभी को समुचित न्याय प्रदान करने के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मामलों का समय पर निपटारा किया जाना आवश्यक है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि समयबद्ध न्याय प्रदान करने में न्याय पालिका की सहायता करें। समय पर प्रदान किया गया न्याय अधिवक्ताओं एवं न्यायिक अधिकारियों के लिए जन संपर्क प्रेरक है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्याय तक सभी की पहुंच मूलभूत है और इस दिशा में बेहतर अधोसंरचना सहायक सिद्ध होती है। उन्होंने कहा कि विधि एक अनूठा व्यवसाय है और अधिवक्ता एक स्थान पर एक लक्ष्य के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं से आग्रह किया कि पीड़ितों को सर्वश्रेष्ठ सेवा देने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि अर्की में नवनिर्मित न्यायिक परिसर न्याय पाने वालों और न्याय प्रदान करने वालों के लिए सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने आशा जताई कि यहां न्याय के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं एवं अधोसंरचना उपलब्ध होंगी।

उन्होंने न्यायिक अधोसंरचना के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल ने इस अवसर पर कहा कि न्याय प्रक्रिया में पीड़ित, अधिवक्ता, न्यायालय कर्मी और न्यायिक अधिकारी मूल तत्व हैं। पीड़ित को उचित वातावरण में समय पर न्याय मिलना चाहिए। न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल ने कहा कि यह नवनिर्मित भवन सभी को समयबद्ध न्याय प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि न्याय तक सभी की पहुंच सरल बनाने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सोलन डॉ. अरविंद मल्होत्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सुदृढ़ न्याय पालिका का होना आवश्यक है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया का नए न्यायिक परिसर के लोकार्पण के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान, प्रदेश उच्च न्यायालय के महापंजीयक भूपेश शर्मा, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश विवेक खेनाल, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सोलन आर मिहुल शर्मा, डीसी सोलन मनमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह आदि मौजूद रहे।

# भाजपा नेता विमल नेगी को लेकर कर रहे राजनीति: उमेश

**अनिल नेगी, अनंत ज्ञान**



**रिकांगपिओ।** किन्नौर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष उमेश नेगी ने रिकांगपिओ में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि जिला किन्नौर से संबंध रखने वाले स्वर्गीय इंजिनियर विमल नेगी के देहांत मामले को लेकर भाजपा व उनके नेता सूरत नेगी ने गलत तरीके से राजनीति करने का काम किया है, जबकि विमल नेगी के लापता होने के बाद उन्हें ढूंढने को लेकर कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर काम किया व लगातार विमल नेगी के भाई के साथ संपर्क में रहे।

भाजपा के नेताओं ने स्वर्गीय विमल नेगी के मौत के बाद लगातार शिमला से लेकर किन्नौर तक लोगों को गुमराह करने व कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी के खिलाफ भड़काना शुरू किया, जबकि कैबिनेट मंत्री नेगी ने विमल नेगी के बिलासपुर में शव मिलने के बाद शिमला में परिवारजनों के धरना-प्रदर्शन में पहुंचकर परिवार का हालचाल जाना और परिवारजनों के मांग पर शक के आधार पर विमल नेगी एचपीसीएल से संबंध रखने वाले दो अधिकारियों पर कार्रवाई की व एक अधिकारी को तुरंत निलंबित किया। बावजूद उसके भी भाजपा के नेता अपनी राजनीति चमकाने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर अपनी सरकार में किन्नौर में हेलिकाप्टर से आए और हेलिकाप्टर में वापस चले गए न लोगों का दुख-दर्द जाना और न ही लोगों का हाल-चाल पूछा। आज विमल नेगी के देहांत मामले में राजनीति करने वे करीबन दो बार किन्नौर प्रवास पर आए और बिना वजह सरकार के खिलाफ बयानबाजी कर वापस चले गए। उन्होंने कहा कि विमल नेगी के परिवारजनों के साथ कांग्रेस संगठन व सरकार खड़ी है।

## नशीले कैप्सूल रखने के मामले में दो लोगों को 10 और पांच साल की कैद

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिरमौर योगेश जसवाल की अदालत ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल रखने के दोषी हरियाणा निवासी सद्दाम पुत्र मोहम्मद हसन को 10 वर्ष का कठोर कारावास और एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।



जुर्माना न भरने की स्थिति में उसे दो वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। 7 सितंबर, 2023 को पुलिस टीम शंभूवाला, बोलियो, कटासन क्षेत्रों में गश्त कर रही थी। कटासन देवी के पास तीव्र मोड़ पर लगाए गए नाके पर एक बाइक सवार बिना हेलमेट के आता दिखाई दिया। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी भागने लगा। पीछा कर उसे पकड़ा गया और जांच में उसके बैग से तीन डिब्बों में कुल 576 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल बरामद किए गए। अभियोजन पक्ष ने इस मामले में 27 गवाह पेश किए, जिनके बयानों के आधार पर अदालत ने दोष सिद्ध करते हुए सजा सुनाई। एक अन्य मामले में अदालत ने पांवटा साहिब निवासी प्रमोद कुमार पुत्र ब्रह्मानंद को 5 वर्ष के कठोर कारावास और 25,000 जुर्माने की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी चंपा सुरील के अनुसार, 3 फरवरी, 2020 को पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रमोद कुमार अवैध रूप से नशीली दवाओं की खरीद-फरोख्त में संलिप्त है। उसके घर पर छापेमारी में ड्रेसिंग टेबल की दराज से 504 नशीले कैप्सूल बरामद किए गए थे। दोनों मामलों में अदालत ने यह स्पष्ट किया कि समाज में नशे के फैलते दायरे को देखते हुए ऐसे मामलों में कठोरता आवश्यक है। यह सजा भविष्य में दूसरों के लिए चेतावनी का कार्य करेगी।

## पेंशनर्स आज सरकार के खिलाफ करेंगे प्रदर्शन

**प्रेम, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** जिला पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संगठन बुधवार को अपनी मांगें पूरी न होने पर सरकार के खिलाफ कंडाघाट उपमंडल मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी संगठन के जिलाध्यक्ष केडी शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति में दी। उन्होंने बताया कि संगठन ने विगत 9 अप्रैल को लंबे समय से चली आ रही मांगों का पांच सूत्री मांग पत्र प्रदेश सरकार को दिया था। इस पर विचार के लिए सरकार को 15 दिनों का समय दिया गया था। यह समय भी निकल गया और सरकार ने मांगों पर कोई विचार नहीं किया इसलिए संगठन ने निर्णय लिया है कि मांगें न सुनने पर सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। इस विरोध के तीसरे चरण में बुधवार को कंडाघाट में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन लोक निर्माण विश्राम गृह से शुरू होगा और यह बाजार से होते हुए मिनी सचिवालय कंडाघाट पहुंचेगा।

## प्रदेश के सभी जिलों में 6 को मेगा मॉक अभ्यास


9वें राज्यव्यापी मेगा मॉक अभ्यास के आयोजन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भूकंप के विषय में 9वें राज्यव्यापी मेगा मॉक अभ्यास के आयोजन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने वर्चुअल माध्यम से की। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन ने भी भाग लिया। राहुल जैन ने कहा कि प्रथम चरण अभिविन्यास एवं समन्वय के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अवगत करवाया गया कि प्रदेश के सभी जिलों में 3 जून को टेबल टॉक अभ्यास व 6 जून को मॉक अभ्यास आयोजित किए जाएंगे। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में उचित निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजकुमार चंदेल, गृह रक्षा आदेशक संतोष शर्मा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शालिनी पूरी, जिला नियंत्रक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति श्रवण कुमार हिमालयन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## बॉस्केटबॉल में सोलन का बेहतर प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला कांगड़ा बॉस्केटबॉल एसोसिएशन की ओर से आयोजित पहली राज्य स्तरीय अंडर-23 बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में सोलन जिले की टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपनी टीम को सेमीफाइनल तक पहुंचाया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश की 11 टीमों ने भाग लिया।

सोलन जिले की टीम ने कप्तान प्रगुन डोगरा के नेतृत्व में इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इसमें प्रगुन के अलावा विपुल चौहान, सक्षम डोगरा और वंश सरैक ने सोलन जिले का प्रतिनिधित्व किया। टीम का पहला मुकाबला सिरमौर जिले से हुआ। इसके अलावा सोलन की टीम ने शिमला, कुल्लू की टीम को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में मेजबान कांगड़ा जिले की टीम ने सोलन को 18-14 के अंकों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।

## पुलिस थाना कुनिहार में हल्के वाहनों की नीलामी 31 को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस विभाग सोलन द्वारा 31 मई को पुलिस थाना कुनिहार में हल्के वाहनों की नीलामी की जाएगी। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि नीलामी उपमंडलीय पुलिस अधिकारी दाड़लाघाट की अध्यक्षता में गठित नीलामी समिति की देखरेख में प्रातः 11 बजे पुलिस थाना कुनिहार में आरंभ होगी। नीलामी होने वाले हल्के वाहन पुलिस थाना कुनिहार में देखे जा सकते हैं। इसके लिए उपमंडलीय पुलिस अधिकारी दाड़लाघाट की अनुमति प्राप्त करनी होगी। बोलीकर्ता को बोली आरंभ होने से पूर्व एमएचसी मलखाना पुलिस थाना कुनिहार में धरोहर राशि के रूप में 5 हजार रुपए की राशि जमा करवानी होगी। अधिक जानकारी के लिए पुलिस थाना कुनिहार में संपर्क किया जा सकता है।

## नाहन चौगान में खालसा फुटबाल कप संपन्न, चंडीगढ़ बना विजेता


चौगान मैदान में आयोजित खालसा फुटबाल कप प्रतियोगिता में विजेता टीम ट्रॉफी के साथ।

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** ऐतिहासिक चौगान मैदान में आयोजित खालसा फुटबाल कप प्रतियोगिता का समापन हो गया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में कांग्रेस युवा नेता जयदीप शर्मा उपस्थित रहे, जिनका खालसा फुटबॉल कमेटी ने भव्य स्वागत किया। कांग्रेस नेता शर्मा ने इस सम्मान को अपने लिए अत्यंत गौरवपूर्ण बताया और आयोजकों का हृदय से आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में चंडीगढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की, जबकि स्थानीय टीम नाहन के गोबिंदगढ़ मोहल्ले ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। मुख्यातिथि जयदीप शर्मा ने विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उत्कृष्ट खेल कौशल की सराहना की। उन्होंने भविष्य में भी उन्हें खेल भावना और सामुदायिक एकता को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

## छात्रों को दी ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी

**आशीष, अनंत ज्ञान**

**दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुघार में प्रधानाचार्य रेखा राठौर की अध्यक्षता में पूर्व सैनिकों द्वारा विद्यार्थियों को भारतीय सेना द्वारा हाल ही में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।


राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुघार में पूर्व सैनिक स्टूडेंट्स के साथ।

इस अवसर पर सेना मेडल से सम्मानित एवं भारतीय सेवा से सेवानिवृत्त कैप्टन रमेश ठाकुर व सेवानिवृत्त कमांडो ललित गौतम द्वारा विद्यार्थियों को ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के अद्भुत शौर्य, साहस और पराक्रम के बारे में बताया गया। इससे पूर्व विद्यालय परिवार व विद्यार्थियों द्वारा बड़ी गर्म जोशी से सेवानिवृत्त कैप्टन रमेश ठाकुर व सेवानिवृत्त कमांडो ललित गौतम का बड़ी गर्मजोशी से स्वागत किया गया। रमेश ने विद्यार्थियों को बताया कि हमारे वीर सैनिक किस तरह से अत्यंत विषम परिस्थितियों में रहकर देश की सेवा करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से ऑपरेशन सिंदूर में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह से प्रेरणा लेने के लिए कहा। उन्होंने विद्यार्थियों से भारतीय सेवा में शामिल होने का सपना देखने का भी आग्रह किया और साथ ही कहा कि विद्यार्थियों को इस सपने को पूरा करने के लिए अभी से कड़ी मेहनत करनी चाहिए और उन्हें नशे जैसी बुराइयों से सदैव दूर रहना चाहिए। इस अवसर पर मंच का संचालन प्रवक्ता अंग्रेजी दीपक ठाकुर ने किया। कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा नीतिका द्वारा भारत के वीर सैनिकों के सम्मान में मेरे वतन के लोगों देशभक्ति का गीत भी प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्य, सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों द्वारा सेवानिवृत्त कैप्टन रमेश ठाकुर व सेवानिवृत्त कमांडो ललित गौतम व उनके साथियों द्वारा भारतीय सेना के सम्मान में चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान में भी भाग लिया।

**शिरकत** श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने हलांह में पीएचसी का किया शुभारंभ

# शिलाई को मॉडल विधानसभा क्षेत्र बनाना लक्ष्य

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने शिलाई विधानसभा क्षेत्र के प्रवास कार्यक्रम के दौरान पीएचसी हलांह का शुभारंभ करने के उपरांत शहीद कल्याण सिंह मेमोरियल समिति द्वारा आयोजित 26वीं जिला स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के समापन समारोह के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।


पीएचसी हलांह का शुभारंभ करने पहुंचे उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान।

इससे पूर्व उद्योग मंत्री ने हलांह में शहीद कल्याण सिंह स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री ने क्षेत्रवासियों को पीएचसी हलांह के लिए बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्राथमिकता के आधार पर दूरवर्ती क्षेत्रों के अस्पतालों में ढांचागत तथा स्टाफ सुविधा का विस्तार किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उपचार के लिए दूर अस्पतालों में न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थानों के सुदृढ़ीकरण से आने वाले समय में गांवों के लोगों को आर्थिक तंगी के चलते उपचार से महरूम नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में 19 करोड़ से शिलाई में निर्मित होने वाले 100 बिस्तरों के नागरिक अस्पताल भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कर जल्द जनता को समर्पित किया जाएगा। इसके उपरांत नागरिक अस्पताल शिलाई में मरीजों की सुविधा के लिए 100 बिस्तरों की व्यवस्था होगी। साथ ही इस अस्पताल में विषय विशेषज्ञ डॉक्टरों सहित नर्सों के रिक्त पड़े पदों को भी भरा जाएगा। हाल ही में 19 करोड़ की लागत से नाया-पिंजोड रोड का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिलाई विधानक्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा पेयजल आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण सुनिश्चित करने के लिए लगभग 250 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य प्रगति पर है।

शिलाई विधानसभा क्षेत्र को मॉडल विधानसभा क्षेत्र बनाना उनका लक्ष्य है तथा वह निरंतर इसके लिए प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने कहा कि खेल जीवन के लिए नितांत महत्वपूर्ण हैं। खेलों से न केवल शारीरिक व मानसिक विकास होता है, बल्कि व्यक्तित्व का भी विकास होता है। वहीं, खेलों के माध्यम से युवा अपने आप को समाज में व्यापक कुरीतियों तथा अनेक प्रकार के व्यसनों से सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि सूबे के अनेक खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित कर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया है। क्षेत्र की चार लड़कियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को सम्मान राशि तथा सरकारी नौकरियों में आरक्षण देकर उन्हें सम्मानजनक पदों पर नियुक्तियां प्रदान कर रही है। हर्षवर्धन चौहान ने नौजवानों से अपनी ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह चिंता की बात है कि अनेक नौजवान नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं और अपने जीवन तथा परिवार की बर्बादी का कारण बन रहे हैं। उन्होंने युवाओं को अपनी दिनचर्या व्यस्त बनाने को कहा, ताकि वह जीवन में नई उपलब्धियां को हासिल कर सकें।

## 11 खिलाड़ियों का स्टेट योग ओलंपियाड के लिए चयन


स्टेट योग ओलंपियाड के लिए चयनित हुए खिलाड़ी अध्यापकों के साथ।

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान,**

**पावंटा साहिब।** पांवटा साहिब विकासखंड के शहीद कमलकांत मेमोरियल विद्यालय कोटड़ी व्यास के 11 खिलाड़ियों का सिलेक्शन राज्यस्तर पर आयोजित योग ओलंपियाड प्रतियोगिता के लिए हुआ। जिला स्तर पर यह प्रतियोगिता अंडर-14 ब्वॉयज व गर्ल्स मानगढ़ में 24, 25 मई को संपन्न हुई।

इसमें फिर से कोटड़ी व्यास स्कूल की टीम ने दोनों वर्गों लड़के व लड़कियों में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, अंडर-17 ब्वॉयज एंड गर्ल्स राजगढ़ में 26 मई को संपन्न हुई। इसमें स्कूल के खिलाड़ियों लड़के व लड़कियों ने बाजी मारी। अंडर-14 ब्वॉयज में हर्ष, शिवानंद, शिवम, शौर्य कोटड़ी व्यास से सिरमौर का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं अंडर-14 गर्ल्स में खुशबू व कंचन, अंडर-17 ब्वॉयज व गर्ल्स में सौरभ, निखिल,अंशिका, कृतिका, प्रीतिका सिरमौर का प्रतिधित्व नादौन हमीरपुर हिमाचल प्रदेश में करेंगे। वहीं, यह खिलाड़ी अब नादौन हमीरपुर में 29, 30 जून को जिला सिरमौर का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं, स्कूल प्रिंसिपल ने बताया कि हमारे स्कूल के लिए गर्व का विषय है कि चार टीमों में 11 खिलाड़ी हमारे स्कूल से सेलेक्ट हुए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अधिकारी हर माह कैमिस्ट शॉप का करें निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** यूटी चंडीगढ़ के डिप्टी कमिश्नर निशांत कुमार यादव ने नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें केंद्र शासित प्रदेश में नशीली दवाओं की तस्करी, मादक द्रव्यों के सेवन और संबंधित सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी चिंताओं से संबंधित मौजूदा मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक प्रवर्तन तंत्र को सुदृढ़ करने, अंतर-विभागीय समन्वय को सुव्यवस्थित करने और नशीली दवाओं के खिलाफ उपायों के प्रभावी जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुलाई गई थी। डिप्टी कमिश्नर ने सभी उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में प्रति माह कम से कम तीन केमिस्ट शॉप का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। ये निरीक्षण ड्रग इंस्पेक्टरों के सहयोग से किए जाने हैं ताकि फार्मास्युटिकल पदार्थों की बिक्री और वितरण को नियंत्रित करने वाले नियामक मानदंडों का व्यापक अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

### एनएच-5 पर चलाया अतिक्रमण विरोधी अभियान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट, चंडीगढ़ के निर्देशों के तहत, 27.05.25 को राष्ट्रीय राजमार्ग-05 के साथ राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) पर अनधिकृत अतिक्रमणों को हटाने के लिए एक विशेष तोड़फोड़ और निकासी अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया, जिसमें हल्लोमाजरा लाइट पॉइंट से लेकर केंद्र शासित प्रदेश की सीमा (जीरकपुर की ओर) तक का हिस्सा शामिल था। लगभग 2.5 किलोमीटर की दूरी को कवर करने वाला यह अभियान इंजीनियरिंग विभाग, चंडीगढ़ पुलिस और अन्य संबंधित अधिकारियों के समन्वित प्रयासों से सुचारू रूप से और कुशलतापूर्वक चलाया गया। अभियान का प्राथमिक उद्देश्य सार्वजनिक भूमि को पुनः प्राप्त करना और स्वीकृत मास्टर प्लान जैसे साइकिल ट्रैक के अनुसार बुनियादी ढांचे के निर्बाध विकास और विस्तार को सुनिश्चित करना था। इस महत्वपूर्ण गलियारे पर अतिक्रमण ने न केवल विकासात्मक गतिविधियों में बाधा डाली थी, बल्कि यातायात और सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताएं भी पैदा की थीं।

### 12 जून को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, यूटी 12 जून को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित करने जा रहा है। जो लोग जिला न्यायालयों और अन्य न्यायाधिकरणों, यूटी, चंडीगढ़ के समक्ष सूचीबद्ध अपने मामले को समझौते के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निपटाना चाहते हैं, वे अपने मामले को सौहार्दपूर्ण तरीके से निपटाने के लिए 12 जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में सूचीबद्ध कराने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, यूटी, चंडीगढ़ के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में उठाए जाने वाले मामलों की श्रेणियां आपराधिक समझौता योग्य अपराध हैं, धारा 138 के तहत एनआई अधिनियम के मामले, धन वसूली के मामले, मोटर दुर्घटना दावा मामले, श्रम विवाद मामले, सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं जैसे बिजली और पानी के बिल मामले, आदि से संबंधित विवाद, वैवाहिक विवाद/पारिवारिक विवाद, किराया मामले, उपभोक्ता संरक्षण मामले, भरण-पोषण संबंधी मुद्दे तथा अन्य सिविल मामले (किराया, सुखाधिकार, अधिकार, निषेधाज्ञा मुकदमें, विशिष्ट निष्पादन मुकदमे आदि शामिल है।

### चोर गिरोह के दो सदस्य दबोचे, 22 चोरियों में शामिल

अनंत ज्ञान, पानीपत। पानीपत पुलिस ने एक चोर गिरोह का भंडाफोड़ कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में इन दोनों ने 22 चोरी की वारदात का खुलासा किया है। यह युवक नशे के आदी हैं और इसी के लिए चोरी करते थे। उप पुलिस अधीक्षक सतीश वत्स ने मंगलवार को मैं पत्रकार वार्ता में बताया कि इंस्पेक्टर विजय को सोमवार देर शाम गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि संदिग्ध किस्म के दो युवक एक स्प्लेंडर बाइक लेकर सेक्टर 25 में हनुमान चौक के पास खड़े हैं। इस पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर दो युवकों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान दोनों की युवकों की पहचान रवि उर्फ दानेदार निवासी पूरेवाल कॉलोनी और शिवा उर्फ रसगुल्ला निवासी चुलकाना के रूप हुई। पुलिस ने उनके पास से चोरी की बाइक बरामद की। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उप अधीक्षक वत्स ने बताया कि दोनों आरोपियों ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर कई चोरी की वारदात करना कबूल किया।

### आकाशीय बिजली गिरने से 100 से अधिक मवेशी मरे



**एजेंसी, राजौरी/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में आकाशीय बिजली गिरने से खानाबदोश परिवारों की 100 से अधिक भेड़-बकरियों की मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार, यह घटना बुधल उपखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में गत रात उस समय हुई, जब तेज गरज, ओलावृष्टि और आंधी-तूफान के बीच आकाशीय बिजली एक चरवाहे के शिविर पर गिर गई। बुधल भेड़ पालन विभाग के अधिकारियों के एक दल ने मंगलवार सुबह घटनास्थल का दौरा किया तथा प्रभावित परिवारों को हुए नुकसान पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की। प्रभावित परिवारों ने तत्काल मुआवजे और पुनर्वास सहायता की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

### हिजबुल आतंकी उल्फत हुसैन को 10 साल की सजा

**एजेंसी, मुरादाबाद (उप्र)।** मुरादाबाद की एक अदालत ने हिजबुल मुजाहिदीन के उल्फत हुसैन उर्फ मोहम्मद सैफुल इस्लाम को आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के मामले में दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। मंगलवार को एक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुरादाबाद छाया शर्मा ने हुसैन पर 48,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (एडीजीसी) सुरेश सिंह ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले का निवासी हुसैन 2002 से आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त था।



उन्होंने बताया कि 2008 में जमानत मिलने के बाद हुसैन फरार हो गया और सालों तक कानून से बचता रहा। मुरादाबाद की अदालत ने उसके खिलाफ 2015 और 2025 में स्थायी वारंट जारी किए। उसकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने पर 25,000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था। (अनंत ज्ञान)

### कश्मीर में डर का माहौल हो रहा कम: फारूक

**एजेंसी, पहलगाम।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि कश्मीर में डर का माहौल अब काफी हद तक खत्म हो गया है। पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने पर्यटकों से घाटी की खूबसूरती का आनंद लेने के लिए फिर से यहां आने का आग्रह किया। अब्दुल्ला ने विदेश मंत्रालय से आग्रह किया कि वह जम्मू-कश्मीर की यात्रा के खिलाफ कुछ देशों द्वारा जारी नकारात्मक यात्रा परामर्श को रद्द कराने के लिए प्रयास करे। अब्दुल्ला ने कहा कि यहां (पहलगाम हमला) जो हुआ वह बहुत दुखद है, लोग यहां खुशी-खुशी आ रहे थे। उन्होंने कहा कि हालांकि, हमले से भय का माहौल पैदा हुआ है, लेकिन सरकार ने घाटी में सुरक्षा स्थिति सुधारने के लिए कुछ कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि अब डर का माहौल काफी हद तक कम हो गया है। (अनंत ज्ञान)



### पीएसयू कर्मचारियों को बर्खास्तगी पर सेवानिवृत्ति लाभ से होना पड़ेगा वंचित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) के किसी कर्मचारी को बर्खास्त करने या हटाने की स्थिति में उसे सेवानिवृत्ति लाभ नहीं मिलेंगे। केंद्र सरकार ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इस तरह की बर्खास्तगी या हटाने के फैसले की समीक्षा संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय करेगा। कार्मिक मंत्रालय ने इस संबंध में केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 में प्रमुख बदलाव किए हैं। हाल ही में अधिसूचित केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) संशोधन नियम, 2025 के अनुसार, "किसी भी कर्मचारी को सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में शामिल होने के बाद किसी भी कदाचार के लिए ऐसे उपक्रम की सेवा से बर्खास्त करने या हटाने से सेवानिवृत्ति लाभ जब्त हो जाएंगे।" इन नियमों को 22 मई को अधिसूचित किया गया। इसमें कहा गया, "कर्मचारी की बर्खास्तगी, निष्कासन या छंटनी की स्थिति में उपक्रम के फैसले की समीक्षा प्रशासनिक रूप से संबंधित मंत्रालय करेगा।" पिछले नियमों के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के कर्मचारी की बर्खास्तगी या सेवा से हटाए जाने की स्थिति में सेवानिवृत्ति लाभ को जब्त करने की अनुमति नहीं थी। केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 रेलवे कर्मचारियों, आकस्मिक और दैनिक वेतनभोगी रोजगार में शामिल व्यक्तियों, तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और भारतीय वन सेवा (आईएफओएस) के अधिकारियों को छोड़कर, 31 दिसंबर, 2003 को या उससे पहले नियुक्त सरकारी कर्मचारियों पर लागू होते हैं। (अनंत ज्ञान)

# अधिकारी मानसून से पहले जलभराव के कारणों की करें पहचान : सीएम सैनी

जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिलों में बाढ़ सुरक्षा प्रयासों की निगरानी कर रहे सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिलों में मानसून सीजन से पहले ड्रेनों की सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देना सुनिश्चित करें।

उन्होंने इस कार्य के लिए उन्हें तुरंत एक शेड्यूल बनाने और कार्य की निगरानी के लिए अपने अधीनस्थ अधिकारियों को नियुक्त करने के निर्देश दिए ताकि ड्रेन की सफाई का कार्य हर हाल में 15 जून, 2025 से पहले पूरा हो सके। इसके अतिरिक्त, फील्ड में कार्यरत सभी अधीक्षण अभियंताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके संबंधित क्षेत्रों में ड्रेनों की सफाई सही तरह से की जाए।

मुख्यमंत्री आज यहां सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ अल्पकालिक बाढ़ सुरक्षा कार्यों तथा ड्रेनों की आंतरिक सफाई की प्रगति की



अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी करते हुए सीएम सैनी।

**मुख्य सचिव 10 जून को करेंगे समीक्षा, लापरवाही के लिए अधिकारी होंगे जिम्मेदार**

समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। ड्रेनों की आंतरिक सफाई की वर्तमान गति पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसून आने में बहुत कम समय बचा है और अभी यह काम शेष है। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी अन्य प्रशासनिक सचिवों के साथ 10 जून को फिर से इस कार्य प्रगति की समीक्षा करेंगे।

बाढ़ सुरक्षा के व्यापक उपायों की समीक्षा करते हुए, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अधिकारी अल्पकालिक उपायों पर फोकस करते हुए बाढ़ नियंत्रण से संबंधित चल रही योजनाओं को पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को जल निकासी के लिए आवश्यक पंपों की स्थिति और उपलब्धता का आकलन करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और पंचायतों द्वारा अनुशंसित बाढ़ सुरक्षा कार्यों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा उन्हें जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए।

### जल भंडारण पर हो रहा काम

बैठक के दौरान बताया गया कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग मानसून के दौरान जल भंडारण के लिए एसवाईएल और हांसी-बुटाना लिंक नहरों के मौजूदा चैनलों का उपयोग करने के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम कर रहा है। इस योजना में ड्रेनों सहित घग्गर नदी के पानी को इन दोनों नहरों में भेजना और पानी को रोकने के लिए अस्थायी अवरोधों का निर्माण करना शामिल है। इस पहल का उद्देश्य न केवल बाढ़ नियंत्रण और भूजल को रिचार्ज करना है, बल्कि सिंचाई की जरूरतों को पूरा करना भी है। बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी, मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाइन, अधीक्षण अभियंता एवं कार्यकारी अभियंता वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

# पंजाब के राज्यपाल ने एनेबल्ड प्रॉपर्टी बुकिंग ऐप को किया लॉन्च

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़



चंडीगढ़ प्रशासक और पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया द्वारा दुनिया के पहले एआई-एनेबल्ड प्रॉपर्टी बुकिंग प्लेटफॉर्म मिस्टरप्रॉपटेक के लॉन्च के साथ रियल एस्टेट टेक्नोलॉजी सेक्टर में एक बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। इस ऐप को ट्राइसिटी के 23 वर्षीय प्रतिभाशाली युवक आगमन भाटिया ने बनाया है।

राज्यपाल ने कहा कि मिस्टर प्रॉपटेक प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि यह चंडीगढ़ और पंजाब के लिए गर्व की बात है कि दुनिया का पहला ऐसा ऐप एक युवा और गतिशील उद्यमी द्वारा डिजाइन, विकसित और लॉन्च किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारा स्टार्टअप इकोसिस्टम दुनिया में सबसे बड़ा और सबसे जीवंत बन गया है। मैं ऐप के माध्यम से नौकरी प्रदाता बनने के युवा उद्यमी के प्रयासों की सराहना करता हूं। हमें इस तरह के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है ताकि भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाए और पीएम मोदी का सपना साकार हो जाए।

प्लाक्षा यूनिवर्सिटी से एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस)/एमएल (मशीन लर्निंग) ग्रेजुएट आगमन भाटिया, जिन्होंने इनोवेटिव एप का कॉन्सेप्ट तैयार कर उसे डेवलप किया, ने लॉन्च इवेंट के दौरान मीडिया कर्मियों को बताया कि मिस्टरप्रॉपटेक न केवल भारत में बल्कि ग्लोबल स्तर पर रियल एस्टेट बिजनेस को नए सिरे से डिफाइन करने के लिए तैयार है।

आगमन ने कहा कि इस एप के जरिए हम रियल एस्टेट इंडस्ट्री की सबसे बड़ी समस्या का हल करेंगे 'किसी भी डील को पूरा करने में लगने वाला लंबा समय'। पहले जो काम महीनों में होता था, अब उसमें घंटों लगेंगे। रियल एस्टेट सेक्टर का यही भविष्य है।

## कांग्रेस कमेटी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आज भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर सेक्टर 35 स्थित पार्टी कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। वरिष्ठ नेताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने पंडित नेहरू को पुष्पांजलि अर्पित कर आधुनिक भारत के निर्माण में उनके महान योगदान को याद किया।



इस अवसर पर चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की ने पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें भारत की लोकतांत्रिक नींव के शिल्पकार और आधुनिक सोच के प्रतीक के रूप में वर्णित किया। इस मौके पर जतींदर भाटिया, मोहम्मद सादिक, राजीव मोदगिल, सरदार गुरुदर्शन सिंह, रजनी तलवार,मेघा कल्याण, मुकेश राय, नवदीप सिंह, धर्मवीर सिसोदिया, आसिफ चौधरी, इमरान मंसूरी ममता रानी प्रवक्ता कांग्रेस रमेश गुप्ता और अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शिरकत की।

## व्यय समिति की बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** बैठक में मुख्यमंत्री की घोषणा के अंतर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के यमकेश्वर के अंतर्गत कौडियाला-व्यास घाट मोटर मार्ग किलोमीटर संख्या 1 में गंगा नदी पर सिंगटाली नामक स्थान पर 150 मीटर सेतु निर्माण कार्य का समिति द्वारा अनुमोदन किया गया।

मुख्य सचिव ने अनुमानित लागत से बनने वाले सेतु के संबंध में लोक निर्माण विभाग को सेतु निर्माण के लिए संबंधित पक्षों से समन्वय करते हुए तेजी से अग्रिम कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जागेश्वर धाम के रिवर फ्रंट डेवलपमेंट के कार्यों के प्रस्ताव का भी समिति द्वारा अनुमोदन किया गया। मुख्य सचिव ने विकास कार्यों को तेजी से प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

## कुश्ती में नाम रोशन करेंगे पहलवान : खेल मंत्री

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि पलवल में आयोजित नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में विजेता रहे पहलवान वियतनाम में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में भी पदकों की झड़ी लगाकर देश का नाम रोशन करेंगे। खेल मंत्री गौरव गौतम आज को चंडीगढ़ यूटी कुश्ती एसोसिएशन व भारतीय कुश्ती संघ के संयुक्त तत्वावधान में पलवल स्थित नेता जी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में खेली जा रही तीन दिवसीय अंडर-17 नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में पहलवानों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे थे।

मंत्री ने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों का डंका दुनिया भर में बज रहा है। खिलाड़ियों ने देश ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में हरियाणा का नाम चमकाया है। पलवल में आयोजित नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में लड़के व लड़कियों की फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में भी हरियाणा ऑवरऑल चैंपियन रहा है। उन्होंने कहा कि कुश्ती केवल ताकत का खेल नहीं, बल्कि दिमाग का खेल भी है। खिलाड़ियों के दमखम पर हरियाणा आज ओलम्पिक व अन्य अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में बड़ी शक्ति के रूप में उभर रहा है। खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा प्रदेश के पहलवान हर दांव में एक नई गाथा गढ़ रहे हैं। प्रदेश के पहलवान हर मैट पर हौसले, मेहनत और जीत की एक नई कहानी लिख रहे हैं। पलवल जिला में राष्ट्र स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन होना हरियाणा प्रदेश सहित पलवल जिला के लोगों के लिए गर्व व गौरव की बात है।

वहीं अंडर-17 नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन विभिन्न वर्गों की लड़कियों की फ्री स्टाइल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। 40 किलोग्राम भार वर्ग में हरियाणा प्रदेश की चेष्टा ने स्वर्ण, उत्तर प्रदेश की प्रीति यादव ने रजत, दिल्ली की दिशा और महाराष्ट्र की स्नेहल ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक, 43 किलोग्राम भार वर्ग में हरियाणा की रचना ने स्वर्ण, छत्तीसगढ़ की सुभद्रा यादव ने रजत, दिल्ली की ख़ुशी व महाराष्ट्र की अनुष्का ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक जीता है।

# देश-विदेश

## पहलगाम हमले पर चर्चा के लिए टीएमसी ने मोदी को लिखी चिट्ठी

एजेंसी, नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर गंभीर चिंता जताई है और इस मामले पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। टीएमसी ने इस मुद्दे पर अन्य विपक्षी दलों से भी समर्थन मांगा है और सरकार से मांग की है कि वह इस पूरे मामले में पारदर्शिता बरते। टीएमसी सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने कहा कि पार्टी ने सभी सांसदों के साथ एक बैठक की है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर विशेष सत्र की मांग की है।


टीएमसी के संसदीय दल ने संसद के सेंट्रल हॉल में एक बैठक की, जिसमें पहलगाम हमले को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। दस्तीदार ने कहा कि हमने अपने सभी सांसदों के साथ बैठक की और एक पत्र लिखकर पीएम से अनुरोध किया है कि संसद का एक विशेष सत्र बुलाया जाए, जहां हम इस (पहलगाम) भयावह हमले पर चर्चा कर सकें। यह समझना जरूरी है कि हम इस तरह के हमले को रोकने में क्यों नाकाम रहे। टीएमसी ने इस हमले में खुफिया एजेंसियों की विफलता पर सवाल उठाए हैं और इसकी जवाबदेही तय करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में खुफिया विफलता की जवाबदेही तय होनी चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर हम देश के साथ एकजुटता में खड़े हैं, लेकिन कुछ सवालों के जवाब जरूरी हैं। (अनंत ज्ञान)

## फिलाडेल्फिया के फेयरमाउंट पार्क में गोलीबारी, दो नाबालिगों की मौत, 8 घायल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** फिलाडेल्फिया के फेयरमाउंट पार्क में गत रात्रि गोलीबारी में कम से कम दो लोग मारे गए और आठ अन्य घायल हो गए, जो इस साल शहर में हुई सबसे घातक गोलीबारी में से एक है। फिलाडेल्फिया पुलिस के अनुसार, यह घटना लेमन हिल ड्राइव और पॉपलर ड्राइव के चौराहे के पास गत रात हुई। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि घायलों में कम से कम दो किशोर भी शामिल हैं। मृतकों की पहचान और उम्र अभी तक जारी नहीं की गई है। पुलिस ने इस बात की पुष्टि नहीं की है कि गोलीबारी के सिलसिले में कोई गिरफ्तारी हुई है या नहीं, और इसका मकसद अभी भी स्पष्ट नहीं है। (अनंत ज्ञान)

## भारत से बातचीत और सुलह के लिए गिड़गिड़ा रहा पाक

एजेंसी, इस्लामाबाद



ऑपरेशन सिंदूर में मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कश्मीर, आतंकवाद, जल एवं व्यापार समेत सभी मुद्दों के समाधान के लिए भारत के साथ शांति वार्ता की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने यह इच्छा चार देशों की यात्रा के दूसरे चरण में ईरान पहुंचने के बाद व्यक्त की।

तुर्किए से ईरान की राजधानी तेहरान पहुंचने के बाद शहबाज ने राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन से मुलाकात की। बाद में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में शहबाज ने कहा कि वह शांति की खातिर भारत के साथ बातचीत को तैयार हैं। साथ ही भारत द्वारा युद्ध का रास्ता चुनने पर जवाबी कार्रवाई की धमकी भी दी।

शहबाज ने कहा कि अगर वे आक्रामक बने रहना चुनते हैं, तो हम अपने क्षेत्र की रक्षा करेंगे, जैसा हमने कुछ दिन पहले किया है, लेकिन अगर वे शांति के मेरे प्रस्ताव को स्वीकार करते हैं, तो हम दिखाएंगे कि हम वास्तव में गंभीरता एवं ईमानदारी से शांति चाहते हैं। शहबाज ने दावा किया कि भारत के साथ चार दिवसीय संघर्ष में पाकिस्तान विजयी रहा। (अनंत ज्ञान)

## पाकिस्तान बोला-पीएम मोदी का बयान नफरत फैलाने वाला

एजेंसी, इस्लामाबाद

पिछले कुछ समय में भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ गया, जो किसी से छिपा नहीं। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत का 'ऑपरेशन सिंदूर', फिर पाकिस्तान का भारतीय शहरों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमले करना जिन्हें भारत ने नाकाम कर दिया, फिर भारत का पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर हमले करना, इन सबसे दोनों देशों के बीच तनाव काफी बढ़ गया। हालांकि, अब दोनों देशों के बीच सीजफायर चल रहा है। पाकिस्तानी नेता भी मान चुके हैं कि भारत की सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान को काफी नुकसान हुआ है। इसी बीच भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ऐसा बयान दिया है, जिससे पाकिस्तान फिर बौखला गया है।

**मोदी ने कहा था- अपनी रोटी खाओ, वरना मेरी गोली तो है ही**

पीएम मोदी ने सोमवार को गुजरात के वडोदरा में एक जनसभा कहा कि भारत पर आंख उठाने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सुख-चैन से जियो, अपने हिस्से की रोटी खाओ, नहीं तो मेरी गोली तो है ही। (अनंत ज्ञान)

## दक्षिणी ईरान में चाकू से हमला कर न्यायाधीश की हत्या

**एजेंसी, तेहरान।** दक्षिणी ईरान के शिराज शहर में मंगलवार सुबह एक न्यायाधीश की चाकू से हमला कर उस वक्त हत्या कर दी गई जब वह अपने काम पर जा रहे थे। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार खबर में इस हत्या को 'आतंकवादी कृत्य' बताया गया। खबर में कहा गया कि इस घटना में संलिप्त दो अज्ञात हमलावर अभी फरार हैं। खबर में बताया गया कि न्यायाधीश की पहचान एहसुम बाघेरी (38) के रूप में हुई, जो शहर के न्यायिक विभाग में काम करते थे।

## चीन की सलाह-शादी के लिए विदेशी लड़की न खरीदें

एजेंसी, ढाका


बांग्लादेश में चीनी दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए चेतावनी जारी की है, इसमें बांग्लादेश में रहने वाले चीनी नागरिकों को ऑनलाइन डेटिंग और शादी के झूठे प्रस्तावों से बचने की सलाह दी गई है। बयान में कहा गया है कि शादी के लिए विदेशी पत्नी खरीदने की सोचना भी गलत है।

दरअसल, चीन में पुरुषों और महिलाओं के अनुपात में बहुत ज्यादा अंतर है। 2020 की जनगणना के मुताबिक वहां 105 पुरुषों पर 100 महिलाएं हैं। 10-14 आयु वर्ग में यह अनुपात 118 पुरुष प्रति 100 महिला है। इस असमानता की वजह से चीन में कई पुरुषों की शादी नहीं हो पा रही है। कई लोग इस वजह से तस्करों के चक्कर में पड़कर अपना पैसा गंवा रहे हैं। इस ठगी को रोकने के लिए चीन ने यह एडवाइजरी जारी की है।

सोशल मीडिया पर शादी से जुड़े कई विज्ञापन अक्सर धोखाधड़ी वाले होते हैं। इनमें विदेशी दुल्हन का वादा किया जाता है, लेकिन असल में शादी नहीं कराई जाती। लोग बिना दुल्हन पाए ही ठगों को पैसे दे बैठते हैं। (अनंत ज्ञान)

## शेयर बाजार में दो दिन से जारी तेजी थमी, सेंसेक्स 625 अंक टूटा

एजेंसी, मुंबई



शेयर बाजार में पिछले दो दिन से जारी तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 624.82 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 175 अंक टूटा। बैंक, आईटी तथा वाहन शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया।

30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 624.82 अंक यानी 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,551.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, सेंसेक्स एक समय 1,054.75 अंक तक लुढ़क गया था। 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 174.95 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,826.20 अंक पर बंद हुआ। विशेषज्ञों ने कहा कि बुधवार को अप्रैल महीने के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े जारी होंगे। इसके अलावा, शुक्रवार को मार्च तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े जारी होने हैं। इन महत्वपूर्ण आंकड़ों से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। (अनंत ज्ञान)

**कार्यक्रम** | आज हर तरफ सिंदूरिया सागर की गर्जना और लहराता तिरंगा दे रहा दिखाई

## 'ऑपरेशन सिंदूर' कैमरे के सामने किया ताकि कोई सबूत न मांगे

एजेंसी, गुजरात

'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के गांधी नगर में मंगलवार को एक कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज हर तरफ सिंदूरिया सागर की गर्जना और लहराता तिरंगा दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ गुजरात में नहीं बल्कि पूरे हिंदुस्तान में ऐसा ही माहौल है। उन्होंने पाकिस्तान को साफ संदेश देते हुए कहा कि अब हमने तय कर लिया है कि कांटे को निकालकर रहेंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि 1947 में जब मां भारती के टुकड़े हुए तब जंजीरें कटनी चाहिए थीं, लेकिन भुजाएं ही काट दी गईं

**प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष पर कसा तंज**



और देश के तीन टुकड़े कर दिए गए। उन्होंने कहा कि उसी रात को कश्मीर की धरती पर पहला आतंकी हमला हुआ था, मां भारती का एक हिस्सा आतंकियों के बलबूते पर पाकिस्तान ने हड़प लिया। अगर उसी दिन इन आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया होता और सरकार पटेल की इच्छा थी कि जब तक पीओके वापस नहीं आता है, तब तक सेना रुकनी नहीं चाहिए, लेकिन तब सरदार साहब की बात नहीं मानी गई और ये मुजाहिदीन जो लहू चख गए थे, वह सिलसिला 75 साल से चला है, पहलगाम में भी उसका विकृत रूप दिखा।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ जब युद्ध की नौबत आई तो तीनों बार भारत सैन्य शक्ति ने पाकिस्तान को धूल चटाई है। पाकिस्तान समझ गया कि वह लड़ाई में भारत से जीत नहीं सकता और इसीलिए उसने प्रॉक्सी वॉर शुरू किया। आतंकियों को सैन्य प्रशिक्षण देकर भारत भेजता है और निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जाता है। (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड

गुजरात टाइटंस



ऑरेंज कैप
**साई सुदर्शन**
679

चेन्नई सुपर किंग्स



पर्पल कैप
**नूर अहमद**
24

लखनऊ सुपर जायंट्स



सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
40

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब | 14 | 09 | 04 | 01 | 19 |
| 2. | गुजरात | 14 | 09 | 05 | 01 | 18 |
| 3. | बेंगलुरु | 13 | 08 | 04 | 01 | 17 |
| 4. | मुंबई | 14 | 07 | 06 | 01 | 15 |
| 5. | दिल्ली | 14 | 07 | 06 | 01 | 15 |
| 6. | हैदराबाद | 14 | 06 | 07 | 01 | 13 |
| 7. | लखनऊ | 13 | 06 | 07 | 00 | 12 |
| 8. | कोलकाता | 14 | 05 | 07 | 02 | 12 |
| 9. | राजस्थान | 14 | 04 | 10 | 00 | 08 |
| 10. | चेन्नई | 14 | 04 | 10 | 00 | 08 |

## स्पोर्ट्स विंडो

### सिंधू आसान जीत के साथ सिंगापुर ओपन के दूसरे दौर में

**एजेंसी, सिंगापुर।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू कनाडा की वेन यू झांग को सीधे गेम में हराकर मंगलवार को सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई । सिंधू ने सिर्फ 31 मिनट में 21 . 14, 21 . 9 से जीत दर्ज की । दूसरे दौर में उनका सामना दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी तोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चीन की चेन यू फेइ से होगा। भारत के प्रियांशु राजावत, किरण जॉर्ज, अनमोल खरब , मालविका बंसोड़ हालांकि पहले ही दौर में हारकर बाहर हो गए। मालविका को थाईलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त सुपनिदा केटथोंग ने हराया। वहीं प्रियांशु को सातवीं वरीयता प्राप्त जापान के कोडाइ नारोका ने मात दी । अनमोल को चेन ने 21.11, 24.22 से हराया । जॉर्ज को चीन के वेंग होंग यांग ने 21.19, 21.17 से हराया । वहीं आर संतोष रामराज को पुरूष एकल के पहले मैच में दक्षिण कोरिया के किम गा युन ने 21.14, 21.8 से परास्त किया। (अनंत ज्ञान)

### नतालिया पोगोनिना का खूबसूरत अंदाज

**नतालिया** पोगोनिना दुनिया की सबसे महान शतरंज खिलाड़ियों में से एक हैं और शतरंज ग्रैंडमास्टर हैं। उन्होंने नियमित रूप से शतरंज टूर्नामेंट में रूस का प्रतिनिधित्व किया है और अपने देश के लिए तीन ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते हैं।



### रोनाल्डो ने अल नास्र को छोड़ने के दिए संकेत ब्राजीलियन क्लब से ऑफर का दावा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सऊदी प्रो लीग के आखिरी मुकाबले में अल नास्र की ओर से गोल दागने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने मैच के बाद सोशल मीडिया पर ऐसा मैसेज पोस्ट किया जिससे उनके क्लब छोड़ने की अटकलें तेज़ हो गई हैं। रोनाल्डो ने अपनी अल नास्र जर्सी में एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा , 'यह चैप्टर खत्म हुआ। कहानी अभी बाकी है। सभी का आभार।' गौरतलब है कि रोनाल्डो का अल नास्र के साथ अनुबंध जून में समाप्त हो रहा है। इस सीज़न में उन्होंने 25 गोल दागे और सऊदी प्रो लीग के टॉप स्कोरर रहे, लेकिन इसके बावजूद अल नास्र टीम एएफसी चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी। अल फतेह के खिलाफ खेले गए अंतिम लीग मुकाबले में रोनाल्डो ने एक गोल दागा, जो उनके क्लब करियर का 801वां और अल नास्र के लिए 99वां गोल था। हालांकि, अल नास्र को इस रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हार का सामना करना पड़ा। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, रोनाल्डो को एक ब्राज़ीलियन क्लब से आकर्षक प्रस्ताव मिला है, जिसमें उन्हें आगामी फीफा क्लब वर्ल्ड कप में खेलने का मौका मिल सकता है। यह टूर्नामेंट 14 जून से 13 जुलाई तक अमेरिका में आयोजित होना है। ब्राज़ील की ओर से बोटाफोगो, फ्लूमिनेंस, फ्लैमेंगो और पामेइरस जैसे बड़े क्लब इसमें हिस्सा लेंगे। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या रोनाल्डो क्लब वर्ल्ड कप में खेलने के लिए ब्राज़ील की ओर रुख करेंगे या और बड़ा मोड़ आने वाला है।(अनंत ज्ञान)

## एशियाई एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए भारत ने भेजा 59 सदस्यीय दल

# गुलवीर ने स्वर्ण और सेबेस्टियन ने जीता कांस्य पदक

**एजेंसी, गुमी ( दक्षिण कोरिया )**

राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह ने मंगलवार को यहां एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में शीर्ष स्थान हासिल करके भारत को प्रतियोगिता का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता 26 वर्षीय गुलवीर ने 28 मिनट 38.63 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड 27.00.22 सेकंड है जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में बनाया था।

**भारत ने पिछली बार चैंपियनशिप में जीते थे 27 पदक**

जापान के मेबुकी सुजुकी (28:43.84) ने रजत, जबकि बहरीन के अल्बर्ट किबिची रोप (28:46.82) ने कांस्य पदक जीता। इससे पहले दिन में सर्विन सेबेस्टियन ने पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में एक घंटा 21 मिनट और 13.60 सेकंड (1:21:13.60) का समय लेकर कांस्य पदक जीतकर भारत का प्रतियोगिता में खाता खोला था। चीन के वांग झाओझाओ (1:20:36.90) और जापान के केंटो योशिकावा (1:20:44.90) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता।

सेबेस्टियन का समय उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 1:21:23 से थोड़ा अधिक था, जो उन्होंने इस वर्ष फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान बनाया था।

इस स्पर्धा में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी अमित 1:22:14.30 समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे। भारत ने इस प्रतियोगिता के लिए 59 सदस्यीय दल भेजा है। भारत ने पिछली बार इस चैंपियनशिप में 27 पदक जीते थे। (अनंत ज्ञान)




### एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारत के परिणाम

**मेंस 20 किमी रेस वॉक**

- सर्विन सेबेस्टियन (1:21:14) तीसरे स्थान पर रहे।
- अमित खत्री (1:22:15) पांचवें स्थान पर रहे।

**वुमंस जैवलिन थ्रो**

- अन्नू रानी (58.30 मीटर) चौथे स्थान पर रहीं

**मेंस 10,000 मीटर**

- गुलवीर सिंह (28:38:63) पहले स्थान पर रहे।
- सावन बरवाल (28:50.53) चौथे स्थान पर रहे।

**सचिन और यशवीर को मिला मौका**

**ओलंपिक** चैंपियन नीरज चोपड़ा के गुमी मीट में भाग न लेने के कारण, भारत के युवा भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव और यशवीर सिंह को दक्षिण कोरिया में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम के साथ मैदान साझा करने का अवसर मिलेगा। गुमी में भारत की मजबूत उपस्थिति है, जिसमें अविनाश साबले (स्टीपलचेज), प्रवीण चित्रवेल (ट्रिपल जंप), अन्नू रानी (भाला फेंक) और तेजस्विन शंकर (डेकाथलॉन) मैदान पर अपना जौहर दिखाते हुए नजर आएंगे।

**2017 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**

**एशियाई** एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भुवनेश्वर में आयोजित 2017 संस्करण में आया था, जिसमें भारत ने कुल 27 पदक जीते थे जिसमें 9 स्वर्ण, 6 रजत और 12 कांस्य पदक शामिल थे। भारत ने बैंकॉक में 2023 एशियाई चैंपियनशिप में 6 स्वर्ण, 12 रजत और 9 कांस्य जीतकर कुल पदकों की बराबरी की थी।

# रॉयल्स चैलेंजर्स के गेंदबाजों की सुपर जायंट्स के बल्लेबाजों ने की धुनाई



**एजेंसी, लखनऊ**

आईपीएल 2025 का आखिरी लीग मैच लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। बेंगलुरु ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। सबसे पहले नुवान थुषारा ने डेब्यू मैच खेल रहे ओपनर मैथ्यू ब्रीट्जके को 14 रन पर बोल्ड कर दिया। उन्होंने ये बॉल यॉर्कर लेंथ पर फेंकी थी। इसके बाद दूसरे ओपनर मिचेल मार्श के साथ ऋषभ पंत ने संभलकर खेला और अपनी टीम के स्कोर को आगे बढ़ाया।

समाचार लिखे जाने तक मिचेल मार्श ने 28 गेंदों में चार चौकों और दो छक्की की मदद से 46 रन बना लिए थे। वहीं, दूसरी ओर ऋषभ

**बेंगलुरु के लिए पहले गेंदबाजी करने का फैसला सही नहीं हुआ साबित**

पंत ने 35 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 59 रन बना लिए थे। बेंगलुरु के लिए पहले गेंदबाजी करने का फैसला सही साबित नहीं हुआ।

लखनऊ सुपर जायंट्स बड़े स्कोर की ओर बढ़ रहा था। लखनऊ में 13 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 131 रन बना लिए थे। मिचेल मार्श और कप्तान ऋषभ पंत की दमदार साझेदारी ने लखनऊ की पारी को मजबूत स्कोर दिया। रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु के गेंदबाजों की लखनऊ सुपर जायंट्स के बल्लेबाजों ने जमकर धुनाई की।

# हमने अभी तक कुछ हासिल नहीं किया : पोंटिंग

**एजेंसी, जयपुर**



पंजाब किंग्स की टीम ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन मुख्य कोच रिकी पोंटिंग का मानना है कि टीम ने अभी तक कुछ हासिल नहीं किया है और एक दशक से अधिक समय में प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना अभी आधा-अधूरा काम है। पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर प्लेऑफ में शीर्ष दो में अपना स्थान पक्का कर लिया है जिससे उसे फाइनल में पहुंचने के लिए दो मौके मिलेंगे।

पोंटिंग ने जियोहॉटस्टार से कहा, ''मुझे लगता है कि यह स्पष्ट हो गया है कि यह वास्तव में एक प्रतिभाशाली टीम है जो सही दिशा में आगे बढ़ रही है। हां, यह अब तक की एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन वास्तव में, यदि आप अतीत पर गौर करें तो हमने अभी तक कुछ भी हासिल नहीं किया है। यह एक बात है जो मैं खिलाड़ियों से उस समय से कह रहा हूं जब हमने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया था।'' पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा, ''मेरा लक्ष्य शुरू से शीर्ष दो में रहना था और अब हम वहां पहुंच गए हैं। यह एक ऐसी टीम है जिसमें प्रत्येक खिलाड़ी एक दूसरे की सफलता का भरपूर आनंद ले रहा है।'' पोंटिंग ने कप्तान अय्यर की जमकर तारीफ की। पिछली बार जब पोंटिंग-अय्यर की जोड़ी दिल्ली कैपिटल्स के लिए कोच और कप्तान थी, तब उन्होंने कोविड-19 के समय में टीम फाइनल में पहुंचाया था।

पोंटिंग ने कहा, ''मैं उनके (अय्यर) साथ दोबारा काम करने के लिए काफी उत्सुक था। यह बिलकुल स्पष्ट था कि नीलामी में मैं उन पर कितना पैसा खर्च करने को तैयार था। हमने दिल्ली को फाइनल में पहुंचाया था। (अनंत ज्ञान)

# हमारा लक्ष्य ट्रॉफी जीतना : शशांक

**एजेंसी, जयपुर**



पंजाब किंग्स के बल्लेबाज शशांक सिंह ने कहा कि टीम सामूहिक प्रयास से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने में सफल रही लेकिन काम अभी पूरा नहीं हुआ है और उनका लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है। पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर प्लेऑफ में शीर्ष दो में अपना स्थान पक्का कर लिया है जिससे उसे फाइनल में पहुंचने के लिए दो मौके मिलेंगे। यह पिछले 11 वर्षों में पहला अवसर है जबकि पंजाब किंग्स ने प्लेऑफ में जगह बनाई।

शशांक ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''यह वास्तव में अद्भुत अहसास है। सबसे अच्छी बात यह है कि हमने सामूहिक प्रयास से इसे हासिल किया। नीलामी के ठीक बाद हमने एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया और इस साल खिताब जीतने के बारे में बात की। हमारा पहला लक्ष्य शीर्ष दो में जगह बनाना था और हमने इसे हासिल कर लिया है।'' इस 33 वर्षीय इस खिलाड़ी ने कहा कि विश्वास और कड़ी मेहनत ही उनके सपने को वास्तविकता में बदलने की कुंजी थी। ''अपनी बात को जाहिर करना अलग चीज है और उस पर विश्वास करना अलग। हमने कड़ी मेहनत की है और इसका श्रेय पंजाब किंग्स से जुड़े हर एक व्यक्ति को जाता है। आईपीएल जैसी लीग में शीर्ष दो में रहना आसान नहीं है।'' शशांक ने कहा, ''शीर्ष दो में जगह बनाने से अभी काम पूरा नहीं हुआ है। हम ट्रॉफी जीतना चाहते हैं। (अनंत ज्ञान)

# वैभव सूर्यवंशी के सामने नियंत्रण बनाए रखने की चुनौती : स्टीव वॉ

**एजेंसी, मुंबई**



इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र में सनसनी फैलाने वाले 14 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी की शानदार टाइमिंग से हैरान आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर स्टीव वॉ ने उन्हें 'सुपरनोवा' बनने से बचते हुए नियंत्रण पर फोकस करने की सलाह दी है। वॉ नियमित रूप से आईपीएल नहीं देखते हैं लेकिन उन्होंने सूर्यवंशी को शानदार खिलाड़ी बताते हुए कहा कि उसे अपने पैर जमीन पर रखने होंगे।

राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंद में शतक जमाया जो टूर्नामेंट में किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे तेज शतक है। वॉ ने जियो स्टार द्वारा आयोजित , क्रिकेट आस्ट्रेलिया और आस्ट्रेलिया सरकार मीडिया कॉन्फ्रेंस 'ऑस्ट्रेलियन समर आफ क्रिकेट 2025 . 26' में अनिल कुंबले, मैथ्यू हेडन और रॉबिन उथप्पा के साथ भाग लिया। उन्होंने कहा ,''चौदह साल की उम्र में उस पर कोई दबाव नहीं है। वह पूरी आजादी के साथ खेल रहा है जिसे देखकर अच्छा लगा। मुझे लगता है कि उसके सामने चुनौती नियंत्रण बनाए रखने की होगी ।'' वॉ का मानना है कि एक करोड़ से अधिक का आईपीएल करार पा चुके सूर्यवंशी 16 वर्ष के होने से पहले करोड़पति होंगे और उन पर अपेक्षाओं का काफी दबाव होगा। उन्होंने कहा ,'' क्या वह इसी उत्साह से खेल सकेगा, इसी आजादी से बल्लेबाजी करेगा ? यह एक चुनौती होगी ।'' उन्होंने कहा ,'' उसके पास कौशल है और वह मानसिक रूप से मजबूत है। आप चाहते हैं कि उसके जैसा बल्लेबाज कामयाब हो। क्रिकेट के लिये यह शानदार कहानी है। मैं आईपीएल ज्यादा नहीं देखता लेकिन इस तरह का कोई खिलाड़ी आता है तो देखने का मन करता है।'' भारत में हर नये बल्लेबाजी स्टार की तुलना सचिन तेंदुलकर से की जाती है लेकिन वॉ ने कहा कि सूर्यवंशी या किसी की भी तुलना उनसे नहीं होनी चाहिये क्योंकि तेंदुलकर जैसी प्रतिभा बार बार नहीं आती ।

पर्थ में 18 वर्ष के तेंदुलकर की 114 रन की पारी आज भी याद की जाती है। वॉ ने कहा,'' मुझे नहीं लगता कि सचिन तेंदुलकर से किसी की भी तुलना हो सकती है। आस्ट्रेलिया में आकर पर्थ में शतक जड़ना जो सबसे कठिन पिचों में से है और जहां अधिकांश खिलाड़ी जूझते नजर आते हैं ।'' (अनंत ज्ञान)

# फुटबॉल फैंस को कार ने कुचला, 47 घायल

**एजेंसी, दिल्ली।** ब्रिटेन के लिवरपूल शहर में सोमवार को एक शख्स ने कार से कई फुटबाल फैंस को कुचल दिया। हादसे में 47 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 27 को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है, जबकि 20 का घटनास्थल पर ही इलाज किया गया। ये फैन्स लिवरपूल फुटबॉल क्लब की प्रीमियर लीग में जीत पर विक्ट्री परेड निकाल रहे थे। लोकल पुलिस के मुताबिक, सोमवार शाम स्थानीय समयानुसार करीब 6 बजे वाटर स्ट्रीट पर एक कार ने कई पैदल यात्रियों को टक्कर मारी। 53 साल के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने घटना में आतंकी हमले की आशंका से इनकार किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस परेड में करीब 10 लाख लोग शामिल हुए थे। लोकल पुलिस ने एक बयान जारी कर बताया कि आरोपी लिवरपूल इलाके में रहने वाला एक गोरा आदमी है। प्रधानमंत्री ने हादसे को चौंकाने वाला बताया लिवरपूल रिवरसाइड की सांसद किम जॉनसन ने कहा- मुझे पूरी उम्मीद है कि हादसे का शिकार हुए सभी लोग सुरक्षित होंगे और जल्द ही अपने परिवार के पास घर पहुंचेंगे। (अनंत ज्ञान)




## तीनों सेनाओं के प्रमुख आईपीएल फाइनल में आमंत्रित

# भारतीय सशस्त्र बलों का होगा सम्मान



**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को कहा कि उसने अहमदाबाद में तीन जून को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल के लिए तीनों सेना के प्रमुखों को आमंत्रित किया है। टूर्नामेंट के समापन समारोह के दौरान हाल में हुए ऑपरेशन सिंदूर में उनके 'वीरतापूर्ण प्रयासों' को सलामी दी जाएगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एक मीडिया बयान में यह घोषणा की।

सैकिया ने मंगलवार को पीटीआई से कहा, ''हमने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए सभी भारतीय सशस्त्र बलों के प्रमुखों, शीर्ष अधिकारियों और सैनिकों को अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल के लिए आमंत्रित किया है।'' सैकिया ने कहा कि बीसीसीआई देश के सशस्त्र बलों की 'वीरता, साहस और निस्वार्थ सेवा' को सलाम करता है। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर के तहत वीरतापूर्ण प्रयासों' की सराहना की जिसने राष्ट्र की रक्षा की और उसे प्रेरित किया। सैकिया ने कहा, समापन समारोह को सशस्त्र बलों को समर्पित करने और अपने नायकों को सम्मानित करने का फैसला किया है। जबकि क्रिकेट एक राष्ट्रीय जुनून बना हुआ है लेकिन हमारे देश और इसकी संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा से बड़ा कुछ भी नहीं है।'' जनरल उपेंद्र द्विवेदी थल सेना प्रमुख हैं जबकि एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी नौसेना प्रमुख हैं। एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह वायुसेना प्रमुख हैं। (अनंत ज्ञान)

**सैन्य बैंड दे सकता है प्रस्तुति**

देशभक्ति की भावना को और बढ़ाने के लिए इस कार्यक्रम में सैन्य बैंड द्वारा प्रस्तुति दिए जाने की संभावना है, जिसके बाद एक संगीत समारोह का आयोजन किया जाएगा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक लाख से अधिक दर्शकों की उपस्थिति की उम्मीद है।

## नॉर्वे शतरंज — चार घंटे से अधिक समय तक चला क्लासिकल शतरंज का मुकाबला

# कार्लसन की विश्व चैंपियन गुकेश पर रोमांचक जीत

**एजेंसी, स्टावेंजर ( नॉर्वे )**




विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अंतिम क्षणों में अपनी विशेषज्ञता का शानदार नमूना पेश करते हुए यहां खेले जा रहे नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश को रोमांचक मुकाबले में हराकर पूरे तीन अंक हासिल किए। पांच बार के विश्व चैंपियन 34 वर्षीय कार्लसन और उनसे आधी उम्र के गुकेश के बीच खेले जा रहे इस मैच को टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मुकाबला माना जा रहा था।

गुकेश ने चार घंटे से अधिक समय तक चले क्लासिकल शतरंज के इस मुकाबले में अधिकतर समय तक नॉर्वे के गत चैंपियन को दबाव में रखा, लेकिन इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने एक गलती की जिसका फायदा उठाकर कार्लसन ने 55 चाल में जीत हासिल की। इस जीत से कार्लसन ने तीन अंक अर्जित किए और वह अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। नाकामुरा ने हमवतन फैबियानो कारूआना को हराया। प्रतियोगिता में भाग ले रहे दूसरे भारतीय खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने चीन के नंबर एक खिलाड़ी वेई यी को आर्मागेडन गेम में हराया। इससे पहले क्लासिकल बाजी 54 चाल में बराबरी पर छूटी थी। एरिगैसी ने जीत से 1.5 अंक, जबकि वेई ने एक अंक हासिल किया। टूर्नामेंट की स्कोरिंग प्रणाली में क्लासिकल प्रारूप में विजेता को तीन अंक मिलते हैं। यदि क्लासिकल बाजी ड्रा हो जाती है, तो खिलाड़ियों को एक-एक अंक मिलता है और फिर आर्मागेडन में आधे अंक के लिए खेलना होता है। एरिगैसी का दूसरे दौर में गुकेश से मुकाबला होगा।

इस बीच दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी ने हम वतन भारतीय खिलाड़ी आर वैशाली के खिलाफ निर्णायक जीत दर्ज की। यह मुकाबला सहजता से आगे बढ़ रहा था, लेकिन आखिर में वैशाली एक गलती कर गई जिसका फायदा उठाकर हम्पी ने जीत हासिल की।

कार्लसन और गुकेश का मैच निर्णायक क्षणों तक चला, जिसमें नॉर्वे के खिलाड़ी ने सफेद मोहरों से खेलते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी पर आखिर में दबाव बनाकर जीत हासिल की।( अनंत ज्ञान)

**जीत हासिल करना आसान नहीं : कार्लसन**

**कार्लसन** ने कहा, ''मुझे अभी अहसास हुआ कि मैं कुछ भी नहीं जानता। मैंने उन्हें आश्चर्य चकित करने की कोशिश की। मैंने उसी तरह का खेल खेला जैसे मैं हमेशा खेलते रहा हूं। इस टूर्नामेंट में हर मैच में जीत हासिल करना आसान नहीं है।'' असल में काले मोहरों से खेल रहे गुकेश ने 11वीं चाल तक अपने प्रतिद्वंद्वी की सफेद मोहरों की बढ़त को बेअसर कर दिया था, जब उन्होंने नॉर्वे के खिलाड़ी को 15 मिनट से अधिक समय तक सोचने पर मजबूर कर दिया था, लेकिन अब रैपिड और ब्लिट्ज़ जैसे छोटे प्रारूपों में तथा हाल ही में फ्रीस्टाइल शतरंज में खेलने लगे 34 वर्षीय कार्लसन ने क्लासिकल प्रारूप के साथ अपना संपर्क नहीं खोया है।

# शूटिंग चैंपियनशिप में पाइनग्रोव स्कूल ने जीता 'ओवरऑल चैंपियन' का खिताब

**अनंत ज्ञान, सोलन**

**ओवरऑल चैंपियन का खिताब हासिल कर कुल 47 पदक जीते**

पाइनग्रोव स्कूल ने 10वीं सोलन जिला शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित की। यह प्रतियोगिता सोलन जिला राइफल एसोसिएशन और श्री बालाजी गन फायर शूटिंग अकादमी सोलन द्वारा 23 से 25 मई तक आयोजित की गई।

धर्मपुर और सुबाथू दोनों विद्यालयों से कुल 56 निशानेबाजों ने भाग लिया तथा पाइनग्रोव ने 'ओवरऑल चैंपियन' का खिताब हासिल करते हुए 47 पदक अर्जित किए जिनमें 20 स्वर्ण, 16 रजत और 11 कांस्य पदक शामिल हैं।

चार श्रेणियों एयर राइफल महिला सीनियर/जूनियर व यूथ तथा एयर पिस्टल महिला यूथ में 'क्लीन स्वीप' कर स्कूल ने अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराया। राजवंश सिंह ने 592/600 के शानदार स्कोर के साथ अब तक का सर्वोच्च स्कोर बनाते हुए नया इतिहास रचा तथा एयर राइफल मेन आईएसएसएफ, जूनियर मेन आईएसएसएफ और यूथ मेन में तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए। (अनंत ज्ञान)



चैंपियनशिप में हिस्सा लेते स्कूल के छात्र।